CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 23°C

लखनऊ, बुधवार 9 जुलाई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 248 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 13 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में महिला आर्थिक सशक्तिकरण करेगा महिला सशक्तिकरण का मूल्यांकन पेज 2



टी-20 गेंदबाजों की सूची में शीर्ष स्थान के करीब पहुंची दीप्ति शर्मा खेल टाइम्स



ई-डीएनए की मदद से हवा में बिखरे जीवन की पहचान सम्पादकीय



संयुक्त राष्ट्र में अफगानिस्तान पर प्रस्ताव के मतदान से अलग रहा भारत पेज 12

## पुलवामा अटैक के लिए विस्फोटक अमेजन से खरीदा गया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में इस्तेमाल हुआ विस्फोटक ई- कॉमर्स वेबसाइट अमेजन से खरीदा गया था। दुनियाभर में आतंकी फंडिंग पर नजर रखने वाली संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। एफएटीएफ ने इस रिपोर्ट में 2022 में यूपी के गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर पर हुए हमले का भी जिक्र किया है।

यहां हमलावर आतंकी को ऑनलाइन मनी ट्रांसफर प्लेटफॉर्म पेपल के जरिये पैसे दिए गए थे। इन दोनों मामलों को उदाहरण के तौर पर पेश करते हुए संगठन ने आगाह किया है कि ई-कॉमर्स और डिजिटल भुगतान सेवाएं अगर गलत हाथों में जाएं, तो वे आतंक को बढ़ावा देने का माध्यम बन सकती हैं। एफएटीएफ की इस रिपोर्ट का नाम 'कॉम्प्रिहेंसिव अपडेट ऑन टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क' है। 131 पेज की यह रिपोर्ट बताती है कि कैसे आतंकवाद की फंडिंग के तरीके बदल रहे हैं। रिपोर्ट में यह बताया गया है कि आतंकी संगठन अब पारंपरिक फंडिंग तरीकों के साथ-साथ डिजिटल माध्यमों जैसे ऑनलाइन पेमेंट, गेमिंग प्लेटफॉर्म्स, सोशल मीडिया और ई-कॉमर्स साइट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आतंकवाद से जुड़ी फंडिंग (टीएफ) की रणनीतियां एक जैसी नहीं होतीं, बल्कि अलग-अलग जगहों पर, अलग परिस्थितियों के हिसाब से अलग तरीके अपनाए जाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि बहुत से देशों में आतंकवाद की फंडिंग को समझने और रोकने की क्षमता में अब भी बड़ी कमियां हैं और अगर इन्हें समय पर ठीक नहीं किया गया, तो आतंकी संगठन मौजूदा कमजोरियों का फायदा उठाते रहेंगे। इसमें यह बताया गया है कि किस तरह आतंकी संगठन अंतर्राष्ट्रीय फाइनेंशियल सिस्टम का इस्तेमाल अपनी गतिविधियों को जारी रखने और हमले करने के लिए करते हैं। एफएटीएफ ने दुनियाभर की सरकारों और डिजिटल कंपनियों को चेतावनी दी है कि वे इन प्लेटफॉर्म्स के दुरुपयोग को रोकने के लिए ठोस उपाय करें, क्योंकि ये अब आतंकी संगठनों के लिए एक नया और प्रभावशाली जरिया बनते जा रहे हैं।



फाइल फोटो

**FATF की रिपोर्ट में खुलासा, गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने वाले आतंकी को PayPal से हुआ था पेमेंट**

## क्रिकेटर यश दयाल पर यौन शोषण का मामला दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**गाजियाबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और उप्र के तेज गेंदबाज यश दयाल पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 के तहत यौन शोषण, शारीरिक हिंसा, मानसिक उत्पीड़न और शादी का झूठा वादा कर धोखाधड़ी करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

उप्र के गाजियाबाद के इंदिरापुरम पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। गाजियाबाद की एक महिला द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में दयाल के साथ उसके पांच साल के रिश्ते का जिक्र है। उसके अनुसार, क्रिकेटर ने उसे गुमराह करके यह विश्वास दिलाया कि वह उनसे शादी करेंगे और यहां तक कि उसे -शेष पृष्ठ दो पर



### यूपी की शिक्षा मंत्री गुलाब देवी का हापुड़ में एक्सीडेंट सिर में गंभीर चोट

**हापुड़।** यूपी की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी (70 साल) का मंगलवार को हापुड़ में एक्सीडेंट हो गया। उनकी एक्सयूवी पुलिस जीप से टकरा गई। सिर में चोट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हुई हैं। वहीं, ड्राइवर सतबीर के हाथ में चोट लगी है। हादसे के बाद मंत्री की गाड़ी में लगे एयरबैग नहीं खुले। मंत्री और ड्राइवर को रामा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। डीएम अभिषेक पांडे और एसपी ज्ञानंजय सिंह मौके पर पहुंचे। सीएमओ डाक्टर सुनील त्यागी की टीम मंत्री का इलाज कर रही है। मंत्री के सिर की एमआरआई कराई जा रही है।

### ट्रेड यूनियन्स का दावा 25 करोड़ कर्मचारी आज हड़ताल पर

**नई दिल्ली।** बैंक, बीमा, डाक, कोयला खनन, हाईवे, निर्माण, और कई राज्यों में सरकारी परिवहन जैसी अहम सेवाएं बुधवार (आज) 9 जुलाई को प्रभावित हो सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और उनके सहयोगी संगठनों का दावा है कि देशभर में बुधवार को 25 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। ट्रेड यूनियंस निजीकरण और 4 नए लेबर कोड्स के विरोध में हैं। ये केंद्र की उन नीतियों का विरोध कर रही हैं, जिन्हें वे मजदूर-विरोधी, किसान-विरोधी और कॉर्पोरेट समर्थक मानती हैं। पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे के मुताबिक देश में पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर में 56 करोड़ कर्मचारी है। इसमें इनफॉर्मल सेक्टर में 50 करोड़ और फॉर्मल सेक्टर में 6 करोड़ कर्मचारी है। फॉर्मल सेक्टर मतलब वो नौकरियां या बिजनेस जहां सब कुछ साफ-साफ और नियमों के तहत होता है।

### निष्क्रिय जन धन खाते नहीं होंगे बंद: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले वित्तीय सेवा विभाग ने स्पष्ट किया है कि उसने बैंकों को निष्क्रिय पड़े प्रधानमंत्री जन धन योजना खातों को बंद करने के संबंध में कोई निर्देश नहीं दिया है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक वक्तव्य जारी कर मीडिया में आई उन खबरों का खंडन किया जिनमें बैंकों को निष्क्रिय पड़े प्रधानमंत्री जन धन योजना खातों को बंद करने का निर्देश देने की बात कही गई है। वित्तीय सेवा विभाग ने स्पष्ट किया है कि उसने बैंकों को इस तरह का निर्देश नहीं दिया है।

### उत्तरकाशी में भूकंप के हल्के झटके

**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में मंगलवार अपराह्न भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। इस दौरान, किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र और भूकंप एप से मिली जानकारी के अनुसार भूकंप का केंद्र तहसील मोरी क्षेत्र के ग्राम जखोल के जंगलों में था। इसकी तीव्रता 3.2 मैग्नीट्यूड और गहराई पांच किलोमीटर दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र 31.22 उत्तरी अक्षांश और 78.22 पूर्वी देशांतर पर स्थित था।

# ट्रम्प की टैरिफ स्ट्राइक, 14 देशों को झटका, भारत सुरक्षित

### जापान व स. कोरिया पर 25%, म्यांमार पर 40% टैरिफ, एक अगस्त से होगा लागू

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को बांग्लादेश- जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया है। ट्रम्प प्रशासन ने सोमवार को सभी प्रभावित देशों को औपचारिक रूप से लेटर भेजकर इस निर्णय की जानकारी दी। टैरिफ बढ़ाने के दायरे में भारत शामिल नहीं है।

इस फैसले के तहत कुछ देशों पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाया गया है, जबकि कुछ पर 30प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक का भारी शुल्क लगाया गया है। दक्षिण कोरिया और जापान के नेताओं को ट्रम्प ने सबसे पहले लेटर भेजा और कहा कि उनके देश से आने वाले सामान पर अब 25 प्रतिशत शुल्क लगेगा। उन्होंने लिखा कि ये टैक्स इसलिए जरूरी हैं, ताकि अमेरिका और इन देशों के बीच व्यापार में जो असंतुलन है, उसे सुधारा जा सके। ये टैरिफ एक अगस्त से लागू होंगे। इसके साथ ही ट्रम्प ने एक अगस्त से ग्लोबल टैरिफ लगाने की घोषणा की। पहले ट्रम्प 9 जुलाई को इसका ऐलान करने वाले थे। ट्रम्प ने अप्रैल में पहली बार सभी अमेरिकी आयात पर 10 प्रतिशत बेसलाइन टैक्स और 60 देशों पर अलग-अलग टैक्स लगाने की बात की थी। उस घोषणा के बाद दुनियाभर के शेयर और बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल मच गई थी, इसलिए उन्होंने टैरिफ को कुछ समय के लिए टाल दिया था और देशों को अमेरिका के साथ नई डील करने का मौका दिया था। पहले उन्हें 8 जुलाई तक का वक्त दिया गया था, ताकि 9 जुलाई से नए टैरिफ -शेष पृष्ठ दो पर



**भारत, यूरोपीय यूनियन के साथ ट्रेड डील जल्द जापान- साउथ कोरिया से नहीं हुई ट्रेड डील**

**ट्रम्प बोले- यूएस, भारत के साथ डील करने के करीब, भारत व अमेरिका वाशिंगटन में वार्ता कर रहे**

## ड्रीमलाइनर क्रैश: 26 दिन बाद आई शुरुआती जांच रिपोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) ने अहमदाबाद विमान हादसे के 26 दिन बाद प्राइमरी जांच रिपोर्ट मंगलवार को केंद्र सरकार को सौंपी। प्राइमरी रिपोर्ट शुरुआती जांच में मिले सबूतों और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर तैयार की गई है।

इससे पहले 28 जून को केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया था कि विमान हादसे की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है, जिसमें साजिश (सैबोटाज) की संभावना को भी खंगाला जा रहा है। वहीं, 3 महीने में विस्तृत जांच रिपोर्ट आ सकती है। 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा था कि हादसे की वजह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह इंजन फेलियर, फ्यूल सप्लाई की समस्या या कोई तकनीकी गड़बड़ी की वजह से हुआ। ब्लैक बॉक्स भारत में ही है, उसे विदेश नहीं भेजा जाएगा। इसमें मौजूद सीवीआर और एफडीआर की जांच की जा रही है। विस्तृत 3 महीने में रिपोर्ट आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि डीजीसीए (नागर विमानन महानिदेशालय) के आदेश पर एयर इंडिया के सभी 33 ड्रीमलाइनर विमानों की जांच कर ली गई है और सब कुछ सुरक्षित पाया गया है। ये हादसा एक अपवाद था, अब लोग बिना डर के यात्रा कर सकते हैं। एएआईबी इसकी हर एंगल से जांच कर रहा है। सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं और कई एजेंसियां मिलकर जांच में जुटी हैं। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 171 ने 12 जून को दोपहर 1.38 बजे उड़ान भरी थी और 1.40 बजे हादसा हो गया। उस समय प्लेन 200 फीट की ऊंचाई पर था। एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर प्लेन हादसे की जांच में संयुक्त राष्ट्र शामिल होगा। संयुक्त राष्ट्र की विमानन संस्था आईसीएओ (इंटरनेशनल सिविल -शेष पृष्ठ दो पर



**एएआईबी ने सरकार को सौंपी, विस्तृत रिपोर्ट तीन महीने में आने की संभावना**

## खेमका हत्याकांड: शूटर देने वाला अपराधी मारा गया

**पटना।** बिहार के बड़े कारोबारी और मगध अस्पताल के मालिक गोपाल खेमका की हत्या से जुड़ा संदिग्ध अपराधी पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि सोमवार को पुलिस ने खेमका हत्याकांड के शूटर उमेश उर्फ विजय को मालसलामी इलाके से गिरफ्तार किया था।

गोपाल खेमका की हत्या से जुड़े एक संदिग्ध विकास उर्फ राजा को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस मंगलवार को जब मालसलामी थाना क्षेत्र स्थित उसके घर पर पहुंची, तभी उसने पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। पुलिस ने भी अपनी सुरक्षा में गोली चलाई और इस मुठभेड़ में राजा मारा गया। शूटर उमेश को राजा ने हथियार उपलब्ध कराया था। पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि राजा पर पहले से कई मामले दर्ज थे। कई हत्याओं में उसका नाम शामिल है।

### देश में अब तक 254 एमएम बारिश, 15 प्रतिशत ज्यादा

**नई दिल्ली।** देशभर में दक्षिण-पश्चिम मानसून जमकर बरस रहा है। मानसून सीजन में अब तक सामान्य से 15 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। इस समय तक 221.6 एमएम बारिश होनी थी, लेकिन 254एमएम हो चुकी है। मध्य प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से बालाघाट, मंडला, सिवनी, इटारसी और कटनी समेत कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। अनूपपुर में पुल टूटने से कार बह गई।

## छांगुर बाबा की आलीशान कोठी जमींदोज

बलरामपुर, वार्ता

**उप्र के बलरामपुर** जिला प्रशासन ने अवैध धर्मांतरण कांड के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की कोठी को बुल्डोजर से नेस्तानाबूद कर दिया।

जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने मंगलवार को बताया कि धर्मांतरण समेत कई काले कारनामों का मास्टमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की उतरौला तहसील में तीन बीघे में बनी करोड़ों की आलीशान कोठी को बुलडोजर से गिराया जा रहा है। जमालुद्दीन को आंतक निरोधक दस्ता (एटीएस) ने गिरफ्तार किया था। जांचोपरांत आरोपी पाए गए स्वयंभू पीर की संपत्तियों पर शिकंजा कसने के साथ छांगुर बाबा की सभी चल-अचल संपत्तियों का विवरण तत्काल उपलब कराया गया, जिसमें कई संपत्तियां नगर क्षेत्र और देहात में उसके और रिश्तेदारों के नाम पर मिली है। उनकी -शेष पृष्ठ दो पर



### अवैध धर्मांतरण के आरोपियों की संपत्ति होगी जब्त: योगी

**लखनऊ।** धर्मांतरण के आरोपी जमालउद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की गतिविधियों को राष्ट्र विरोधी बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आरोपी और उसके गिरोह से जुड़े सभी अपराधियों की संपत्तियां जब्त की जाएंगी और उन्हें ऐसी सजा दिलाई जाएगी, जो समाज के लिए उदाहरण प्रस्तुत करेगा। योगी ने एक्स पर पोस्ट किया कि हमारी सरकार बहन-बेटियों की गरिमा और सुरक्षा के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध है।

## पूर्व आईजी विमला व कर्नल नेगी बने उत्तराखंड में रिवर्स पलायन की नजीर

मौ. फहीम 'तन्हा'

**देहरादून।** उत्तराखंड के पर्वतीय गांव दशकों से पलायन की मार झेलते आ रहे हैं, लेकिन अब वहीं से एक नई कहानी जन्म ले रही है। एक रिवर्स पलायन की कहानी। जहां रिटायरमेंट का अर्थ विश्राम नहीं, बल्कि गांव के लिए समर्पण और पुनर्निर्माण बन चुका है।

पूर्व पुलिस महानिरीक्षक विमला गुंज्याल और पूर्व कर्नल यशपाल सिंह नेगी दो नाम, दो पृष्ठभूमियां, लेकिन एक ही ध्येय: अपने गांव को फिर से जीवंत बनाना। विमला गुंज्याल, जिन्होंने राज्य और देश के लिए सुरक्षा सेवा में 30 वर्षों से अधिक का समय दिया, अब सीमांत गांव गुंजी (पिथौरागढ़) की निर्विरोध ग्राम प्रधान बनी हैं। वहीं, सेना से रिटायर हुए कर्नल यशपाल सिंह नेगी ने बिरगण (पौड़ी) गांव का नेतृत्व संभाला है। उनकी जीत केवल एक चुनावी परिणाम नहीं है, बल्कि यह दर्शाता है कि अब गांवों में योग्य नेतृत्व की वापसी हो रही है।

**सेवानिवृत्ति नहीं सेवा का नया अध्याय जब रिटायरमेंट बना नई शुरुआत का रास्ता**

### गांवों में लौट रहा विश्वास, बनाना होगा टिकाऊ समाधान

यह बदलाव सिर्फ नेतृत्व का नहीं, सोच का भी है। गांव जिन्हें कभी पीछे छोड़ दिया गया था, अब उन्हें 'सपनों का क्षेत्र' बनाने का प्रयास शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि त्रगुंज्याल और नेगी जैसे लोग गांव लौटकर जिस तरह से नेतृत्व कर रहे हैं, वह रिवर्स पलायन की एक मिसाल है। राज्य सरकार ऐसे प्रयासों को हर संभव सहयोग देगी। गुंजी और बिरगण को अब मॉडल ग्राम पंचायतों के रूप में विकसित करने की योजना है। बुनियादी ढांचे से लेकर डिजिटल कनेक्टिविटी, आजीविका से लेकर जैविक खेती तक, नई दिशा में काम शुरू हो चुका है। बिमला गुंज्याल बताती हैं कि गांव की महिलाओं के लिए स्वरोजगार कार्यक्रम, बच्चों के लिए ऑनलाइन शिक्षा, और बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य शिविर जैसे अहम काम उनकी प्राथमिकताओं में हैं। उनका कहना है कि मुझे लगा अब मेरी जरूरत गांव में है। यहां के बच्चों, महिलाओं, किसानों के लिए कुछ ठोस करना है। कर्नल नेगी का फोकस बागवानी और सेना से जुड़े युवाओं को प्रेरित करने पर है। गांव लौटे शिक्षित और अनुभवी लोगों को स्थानीय शासन में लाना, पहाड़ों की सबसे बड़ी ज़रूरत बन गया है। इससे न सिर्फ -शेष पृष्ठ दो पर

## हज-2026 के लिए आवेदन शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** हज 2026 के लिए आवेदन मंगलवार से शुरू किया गया और ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने कहा कि हज 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है।

हज यात्रा पर जाने वाले इच्छुक यात्री हज पोर्टल एचटीटीपीएस:// हजकमेटी डॉटजीओवीडॉटआईएन या 'हज सुविधा' मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन विंडो मंगलवार से 31 जुलाई रात 11:59 बजे तक खुली रहेगी। आवेदन की अंतिम तिथि को या उससे पहले जारी किया गया पासपोर्ट होना अनिवार्य है और यह कम से कम 31 दिसम्बर 2026 तक वैध होना चाहिए। हज समिति आवेदकों को आवेदन करने से पहले अपनी तैयारियों पर सावधानीपूर्वक विचार करने की सलाह दी है।

**ऑनलाइन आवेदन विंडो 31 जुलाई रात 11:59 बजे तक खुली रहेगी**

## संक्षिप्त समाचार

### मनरेगा के जरिए रोपे जाएंगे साढ़े बारह करोड़ पौधे

**लखनऊ( ब्यूरो )।** उत्तर प्रदेश में मनरेगा योजना के माध्यम से साढ़े बारह करोड़ से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस बार अभियान 'एक पेड़ मां के नाम 2-0' थीम पर आधारित होगा। पूरे प्रदेश में लखीमपुर खीरी को इस अभियान में सबसे बड़ा लक्ष्य मिला है। यहां 42 लाख पौधे लगाने की योजना बनाई गई है। इसके बाद सोनभद्र को दूसरा और हरदोई को तीसरा सबसे बड़ा लक्ष्य सौंपा गया है। इन जिलों में जलवायु और जमीन की उपलब्धता के अनुसार विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे जाएंगे। अधिकृत सूत्रों ने बतायाकि मनरेगा के अंतर्गत पौधरोपण के लिए प्रदेश में 1.89 लाख से अधिक स्थलों का चयन किया गया है। इन स्थलों को चिन्हित कर वहां की भौगोलिक और पर्यावरणीय स्थिति के अनुरूप पौधों का रोपण सुनिश्चित किया जाएगा।

### कश्मीर की पर्यटन क्षमता सुंदर परिदृश्यों तक ही सीमित नहीं

**श्रीनगर।** केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मंगलवार को कहा कि कश्मीर की पर्यटन क्षमता यहां के सुंदर और मनोहारी परिदृश्यों से कहीं आगे तक फैली हुई है। श्री शेखावत ने आज यहां पर्यटन सचिवों की बैठक के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि कश्मीर के बारे में आम धारणा काफी हद तक श्रीनगर, डल झील, गुलमर्ग, सोनमर्ग और पहलगाम जैसे प्रतिष्ठित स्थलों तक ही सीमित है। उन्होंने जम्मू -कश्मीर पर्यटन विभाग और अन्य केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों से संस्कृति-संचालित पर्यटन के जरिए अलग वैश्विक पहचान बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रमों का वर्ष भर चलने वाला कैलेंडर तैयार करने का भी आग्रह किया।

# डब्ल्यूईई इंडेक्स करेगा महिला सशक्तिकरण का मूल्यांकन

## सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में फैसला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में महिला आर्थिक सशक्तिकरण सूचकांक (डब्ल्यूईई इंडेक्स) की प्रस्तुति की गई। यह सूचकांक योजना विभाग द्वारा उदयती फाउंडेशन के सहयोग से तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य यह है कि राज्य की योजनाओं और कार्यक्रमों से महिलाओं को कितना लाभ मिल रहा है, इसका सटीक मूल्यांकन किया जा सके और सुधार के लिए दिशा तय की जा सके। मुख्यमंत्री ने इसे 'नारी गरिमा और आत्मनिर्भरता की दिशा में उत्तर प्रदेश का एक ऐतिहासिक कदम' बताया। इस सूचकांक में पांच प्रमुख विषयों, उद्यमिता, रोजगार, शिक्षा और कौशल, आजीविका तथा सुरक्षा और आवागमन से जुड़ी सुविधाओं के आधार पर प्रदेश के सभी 75 जिलों का मूल्यांकन किया गया है। यह सूचकांक यह बताता है कि किस जिले में महिलाओं को योजनाओं का लाभ मिला और कहां अभी और प्रयासों की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने निर्देश



दिए कि यह सूचकांक मुख्यमंत्री नियंत्रण कक्ष से जोड़ा जाए और सभी संबंधित विभाग इसे नीति निर्माण और निगरानी के एक महत्वपूर्ण आधार के रूप में अपनाएं। प्रत्येक विभाग को निर्देशित किया गया कि वे इस सूचकांक के आधार पर अपने-अपने कार्यक्षेत्र में महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए ठोस कार्य योजनाएं बनाएं। प्रस्तुति में यह भी सामने आया कि कई योजनाओं में कुछ जनपदों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि कुछ जिलों में महिलाओं की भागीदारी अपेक्षाकृत कम रही। उदाहरण के लिए, लखनऊ, कानपुर नगर, वाराणसी जैसे जिलों में योजनाओं का लाभ महिलाओं तक बेहतर ढंग से पहुंचा है, जबकि श्रावस्ती, संभल, महोबा, बलरामपुर और सिद्धार्थनगर जैसे जनपदों में विशेष प्रयासों की आवश्यकता महसूस की गई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ओडीओपी मार्जिन मनी योजना के अंतर्गत महिलाओं को लाभान्वित करने के लिए बांदा, जालौन, जौनपुर, महोबा, श्रावस्ती और सीतापुर सहित सभी जनपदों में विशेष अभियान चलाया जाए। जिन जनपदों में अभी तक महिलाओं को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाया है, वहां विशेष प्रयत्न किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि होमगार्ड एवं शिक्षकों की नई भर्तियों में पुलिस भर्ती की तर्ज पर महिलाओं को वरीयता दी जाए। राज्य सरकार का यह दायित्व है कि महिलाओं को न सिर्फ सम्मान मिले, बल्कि उन्हें सुरक्षा बलों और शासन-प्रशासन की संरचनाओं में भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व प्राप्त हो। यह भी निर्देश दिए गए कि तकनीकी संस्थानों, कौशल प्रशिक्षण केंद्रों और व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु विशेष कार्यक्रम चलाए जाएं।

# कांवड़ यात्रा मार्गों पर रहेगा उजाला

## ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पत्रकारों को दी जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पवित्र श्रावण मास में कांवड़ यात्रा और सुगम और निर्बाध बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए-के- शर्मा ने मंगलवार को यहां पत्रकारों को बताया कि सरकार का प्रयास है कि यह यात्रा श्रद्धा, सुरक्षा और स्वच्छता के साथ संपन्न हो।

इस संबंध में ऊर्जा और नगर विकास विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की गई है। उन्होंने बताया कि ऊर्जा विभाग को निर्देशित किया गया है कि कांवड़ यात्रा मार्गों पर विशेष रूप से रात में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, क्योंकि अधिकतर श्रद्धालु रात्रिकाल में यात्रा करते हैं। पूर्व वर्षों में कुछ स्थानों पर ऊंचे डीजे के बिजली तारों से टकराने की घटनाएं हुई थीं। इस पर नियंत्रण के लिए निर्देश दिए गए हैं कि यात्रा मार्गों पर केवल निर्धारित ऊंचाई वाले डीजे वाहन ही चलें। श्री शर्मा ने बताया कि साथ ही खुले ट्रांसफार्मरों के चारों ओर बाउंड्री बनाने तथा बिजली के खंभों को इंसुलेट करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका समाप्त हो। उन्होंने बताया कि नगर विकास विभाग को निर्देशित किया गया है कि यात्रा मार्गों पर सभी स्ट्रीट लाइट्स को ठीक कराया जाए तथा संपूर्ण मार्ग को गड्ढा मुक्त किया जाए। सभी पॉटहोल्स को समय रहते भर दिया जाए ताकि यात्रा सुगम हो सके। यात्रियों के ठहरने के लिए पंडालों में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और स्वच्छता के लिए कूड़ा निस्तारण की पर्याप्त व्यवस्था हो। साथ ही यात्रा मार्गों पर मोबाइल टॉयलेट लगाए जाएं। नगर विकास मंत्री ने बताया कि महाकुंभ जैसे आयोजनों से प्रेरणा लेते हुए कांवड़ यात्रा मार्गों पर होर्डिंग के माध्यम से श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाएगा और इसे एक 'स्वच्छ त्योहार' के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया है।

# यूपी के हर जिले में अन्नपूर्णा भवनों का होगा निर्माण

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ लगभग दो हजार भवनों का निर्माण जारी

**लखनऊ।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी, सशक्त और जनोन्मुखी बनाने के लिए उत्तर प्रदेश के हर जिले में अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण किया जाएगा।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान प्रत्येक जिले में मॉडल के रूप में 75 अन्नपूर्णा भवन बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसी क्रम में प्रदेश में अब तक तीन हजार 534 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण पूर्ण हो चुका है और लगभग दो हजार भवनों का कार्य निर्माणाधीन है। सरकार द्वारा मॉडल उचित दर दुकानों/अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण में गति लाने के लिए राजकोषीय बचत से भी अन्नपूर्णा भवनों के निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि अब मनरेगा के अलावा राज्य वित आयोग, सांसद निधि, विधायक निधि, पूर्वान्चल विकास निधि, बुन्देलखण्ड विकास निधि अथवा अन्य किसी राज्य या केन्द्र सरकार की योजना, जिसमें इनका निर्माण अनुमन्य है, अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा सकेगा। जहां इन योजनाओं के माध्यम से धनराशि की उपलब्धता नहीं हो सकेगी, वहां खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा बचत से धनराशि की व्यवस्था की जाएगी। इस प्रकार प्रति जिला 75-100 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण प्रति वर्ष कराया जा सकेगा। इसके अलावा इस भवनों के अनुरक्षण इत्यादि की व्यवस्था का भी प्राविधान किया गया है। योगी की अध्यक्षता में बीते दिनों हुए कैबिनेट बैठक में इस पर मुहर भी लगा दी गई है। अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण में कई निधियों से धनराशि का प्रावधान किया जाना है।

## अमेरिकी कंपनी उड़ाकर ले गई करोड़ों रुपये: कांग्रेस

# सेबी की नाक के नीचे हो रहे घपले ही घपले

नई दिल्ली, वार्ता

**कांग्रेस** ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार में प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) जैसी महत्वपूर्ण संस्था भी शिथिल पड़ गई है और उसकी नाक के नीचे हो रहे घोटालों से आम निवेशकों को जबरदस्त चूना लग रहा है लेकिन वह अपने दायित्वों का ठीक तरह से निर्वहन नहीं कर पा रही है।

कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने आज यहां पार्टी के नये मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सेबी की नाक के नीचे एक बड़ा घोटाला हुआ है। घोटाला करने वाली कंपनी एक बार नहीं बार-बार घोटाले करती रही और देश के नागरिकों की गाढ़ी कमाई लेकर अपने देश भाग गई लेकिन सेबी ने समय रहते इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,



■ कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि घोटाला करने वाली कंपनी देश के नागरिकों की गाढ़ी कमाई लेकर अपने देश भाग गई, लेकिन सेबी ने समय रहते इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की

गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बताना चाहिए कि जो कंपनी बार-बार घोटाला करती रही है उसको लेकर सरकार की नींद क्यों नहीं खुली। उन्होंने कहा कि देश में तमाम संस्थाएं ऐसी हैं, जो मोदी सरकार में लगातार धराशाई होती जा रही हैं। इसमें सबसे आगे सेबी का नाम है जिसकी नाक के नीचे घोटाले-घपले होते हैं और आम निवेशकों को चूना लगाकर लूटा गया है लेकिन सरकार की नींद ही नहीं खुली। जो कंपनी जनता को चूना लगा रही है उसको देखा क्यों नहीं गया, उसकी निगरानी क्यों नहीं हुई। कंपनी ने अवैध मुनाफे के 48 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा बाहर भेज दिए लेकिन सरकार की तरफ से उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यह सबसे बड़ा सवाल है कि जब देश से पैसा बाहर जा रहा था तो कंपनी के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। प्रवक्ता ने कहा कि एक कंपनी देश में आती है, पैसा बनाती है और देश की जनता का पैसा लूटकर वापस चली जाती है। कमाल तो यह है कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी इसको लेकर बार- बार चेतावनी देते रहे लेकिन सरकार ने कई साल तक इसकी सुध नहीं ली और अब हजारों करोड़ रुपए देश से घोटाला कर बाहर चले गए हैं और उसकी एवज में जो वसूली की गई वह बहुत कम है। उन्होंने कहा कि अल्गो ट्रेड ऑपरेटर अमेरिका की कंपनी है, जो कि भारत के शेयर बाजार और डेरिवेटिव मार्केट में एकसाथ ऑपरेट कर रही थी और अवैध मुनाफा कमा रही थी।

### बिहार में खत्म हो गई कानून-व्यवस्था: खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बिहार की नीतीश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि राज्य में शासन नाम की कोई चीज नहीं रह गई है और अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि खुलेआम हत्याएं की जा रही है और पुलिसकर्मियों पर हमला किया जा रहा है। श्री खड़गे ने आज कहा कि जनता दल यू और भाजपा सरकार में बिहार अपराध की राजधानी बन गया है और अपराधियों के हौसले बढ़ गए हैं। बिहार में अपराधों की बाढ़ को देखते हुए वहां निवेश नहीं हो रहा है और बिहार बदहाल हो रहा है इसलिए वहां इस बार बड़ा बदलाव होना तय है। उन्होंने कहा कि बिहार में अवसरवादी डबल इंजन सरकार ने कानून व्यवस्था तबाह कर दी है। पिछले छह माह में आठ कारोबारियों की हत्या और पांच बार पुलिसकर्मियों की पिटाई की घटनाएं हुई है।



**सेंसेक्स** 83712.51
**निफ्टी** 25522.50



**सोना रु.** 97195
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 107690
प्रति किलो



# अमेरिकी समझौते की उम्मीद से बाजार में तेजी

मंबई, वार्ता

**स्थानीय** शेयर बाजारों में मंगलवार को भारत-अमेरिका के बीच एक लघु व्यापार समझौते की उम्मीद के बीच आखिरी दौर के कारोबार में खास कर बैंकिंग, वित्तीय और बिजली क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों को लिवाली के समर्थन से प्रमुख सूचकांकों में हल्का सुधार दर्ज किया गया।

सोमवार की तरह आज भी सीमित और सावधानी भरे कारोबार के कारण बाजार सुस्त चल चल रहा था और प्रमुख सूचकांक पिछले स्तर पर बने हुए थे। आखिरी समय में लिवाली का समर्थन बढ़ गया था। आखिरी दौर की लिवाली के समर्थन से बीएसई संसेक्स 270.01 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,712.51अंक



पर तथा नेशलन स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 भी इसी तहर दिन में अधिकांश समय गिरावट में रहने के बाद अंत में 61.20 अंक यानी 0.24 प्रतिशत की हल्की बढ़त के साथ 25,522.50 पर बंद हुआ। वैश्विक अनिश्चितताओं और स्थानीय स्तर पर किसी ठोक संकेत के अभाव में बाजारों में अब भी नरमी का रुख बरकार है। बीएएसई सेंसेक्स कल 83,442.50 पर बंद हुआ था। बाजार आज 83,387.03 पर नरमी के साथ खुला था और कारोबार के दौरान सेंसेक्स ऊपर में 83,812.31 और नीचे में 83,320.95 तक गया था। एनएसई 25,427.85 पर खुलने के बाद ऊपर में 25,548.05 और नीचे में 25,424.15 तक गया था। एनएसई के व्यापक बाजार में कुल 3023 कंपनियों के शेयरों का लेन-देन दर्ज किया गया। इनमें 1352 लाभ में और 1564 घाटे में बंद हुए 108 शेयरों में स्थिरता रही। बीएसई संसेक्स के 30 में से 18 शेयर 0.22 प्रतिशत से 3.61 प्रतिशत तक लाभ में रहे। सबसे अधिक लाभ कोटक बैंक बैंक में हुआ जबकि आईटीसी लाभ वाले शेयरों में सबसे नीचे रहा।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंसियल सर्विसेज के शोध,धन प्रबंधन प्रभाग के प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि आज के सत्र के अधिकांश समय बाजार में मंदी रही, लेकिन ऐसी रिपोर्टों के बीच कि भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित एक छोटे व्यापार सौदे की आज घोषणा की जा सकती है, आखिरी दौर में सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा बंगलादेश पर 35 प्रतिशत आयात शुल्क लगाए जाने की घोषणा के बाद कपड़ा शेयरों में तेजी आई।

## सोना महंगा होकर 97,195 पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोने-चांदी के दाम में तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 599 रुपए बढ़कर 97,195 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। कल इसका दाम 96,596 रुपए पर था। वहीं चांदी की कीमत 1,159 रुपए बढ़कर 1,07,690 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। कल चांदी का दाम 1,06,531 रुपए किलो था। 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,990 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,840 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,600 रही। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,840 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,600 थी, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,840 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,600 रही। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इजराइल और ईरान के बीच तनातनी से गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है।

# धान का रकबा बढ़ा, दलहन तिलहन के रकबे में दिखाई दी तेजी

नई दिल्ली, वार्ता

देश में इस साल खरीफ सीजन की प्रमुख फसलों की बुवाई में सरकारी आंकड़ों के अनुसार तेजी देखी जा रही है। कृषि मंत्रालय से मंगलवार को प्राप्त अद्यतन आंकड़ों के अनुसार बीते साल की तुलना में इस साल खरीफ फसलों का रकबा 43.66 लाख हेक्टेयर अधिक है।

आंकड़ों के अनुसार धान का रकबा बीते साल की तुलना में 4.78 लाख हेक्टेयर बढ़ गया। खरीफ 2024-25 में अब तक धान का रकबा 64.52 लाख हेक्टेयर था जो इस समय 69.30 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है। दलहन का रकबा भी खासा बढ़ गया है। पिछले वर्ष दलहन की बिजाई 31.48 लाख हेक्टेयर में हुई थी पर अब इसका क्षेत्रफल बढ़ कर 42.57 लाख हेक्टेयर हो चुका है। धान और दलहन के अलावा मोटे अनाजों का रकबा 13.40 लाख हेक्टेयर और तिलहन का 13.31 लाख हेक्टेयर के साथ एक साल पहले इसी अवधि की तुलना में ज्यादा पर



चल रहा है। नगदी फसलों में ईख का रकबे में मामूली तेजी देखी गई है। पिछले साल इस समय तक 55.16 लाख हेक्टेयर में यह फसल लगी थी पर अब ये क्षेत्रफल बढ़कर 52-51 लाख हेक्टेयर हो गया है। कपास का रकबा भी 0.96 लाख हेक्टेयर बढ़ गया है। इस साल रागी, रामतिल, अरंडी और जूट के रकबे में मामूली गिरावट आई है ।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ट्रम्प की...** लागू हो सकें। अब ये डेडलाइन बढ़ाकर एक अगस्त कर दी गई है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा है कि ट्रम्प इस हफ्ते कई देशों के साथ ट्रेड डील का ऐलान कर सकते हैं। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील बहुत करीब पहुंच चुकी है। यूरोपीय यूनियन भी अमेरिका के साथ समझौता करने के काफी नजदीक है। इसके साथ ही पाकिस्तान, ताइवान और स्विट्जरलैंड जैसे दूसरे देश में अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने का रास्ता तलाश रहे हैं। अब तक अमेरिका ने सिर्फ ब्रिटेन और वियतनाम के साथ दो शुरुआती डील की हैं। हालांकि, इन समझौतों में ज्यादा जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। वियतनाम वाले सौदे में तो किसी भी पक्ष ने यह भी साफ नहीं किया कि वास्तव में किन बातों पर सहमति बनी है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका ने ब्रिटेन पर 10प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। इसके अलावा स्टील और एल्युमीनियम पर अलग से अमेरिका 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा। वहीं, ब्रिटेन, अमेरिकी सामानों पर 0 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। वहीं, अमेरिका ने वियतनाम पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। यानी कि वियनताम के सामान अमेरिका में 20 प्रतिशत ज्यादा कीमत पर बिकेंगे। वहीं, वियतनाम ने अमेरिकी सामानों पर 0 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। जापान और साउथ कोरिया अमेरिका के करीबी साथी हैं, लेकिन उनके साथ अमेरिका की ट्रेड डील नहीं हो पाई। इसकी वजह यह भी है कि दोनों देशों में चुनाव होने वाले हैं। साथ ही ट्रम्प इन दोनों देशों के सबसे अहम प्रोडक्ट्स जैसे कि कार, स्टील और इलेक्ट्रॉनिक्स पर अलग से ज्यादा टैरिफ लगाने की बात भी कर रहे हैं। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मेजबानी करते हुए पत्रकारों से भी बात की।

**क्रिकेटर यश...**अपने परिवार से भी मिलवाया, जिन्होंने कथित तौर पर उसे अपनी बहू के रूप में स्वीकार कर लिया। उसका दावा है कि इस कृत्य ने उसके विश्वास को और गहरा कर दिया और वह भावनात्मक रूप से कमजोर हो गई। एफआईआर में लिखा है कि पिछले पांच सालों से शिकायतकर्ता क्रिकेटर के साथ रिलेशनशिप में थी। उसने शादी का झूठा वादा करके उसका भावनात्मक, मानसिक और शारीरिक शोषण किया। धोखे का एहसास होने पर उसने विरोध किया, जिसके बाद उसे शारीरिक हिंसा और मानसिक शोषण का सामना करना पड़ा। शिकायतकर्ता ने दयाल पर वित्तीय शोषण का भी आरोप लगाया है और खुलासा किया है कि उसने अन्य महिलाओं के साथ भी इसी तरह के संबंध बनाए रखे। 14 जून को महिला हेल्पलाइन (181) से संपर्क करने के बावजूद, उसका दावा है कि स्थानीय पुलिस ने शुरू में कार्रवाई नहीं की। अब, उसने हस्तक्षेप की मांग करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय से संपर्क किया है।

**ड्रीमलाइनरः** एविएशन ऑर्गनाइजेशन) के एक विशेषज्ञ को ऑब्जर्वर के तौर पर शामिल होने की इजाजत भारत सरकार ने दे दी है। आईसीएओ ने जांच में शामिल होने की इजाजत मांगी थी। भारत ने पारदर्शिता के साथ जांच करने के इरादे से संयुक्त राष्ट्र को इसमें शामिल करने का फैसला लिया है। हादसे की जांच 13 जून से ही एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की टीम कर रही है। इसमें विमानन चिकित्सा विशेषज्ञ, एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) अफसर और अमेरिका की एनटीएसबी के प्रतिनिधि भी शामिल हैं।

**छांगुर बाबा...**जब्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है। एटीएस द्वारा आरोपी बाबा संग गिरफ्तार की गई नसरीन उर्फ नीलू की संपत्ति को भी जब्त किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बाबा के झांसे में धर्मांतरण कर फंसी नीतू भी धर्मांतरण में मददगार थी। यूपीएसटीएफ ने लखनऊ में करीब आठ माह पूर्व आरोपी बाबा के विरुद्ध मुकदमा कायम कराया था, जिसमें दस लोगों को नामजद किया गया था। इनमें कई आरोपियों को एटीएस गिरफ्तार कर चुकीं है। श्री अग्रवाल ने बताया कि 40 धार्मिक संस्थाओं की स्थापना के नाम पर बाबा को करीब सौ करोड़ रुपये की फंडिंग की गई। उन्होंने बताया कि प्रकाश में आए सीजीएम कोर्ट पर क्लर्क राजेश उपाध्याय और उसकी पत्नी संगीता पर भी कड़ी कार्यवाही की जा रही हैं। अवैध धर्मांतरण के गिरोह का नेटवर्क महाराष्ट्र तक फैला है। एटीएस की एफआईआर में मापुर उतरौला के जलालुद्दीन उर्फ झांगुर बाबा, महबूब, नीतू उर्फ नसरीन, नवीन उर्फ जलालुद्दीन के साथ ही मोहम्मद सवरोज, रशीद, गैंडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के रेहरामाफी निवासी शहाबुद्दीन, गोंडा के गानेपुर थाना क्षेत्र के रेतवागाड़ा निवासी रमजान, महाराष्ट्र के नागपुर शहर के मांगपुर निवासी ईदुल इस्लाम व एक अज्ञात का नाम शामिल हैं। एटीएस का दावा है कि आजमगढ़ में भी एक मुकदमा छांगुर के सहयोगियों पर दर्ज है। यही नहीं अब नामजद के अलावा आठ अन्य लोग भी आरोपित किए गए हैं। इस तरह 18 में चार की ही गिरफ्तारी हो पाई है। 14 लोगों की तलाश के लिए एटीएस ने अलग-अलग टीमें बनाई है, जो संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

**गांवों में...**विकास होगा, बल्कि पलायन भी रुकेगा। यह सिर्फ वापसी नहीं, क्रांति है। आईपीएस विमला गुंज्याल और कर्नल यशपाल सिंह नेगी की यह वापसी भावनात्मक भी है और रणनीतिक भी। यह बताता है कि पहाड़ केवल खूबसूरत नहीं, बल्कि संभावनाओं से भरे हुए हैं। बस उन्हें देखने और संवारने की ज़रूरत है। इन दोनों के कदमों से कई प्रवासी उत्तराखंडियों के मन में भी गांव लौटने की ललक जगी है।।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सतत विकास के हर क्षेत्र में यूपी ने की प्रगति: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश ने सतत विकास के हर क्षेत्र में ठोस प्रगति की है।

योगी ने यहां एक उच्चस्तरीय बैठक में वैश्विक मानकों पर आधारित सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के सापेक्ष उत्तर प्रदेश की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप प्रदेश ने सतत विकास के हर क्षेत्र में ठोस प्रगति की है। यह उपलब्धि केवल स्कोर का मामला नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने वाले परिवर्तन की पुष्टि



है। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2018-19 में 42 अंकों के साथ 'परफॉर्मर' श्रेणी में शामिल उत्तर प्रदेश ने 2023-24 तक 25 अंकों की वृद्धि के साथ 67 का स्कोर हासिल कर 'फ्रंट रनर' राज्यों की श्रेणी में प्रवेश किया है। 2018-19 में एसडीजी इंडेक्स में 29वें स्थान पर रहा उत्तर प्रदेश आज 2023-24 में 18वें स्थान पर आ गया है। यह प्रगति इस अवधि में किसी भी राज्य द्वारा प्राप्त सबसे बड़ी छलांग है। एसडीजी इंडिया इंडेक्स में किसी एक राज्य द्वारा किया गया यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। योगी ने कहा कि यह नीतिगत स्पष्टता, योजनाओं के ठोस क्रियान्वयन और व्यापक जनसहभागिता का परिणाम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाई गई योजनाएं, जैसे हर घर जल, हर घर बिजली, कन्या सुमंगला, पोषण अभियान, मुख्यमंत्री आरोग्य योजना, मिशन शक्ति, प्रधानमंत्री आवास योजना, मिशन कायाकल्प और ओडीओपी ने एसडीजी लक्ष्यों को जमीनी स्तर पर साकार करने में निर्णायक भूमिका निभाई है। इन योजनाओं के माध्यम से आम जन का जीवन बदला है और व्यवस्था में भरोसा बढ़ा है। उन्होंने इस अवसर पर बेटियों की शिक्षा और महिलाओं की सुरक्षा-सशक्तिकरण को लेकर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ महिला सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति जैसे अभियानों ने सामाजिक चेतना को नई दिशा दी है। स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर पहुंच और ग्रामीण इलाकों में पोषण संबंधी सुधारों का भी विशेष उल्लेख किया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सतत विकास लक्ष्यों को जमीनी स्तर पर मिशन मोड में लागू किया जाए। ग्राम पंचायतों तक हर योजना की जानकारी पहुंचे, और यह सुनिश्चित किया जाए कि अंतिम लाभार्थी तक उसका प्रभाव समय पर पहुंचे। उन्होंने यह भी कहा कि एसडीजी लक्ष्यों की प्राप्ति हर विभाग, हर जिले और हर पंचायत का साझा दायित्व है। योगी ने इस बात पर भी विशेष बल दिया कि वास्तविक प्रगति का आकलन तभी संभव होगा जब सही डेटा समय पर और सटीक रूप में संकलित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जिलों की एसडीजी प्रोफाइल बनाएं, उसे सार्वजनिक करें।

# 'संभव अभियान 4.0' से कुपोषण और एनीमिया पर कसा शिकंजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के संभव अभियान 4.0 ने कुपोषण और एनीमियापर प्रभावशाली शि. कंजा कस लिया है वहीं अभियान में श्रावस्ती ने शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि दूसरे स्थान पर वाराणसी और तीसरे स्थान पर उन्नाव है।

श्रावस्ती के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संभव अभियान 4.0 सिर्फ एक सरकारी कार्यक्रम ही नहीं बल्कि जनआंदोलन है, जिसने प्रदेश में कुपोषण और अल्पवजन बच्चों की निगरानी, स्क्रीनिंग, दवा वितरण और रेफरल के जरिये कुपोषण और एनीमिया को मात देने की दिशा में अहम भूमिका निभायी है। उन्होंने बताया कि संभव अभियान 4.0 को श्रावस्ती ने सफलतापूर्वक अमल. ीजामा पहनाकर पूरे प्रदेश में सबसे अधिक ओवर ऑल 83.57 प्रतिशत का स्कोर हासिल किया है। इसी के साथ श्रावस्ती संभव अभियान को सफल बनाने में पहले स्थान पर है। अभियान के विभिन्न इंडीकेटर के तहत में वर्ष 2024 में जीरो से 5 वर्ष के 98.8 बच्चों की माप, 117 प्रतिशत नामांकन, 83 प्रतिशत को दवा दी गई जबकि रिकवरी दर 71 प्रतिशत है।

श्रावस्ती को अभियान के ओवर ऑल सर्वोत्तम प्रदर्शन पर योगी सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। वाराणसी के जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार झा ने बताया कि संभव अभियान 4.0 को सफल बनाते हुए ओवर ऑल 83.22 प्रतिशत का स्कोर हासिल किया है। इसी के साथ वाराणसी ने संभव अभियान को सफल बनाने में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। अभियान के विभिन्न इंडीकेटर के तहत में वाराणसी में वर्ष 2024 में 98.8 प्रतिशत की पहचान और 129 प्रतिशत नामांकन किया गया। वहीं, रिकवरी दर 91 प्रतिशत है जबकि 55.3 प्रतिशत पूर्व उपचारित बच्चों का फॉलोअप लिया गया, जो स्थिर सेवाओं की मिशाल को पेश करता है। इसी तरह उन्नाव ने संभव अभियान 4.0 में शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवर ऑल 81.98 प्रतिशत का स्कोर हासिल कर प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्नाव जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि अभियान के विभिन्न इंडीकेटर के तहत में उन्नाव में 100 बच्चों की माप, 157 प्रतिशत का नामांकन किया गया। इनमें 82 प्रतिशत रिकवरी दर्ज की गई।

# जन शिकायतों के निस्तारण में संतकबीरनगर पुलिस रही प्रदेश में अव्वल

**संतकबीरनगर।** आईजीआरएस पोर्टल पर जनशिकायतों के निस्तारण में संतकबीरनगर पुलिस को जून माह की मासिक रैकिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। यह जानकारी देते पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने बताया कि संतकबीरनगर पुलिस को आईजीआरएस पोर्टल पर जनशिकायतों के निस्तारण पर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने जिले के सभी थाना प्रभारियों/थानाध्यक्षों को निर्देश दिये हैं कि थाने पर उपस्थित होने वाले पीड़ितों/शिकायतकर्ताओं के साथ अच्छा व्यवहार करते हुए गुण-दोष के आधार पर उभय पक्ष के साथ नियमानुसार विधिक कार्रवाई करें। उन्होंने बताया कि जनशिकायतों का निस्तारण आनलाइन किया जाता है। पोर्टल पर प्राप्त संदर्भो के निस्तारण का एक निश्चित समय दिया जाता है।

उन संदर्भो को नियत समयावधि के अन्तर्गत निस्तारित किया जाना अनिवार्य है। पोर्टल पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सन्दर्भो की जांच के लिए जांचकर्ता अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर प्रकरण की निष्पक्ष एवं गुणवत्ताप. रक जांच कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाती है।

# युवक नदी में कूदा, तलाश जारी

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के चौक कोतवाली क्षेत्र में एक अज्ञात युवक गर्रा नदी पर बने पुल से गहरे पानी में कूद गया। एनडीआरएफ तथा फायर ब्रिगेड टीम लगातार युवक की तलाश में जुटी है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी नेबताया कि कोतवाली क्षेत्र में पटरी पर दुकान लगाने वाले ने पुलिस को सूचना दी कि एक युवक गर्रा नदी में पुल से नीचे कूद गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक की नदी में काफी तलाश की गई लेकिन युवक को कोई पता नहीं चल सका। उसके बाद एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया पिछले सात घंटे से एनडीआरएफ टीम और अग्निशम टीम लगातार गुर्रा नदी में युवक की तलाश में रेस्क्यू कर रही।

# अखिलेश के मुंह से सनातन की बात अच्छी नहीं लगती: अनिल राजभर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कबीना मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के मुंह से सनातन धर्म की बात अच्छी नहीं लगती है। श्री यादव द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फेंस में योगी सरकार पर लगाए गए आरोपों के जवाब में राजभर ने कहा कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, अखिलेश यादव की प्रेस कॉन्फ्रेंस का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा अध्यक्ष जनता को गुमराह करने के लिए नए-नए बहाने ढूंढ रहे हैं।

राजभर ने सपा के शासनकाल में गोमती रिवर फ्रंट और जेपीएनआईसी (जेपी नारायण इंटरनेशनल सेंटर) परियोजनाओं में हुए कथित भ्रष्टाचार का जिक्र किया। उन्होंने दावा किया कि सपा ने इन परियोजनाओं में अपने गुंडों को ठेके देकर जनता की कमाई को लूटा। राजभर ने कहा कि योगी सरकार ने सपा के कार्यकाल में जेपीएनआईसी में हुए भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए समिति बनाई और इसे लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को सौंपा। अब जेपीएनआईसी से युवाओं के लिए नए अवसर खुलेंगे। कांवड़ यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने कांवड़ यात्रियों पर बर्बरता के साथ लाठीचार्ज किया और यात्रा को खराब करने की को. शिश की। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा ने अपने समर्थकों को बिना नाम-पहचान के ढाबे और दुकानें खोलने की छूट दी थी। उन्होंने कहा कि आज योगी सरकार में कांवड़ यात्रा के दौरान यात्रियों पर पुष्पवर्षा की जाती है। बिना नाम-पहचान के कोई भी व्यापारी हमारी पवित्र यात्रा को अपवित्र नहीं कर सकता। जब नाम और पहचान की बात आती है, तो अखिलेश के पेट में दर्द होने लगता है। नदियों के पुनर्जनन के मुद्दे पर राजभर ने अखिलेश के दावों को खारिज करते हुए कहा कि योगी सरकार ने लखनऊ में हुए अतिक्रमण को हटाया और डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) बनाकर बड़ी योजनाओं पर काम शुरू किया। उन्होंने नमामी गंगे और अमृत सरोवर योजनाओं के तहत नदियों, नालों और तालाबों के पुनर्जनन के प्रयासों का उल्लेख किया। राजभर ने तंज कसते हुए कहा कि नदियों को पुनर्जनन देना हमारा संकल्प है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | सप्लाई एन्ड अप्लाई ऑफ विनाइल रैपिंग ऑन एक्सटीरियर ऑफ दुरंतो एक्सप्रेस ट्रेन्स कोचेस एन्ड एल.एच.बी. एन्ड हमसफर, तेजस कोचेस एन्ड इंटीरियर ऑफ हमसफर, तेजस, एल.एच.बी./आई.सी.एफ. ए.सी. एन्ड नॉन-ए.सी. कोचेस अपग्रेडेड अंडर उत्कृष्ट स्कीम। |
| 02 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | अनुमानित लागत | रु. 6,27,49,469.35 मात्र। |
| 04 | निनिदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु. 4,63,800/- मात्र। |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 01 वर्ष। |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक-14.07.2025 से 28.07.2025 समय 15:00 बजे तक |
| 08 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure A (a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 09 | खुलने का समय | निविदा फॉर्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओ को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट- www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है | |

निविदा सूचना सं.: 2025-ए.एम.वी.-सी एंड डब्लू-ईनिविदा-42 दिनांक: 03.07.2025
2048/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# इटावा में दबंग ने बुजुर्ग प्रधान को दिया धक्का, मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**इटावा।** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के बसरेहर इलाके के दुगावली गांव में मनमर्जी से पंचायत कार्य ना होने दबंग ने प्रधान शंभू दयाल बाल्मीक को धक्का मार दिया जिससे जमीन पर गिरने से उनकी मौत हो गई। दबंद मुकेश यादव के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के अलावा अनुसूचित जाति जनजा. ति अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

मुकेश यादव प्रधान पर पंचायत सरकारी कार्य को कराने का दबाव डालने के साथ साथ आए दिन पैसे भी मांगता रहता था। मंगलवार सुबह मुकेश प्रधान के पास पहुंचा और पंचायत में होने वाले कार्यों के सिल. सिले में उनसे जोर-जोर से बहस करने लगा और बहस के दौरान ही दबंग ने प्रधान को धक्का दे दिया जिससे वह जमीन में जाकर के गिर पड़े, जमीन पर गिरने से प्रधान बेहा. ेश हो गए उन्हें नजदीक के डॉक्टर के पास ले जाया गया तब तक उनकी मौत हो गई।

मृतक प्रधान के नाती मनोज कुमार ने बताया कि मनोज प्रधान को आए दिन पंचायत में होने वाले सरकारी कार्य के सिलसिले में परेशान किया करता था, इसके साथ ही आए दिन उनसे पैसे की भी मांग करता रहता था,आज सुबह दबंग उनसे बहस कर रहा था इस बात को हर किसी ने सुना है लेकिन प्रधान होने के वजह से किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। इसी बीच दबंग ने उनको धक्का मार दिया जिससे वह जमीन में गिर पड़े, जमीन पर गिरने से प्रधान बेहोश हो गए तो तत्काल नजदीक के डॉक्टर के पास ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रधान की मौत की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पुलिस पहुंची है और प्रधान के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। जबरदस्ती उनसे पंचायत के काम को करने के लिए दबाव डालने लगा । उन्होंने कहा गालियां क्यों दे रहे हो तो उनको धक्का मार दिया जिससे के बाद गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मुकेश वारदात को अंजाम देने के बाद मोटरसाइकिल से फरार हो गया। प्रधान की मौत के बाद इटावा के पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीश चंद्र, जसवंत नगर की सीओ आयुषी सिंह स्थानीय थाना पुलिस के साथ घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। पुलिस अधिकारियों के सामने गांव वालों ने दबंग मुकेश यादव के कारनामों की एक लंबी फेहरिस्त शिकायत के तौर पर जुबानी बयान की। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीश चंद्र ने बताया कि प्रधान शंभू दयाल वाल्मीकि मौत को लेकर के यह कहा जा रहा है।

# दुष्कर्म का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले की रामगढ़ पुलिस ने एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को एक सशस्त्र मुठभेड के बाद गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के साथ दरोगा भी घायल हुआ है।

पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने मंगलवार को बताया कि थाना रामगढ़ क्षेत्र निवासी एक बालिका के पिता ने कोहिनूर रोड निवासी सुहेल के खिलाफ नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने का मुकदमा सोमवार को दर्ज कराया था। पुलिस टीम आरोपी सुहैल की तलाश में घूम रही थी कि बीती देर रात जानकारी मिली कि आरोपी सहमत नगर में पुलिस के डर से छिपा हुआ है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर क्षेत्र की घेराबंदी की तो आरोपी ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।

फायरिंग मे गोली दरोगा राज. कुमार के हाथ में लगी। जवाबी फायरिंग में गोली सुहेल के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस दोनों घायलों को लेकर जिला अस्पताल पहुंची और उपचार कराया गया। आरोपी के पास से अवैध तमंचा जिंदा कारतूस और खोखा भी बरामद किए गए हैं। वैधानिक कार्रवाई के बाद आरोपी को मंगलवार को जेल भेजा गया है।

# रायबरेली में जमीनी विवाद में हिंसा, थानाध्यक्ष नपे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली जिले के चंदापुर इलाके में जमीन के विवाद में महिला की हत्या के मामले में पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह ने बताया कि चंदापुर के लामी गांव में बीते दिनों दो पक्षों में मकान निर्माण को लेकर मारपीट हुई थी जिसमे एक पक्ष रविन्द्र कुमार की बहन सुनीता घायल हो गई और रविवार को अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि इस मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर अन्य पक्ष के आठ लोगो को आरोपी बनाया गया है जिसमे तीन लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है जबकि अन्य की गिरफ्तारी का प्रयास चल रहा है।

# उत्तर प्रदेश आध्यात्मिक विरासत के साथ सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध: मेश्राम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि उनका राज्य अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के साथ, जिम्मेदार, सतत और समावेशी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

पर्यटन क्षेत्र में सहयोगात्मक नीति निर्माण तथा समेकित रणनी. तिक योजनाओं पर विचार विमर्श एवं पर्यटन सेक्टर को अर्थव्यवस्था का आधार बनाने के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा श्रीनगर स्थित शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल सेन्टर में आयोजित सचिवों के दो दिवसीय सम्मेलन में उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन राज्यों के लिए एक समसामयिक और आवश्यक मंच है, जहां वे आपसी सहयोग के माध्यम से राष्ट्रीय पर्यटन दृष्टिकोण के साथ अपने प्रयासों को समन्वित कर सकते हैं।

उत्तर प्रदेश अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के साथ, जिम्मेदार, सतत और समावेशी पर्यटन को बघवा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने, थीम आधारित पर्यटन सर्किट का विस्तार करने और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। हम इस बात की आशा करते हैं कि इस तरह के सहयोगात्मक प्रयास उत्तर प्रदेश को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करने में सहायक सिद्ध होंगे। सम्मेलन का शुभारम्भ केन्द्रीय व पर्यटन संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने किया।




# सच्चे मन से करो पूजा, जरूर मिलेगा फल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** मां भगवती की असीम अनुकंपा से भव्य जग जननी दरबार जनकल्याण धमार्थ समिति के द्वारा श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर स्वामी श्री जलेश्वरानन्द गिरि जी महाराज के सानिध्य में गुरू पूर्णिमा का पर्व आस्था व उल्लास के साथ मनाया गया। ब्रजघाट स्थित सेवा गिरि आश्रम में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में अमरोहा, गजरौला, सम्भल, मुरादाबाद, बुलन्दशहर, दिल्ली, नोएडा आदि स्थानों से आए हुए शिष्यों ने गुरू जी की चरण पादुकाओं का पूजन किया। महामण्डलेश्वर स्वामी श्री जलेश्वरानन्द गिरि जी महाराज ने अपने श्रीमुख से प्रवचन सुनाते हुए कहा कि, गुरू शिष्य धर्म के मध्य एक मर्यादा होती है। शिष्य को सदैव अपने गुरू का आदर करना चाहिये। गुरू ही हमें ईश्वर से परिचय

**■ स्वामी जलेश्वरानन्द गिरि जी ने सुनाए प्रवचन**

कराने का मार्ग बताते हैं। बताया कि गुरू पूर्णिमा (व्यास पूर्णिमा) आदिकाल से मनाई जा रही है। यह मानव कल्याण का मूल है। गुरू के बिना मानवीय गुणों से भी कल्याण असंभव है। पांच देवों की पूजा के बिना पूजा पूर्ण नहीं होती, पूजा आसन पर बैठकर ही करनी चाहिए। अलग अलग दिशाओं में बैठकर पूजा करने का अलग अलग फल बैठता है। लकड़ी पर



बैठकर जाप करने से निष्फल हो जाता है। बगैर आसन के जमीन पर बैठकर पूजा जाप करने से हमारे शरीर में रोग बढ़ते हैं। मंत्रों का जाप मांसिक होता है, बोलकर नहीं। पवित्र अवस्था में चलते फिरते, उठते बैठते, सोते जागते मंत्र जाप किया जा सकता है। कहा कि बच्चों को भी सत्संग में जरूर लेकर आएं ताकि उनका भी ईश्वर से परिचय हो सके। इस अवसर पर जूना अखाड़े के संरक्षक प्रेम गिरि जी महाराज के साथ साथ अनेक सन्त महात्मा, भव्य जग जननी दरबार धर्मार्थ समिति के सचिव श्याम वर्मा, जिला सहकारी बैंक के निदेशक चौ.वेदपाल सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह, देवेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सिंह भोला, राजीव बंसल आदि मौजूद रहे। घंटो तक यह कार्यक्रम चला और समापन पर प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# पत्नी ने पति को घर बुलाकर मायके वालों से पिटवाया

## पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** पत्नी के बुलाने पर ससुराल आये युवक को कमरे में बंद कर जमकर पीटा गया। घायल ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। ससुर-सास समेत ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी गई है।

जानकारी के अनुसार जोया कस्बे के मौहल्ला जामा मजिस्द निवासी इरफान पुत्र शाने अली की ससुराल नगर के मौहल्ला अफगनान में है। उसकी पत्नी सना बेबी काफी समय से मायके में ही रह रही है। मंगलवार को पत्नी ने इरफान को अपने मायके बुला लिया। किसी बात को लेकर ससुरा. लियों से उसका विवाद हो गया। आरोप है कि उसे कमरे में बंद कर मारपीट



शुरू कर दी। किसी तरह भागकर इरफान ने अपनी जान बचाई। मारपीट में वह घायल हो गया। यहां से वह कोतवाली आया तथा ससुर सलीम खां, सास मुस्तरा, साले शवाब उर्फ मुन्ना, साली सबा, साढू शहनवाज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दो पक्षों के बीच मारपीट, चार घायल

## पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव अटारी में दो पक्षों में गाली गलौच के बाद झगड़ा बढ़ गया। एक पक्ष से ससुर व बहु तो वहीं दूसरी तरफ पिता पुत्री घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए मुकदमे दर्ज कराए हैं। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

गांव निवासी रजनी पुत्री मुनेश का आरोप है कि 07 जुलाई को सुबह के समय उसके घर पर प्रिंस उर्फ विकास, उसके पिता मदन व पत्नी बबीता घर में आ गए और उसके साथ गाली गलौच की। उसने विरोध किया तो मारपीट करके घायल कर दिया। उसके पिता बचाने आए तो उन्हें भी डंडो से पीटकर घायल कर दिया। रजनी की तहरीर पर पुलिस ने प्रिंस, मदन व बबीता के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष में मदन की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है। उसका आरोप है कि 07 जुलाई को सुबह के समय मुनेश, उसके दो पुत्र तरूण व वरूण व पत्नी माया देवी ने घर में घुसकर मारपीट की। पुत्रबधु बबीता बचाने आई तो उसे भी पीटा गया। घटना में ससुर व बहु दोनों घायल हैं। पुलिस ने मुनेश, तरूण, वरूण व माया के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताते हैं कि गांव में इन दोनों पक्षों के बीच पहले भी झगड़े हो चुके हैं।

# समूह की महिलाओं को बांटे पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रहरा।** गंगेश्वरी ब्लॉक परिसर में समूह की महिलाओं को पेड़ पौधे का वितरण किया गया। खंड विकास अधिकारी अश्विन कुमार ने ब्लॉक परिसर में समूह की महिलाओं को पेड़ शीशम, सागौन , अमरूद, जामुन आदि प्रजातियों का वितरण किया गया। एवं खंड विकास अधिकारी अश्विन कुमार ने कहां की सभी महिलाओं को पेड़ लगाना अनिवार्य है पौधे लगाने से हमें ऑक्सीजन प्राप्त होती है जब ज्यादा पेड़ लगाएंगे तो हमें ऑक्सीजन भरपूर मात्रा में मिलेगी। इस मौके पर एपीओ सौरभ कुमार, एडीओ आई. एस. बी .राजकुमार ग्राम पंचायत अधिकारी मोनू सिंह, विदित यादव, धर्मपाल सिंह, राजेश कुमार, मुस्तकीम अली, मोहम्मद अनस, एवं ब्लाक गंगेश्वरी का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

# इस बार शार्ट टाइम हज 20 दिन का होगा

## सात जुलाई से भरे जा रहे आवेदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** हज कमिटी ऑफ इंडिया ने हज 2026 के लिए ऑनलाईन फॉर्म भरने के लिए 7 जुलाई से 31 जुलाई तक का समय दिया है। जिला हज ट्रेनर हाजी मोहम्मद वसीम ने बताया इस बार शार्ट टाईम हज का विकल्प दिया गया है। शार्ट टाईम हज तकरीबन 20 दिन का होगा।

मदीना शरीफ में 2 या 3 दिन की रिहाईश का इंतजाम होगा। 20 दिन के सफर-ए-हज के लिए नार्मल टाईम के हज से ज्यादा रकम अदा करनी होगी। 20 दिन के सफर-ए-हज के लिए लिमिटेड सीटे होगी। 20 दिन के सफर-ए-हज के लिए अलग से कुर्रा अंदाजी होगी। अगर जिन हाजी साहेबान का शार्ट टाईम हज के लिए कुर्रा में नम्बर नही लगा तो उनका नाम नार्मल टाईम हज कुर्रा में शामिल किया जायेगा। मक्का और मदीना में रिहाईश के दौरान हाजी साहेबान के लिए हज कमेटी ऑफ इंडिया की ओर से कॅटरींग सर्विस का इंतजाम किया जा रहा है ये ऑप्शनल है। अगर ये कॅटरींग सर्विस शुरु होती है तो इसके लिए आपको अलग से पैसे चुकाने होगे। एक कव्हर में 1 से 5 हाजी साहेबान अप्लाई कर सकते है। रिजर्व कैटगरी 65+ में 2 या 4 हाजी फार्म भर सकते है। जिला अमरोहा हसनपुर तहसील से हज को जाने वाले हाजी गुलाब शाह मार्किट निकट सतीश सिनेमा के पास हाजी मोहम्मद वसीम के ऑफिस मे आकर हज की दरखास्त कर सकते है।

# बच्चों को आग बुझाने के तरीके बताए

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के संविलियन विद्यालय चौबारा में फायर अवेयरनेस व अग्निशामक यंत्र के प्रयोग के तरीके का प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक अजय सिंह एवं सहायक अध्यापिका गीता वर्मा के निवेदन पर एफएसओ

**■ संविलियन विद्यालय चौबारा में हुआ कार्यक्रम**

कमलेश कुमार मिश्रा एवं फायरमैन अनुज कुमार द्वारा विद्यालय के समस्त शिक्षकों, रसोईयों, अभिभावकों और विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं को आग से बचने के तरीके, आग लगने के बाद बुझाने के तौर तरीकों और अग्निशमन यंत्र के प्रयोग आदि बारे में प्रशिक्षण दिया गया। सहायक अध्यापिका गीता




वर्मा ने प्रेक्टिकल करके स्वयं आग बुझा कर दिखाई। बच्चों को बहुत सावधानी पूर्वक आग पर काबू पाने के तरीकों को प्रत्यक्ष रूप से करके दिखाया गया। एफएसओ कमलेश कुमार मिश्रा ने कहा कि कभी भी किसी भी छोटी सी चिंगारी को हल्के में न लें, क्योंकि छोटी सी चिंगारी भी बड़ा रूप ले लेती है। घर व ऑफिस में ज्वलनशील पदार्थ जैसे डीजल, पैट्रोल आदि न रखें, और अपने घर की गैस के पाइप को भी समय समय पर चैक कराते रहें। आग की घटना होने पर तुरंत 112 डॉयल पुलिस को सूचना दें, ताकि पुलिस अग्निशमन विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचकर आग बुझा सकें। इस मौके पर अजय, शालू, तायल, राबिया, रेनू आदि समेत स्कूल का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

# लेखपाल ने दीवार करा बंद कराया रास्ता

## ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नौगांवा सादात।** लेखपाल पर रास्ते पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते ग्रामीणों ने तहसील में जोरदार प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। तहसील क्षेत्र के गांव रामपुर जुन्नारदार के ग्रामीणों ने तहसील में प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। उनका कहना था कि हल्का लेखपाल केशव शरण ने गांव में दस्तावेजों में मुख्य मार्ग को चकरोड दर्शा दिया है। जिस कारण सड़क पर जलभराव की स्थिति पैदा हो गयी है। ग्रामीणों ने रास्ते पर मिट्टी डालने का काम किया तो राजीव कुमार व रोजगार सेवक परवेन्द्र के खेत पर रोड के नजदीक हल्का लेखपाल केशव शरण ने दीवार कराकर अवैध कब्जा करा दिया। गांव के तीन लोगों अजीत, देव नारायन, परवेन्द्र के खिलाफ थाने में एससी एक्ट समेत सात मुकदमे दर्ज हैं। इसके बाद भी दबंग अपनी दबंगई पर उतारू है। प्रदर्शन करने वालें में विनीत कुमार, विजेन्द्र चौहान, बंटी, राकेश, जयप्रकाश, देवेन्द्र, कुलदीप, लेखराज आदि शामिल रहे।

# बीट आरक्षियों को मिले 327 स्मार्ट फोन

## 29 प्रभारी व विवेचकों को दिये टेबलेट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** एसपी अमित कुमार आनंद ने मंगलवार को नए कानून बीएनएस के सफल प्रभावी क्रियान्वयन के साथ पुलिस प्रणाली को तकनीकी व आधुनिक रूप से सक्षम बनाने के लिए थानों पर नियुक्त हल्का प्रभारियों व विवेचकों को 29 टैबलेट एवं बीट आरक्षियों को 327 स्मार्ट फोन का वितरण किया। एसपी ने बताया कि इस कदम से नए कानून से जुड़ी डिजिटल प्रक्रिया, समयबद्ध कार्रवाई, केस डायरी लेखन, गवाहों का संरक्षण, गिरफ्तारी व समन की प्रक्रिया को तेजी और पारदर्शी एवं प्रमाणिक रूप में संपादित किया जा सकेगा। बताया कि नए कानूनों में जांच की गुणवत्ता व विश्वसनीयता को बढ़ावा देने के लिए फोरेंसिक साक्ष्य संग्रह और वीडियोग्राफी पर भी खास ध्यान दिया जा रहा है। दरअसल, बीएनएस में घटनाओं की ऑनलाइन रिपोर्टिंग, बयानों की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग, समन इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजने के साथ सभी कार्रवाई इलेक्ट्रॉनिक मोड में करने के प्रावधान हैं। ऐसी स्थिति में टैबलेट व स्मार्ट फोन की जरूरत थी।

# जलभराव को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रहरा।** जल भराव को लेकर आज ग्रामीण ने जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप था की शिकायत करने के बावजूद भी ब्लॉक के अधिकारी शिकायत सुनने को तैयार नहीं है।ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव जीवपुर मुस्तकम में पिछले कई माह से मुख्य मार्ग पर जल भराव और गंदगी को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासी हरपाल समेत कई ग्रामीण ने बताया कि गांव के गंदे पानी की निकासी के लिए तालाब को जाने वाली नाली बनी हुई है। नाली काफी समय पहले से बंद है। जिस कारण आए दिन जल भराव की समस्या बढ़ रही है स्कूली बच्चों समेत गांव के



तमाम लोगों को भी निकलने में परेशानियां होती है। नाला बंद होने के कारण गांव का गंदा पानी सड़कों पर एकत्रित हो रहा है। और गंदगी और जल भराव से मच्छर पनप रहे हैं। दुर्गंध से लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार ब्लॉक से लेकर तहसील तक शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने जल भराव को लेकर प्रदर्शन किया है। इस संबंध में ब्लॉक के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि गांव में जल भराव की समस्या का निस्तारण के लिए उच्च अधिकारियों से शिकायत करनी पड़ेगी। तब जाकर समस्या का समाधान किया जाएगा।इस मौके पर देवराज, हरपाल, मुन्नी, सोमवती, रिंकू, विपिन सहित आदि लोग मौजूद है।

# ट्रांसफार्मर फुंकने से आठ दिन से गांव में अंधेरा

## ग्रामीणों ने किया विभाग के खिलाफ प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में आठ दिन से फूंका ट्रांसफार्मर नहीं बदले जाने को लेकर ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर के पास में खड़े होकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने अधिकारियों पर लापरवाही का आरा. ेप लगाया है।

मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव हथिया खेड़ा के ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए कहा है कि 8 दिन से गांव का ट्रांसफार्मर फूंका हुआ है। संबंधित अधिकारियों से शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से समस्या की गुहार लगाई है। ग्रामीण पप्पू सिंह का कहना है कि ब्लॉक स्थित लगे संपूर्ण समाधान दिवस में ट्रांसफार्मर बदलवाये जाने को लेकर एक प्रार्थना पत्र दिया था। जो जिला अधिकारी के पास पहुंचने से पहले ही बिजली अधिकारियों ने छीन लिया। जिसका आज तक समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्दी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जिला अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। पप्पू सिंह रूपचंद दौलत सतवीर जयपाल सिंह सतीश सूरज नरेश जयकरण इंद्रजीत भूप सिंह रिंकू अमित जयदेव मोहित राजकुमार अमरपाल मुकेश खेमी आदि मौजूद रहे।

# ब्याज पर लेकर लेखपाल को दिये थे एक लाख

## न रकवा मिला, न रकम लौटी, ब्याज चुकाते थक गया पीड़ित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** राजस्व विभाग में जमीन संबंधित समस्या निस्तारण के लिए एक नया आरोप सामने आया है, जिसमें एक लेखपाल पर जमीन संबंधी समस्या सुलझाने के एवज में एक लाख रुपये लेने और बाद में न तो काम करने और न ही रकम लौटाने का गंभीर आरोप लगा है। यह मामला तहसील धनौरा के ग्राम बिशावली निवासी राजू पुत्र बालकिशन का है, जिन्होंने यह शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में दर्ज कराई।

शिकायती पत्र के अनुसार, पीड़ित की जमीन गाटा संख्या 243 रकबा 0.600 हेक्टेयर है, जिसमें उसका हिस्सा मौके पर कम है। इस पर दो साल पहले तत्कालीन लेखपाल से जब संपर्क किया गया तो उन्होंने ৳ ठिया बन्दी৳ और ৳कार्रवाई की प्रक्रिया৳ का हवाला देते हुए रकबा पूरा कराने के नाम पर एक लाख की मांग की। यह रकम पीड़ित ने ब्याज पर लेकर ग्राम प्रधान रोहताश के माध्यम से लेखपाल को सौंप दी। लेकिन इसके बाद न तो जमीन का रकबा दुरुस्त हुआ और न ही पैसे वापस मिले। जब पीड़ित ने अपनी रकम की मांग की तो लेखपाल ने टालमटोल शुरू कर दी। पीड़ित ने हिम्मत दिखाते हुए एक क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और तहसीलदार के समक्ष मामला उठाया, जहां लेखपाल ने खुद रकम लेने की बात स्वीकार की और जल्द लौटाने का वादा किया। पर अफसोस! न रकबा ठीक हुआ, न रकम लौटी ख्र उल्टे साहब अपना ट्रांसफर किसी और क्षेत्र में करवा गए। अब स्थिति यह है कि पीड़ित राजू ब्याज की किश्तें चुकाते-चुक. ाते बेहाल हो चुका है और प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रहा है। अब बड़ा सवाल यह है कि जब सरकारी कर्मी ही आम नागरिक को इस तरह फंसा सकते हैं, तो फिर जनता कहां जाए? क्या ऐसे कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी या मामला फाइलों में गुम हो जाएगा? यह आने वाला वक्त बताएगा, लेकिन फिलहाल राजस्व महकमे की छवि पर एक और दाग जरूर लग गया है। शिकायत सामने आने पर अधिकारियों ने नायब तहसीलदार को सात दिन के भीतर जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए है।

# ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** मंगलवार को ट्रक चालक द्वारा लापरवाही दिखाते हुए अचानक ब्रेक लगाने से पीछे से आ रही ईओन कार टकरा गई थी, हादसे में कार सवार पुलिस विभाग के हेड कांस्टेबल व उनकी पत्नी की मौत हो गई थी तो वहीं उनके दोनों बच्चे घायल हो गए थे। पुलिस ने मृतक हेड कांस्टेबल की तहरीर पर संबधित ट्रक के अज्ञात चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बता दें कि पुलिस विभाग अमरोहा में लंबे समय से विशेष

**■ बीते दिन हुई थी हेड कांस्टेबल व पत्नी की मौत**

शाखा (अभिसूचना विभाग) में तैनात हेड कांस्टेबल जव्वाद जैदी (38) पुत्र रियाज जैदी मूल निवासी ग्राम गालिबपुर कस्बा व थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर बीते दिन सोमवार को अपनी पत्नी उरूस जैदी व दोनों पुत्र फाहम व अली कियान के साथ तीन दिन की छुट्टी के बाद अमरोहा वापस लौट रहे थे। दोपहर के करीब तीन बजकर दस मिनट पर गजरौला में एलआईसी दफ्तर के सामने अचानक आगे चल रहे ट्रक ने ब्रेक लगा दिए, हेड कांस्टेबल की कार तेजी के साथ ट्रक के पिछले हिस्से में घुस गई थी। हादसे में जव्वाद जैदी व उनकी पत्नी उरूस जैदी की मौके पर ही मौत हो गई थी तो वहीं उनके दोनों बच्चे घायल हो गए थे। मृतक के भाई काशिफ ने हादसे के जिम्मेदार ट्रक के अज्ञात चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि घटना का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# एकेके में हुआ पौधारोपण

**अमरोहा।** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अन्तर्गत एकेके इंटर कालेज में पौधारोपण किया गया। प्रधानाचार्य आदिल अब्बासी ने वृक्षों का महत्व बताते कहा कि पौधे हमारे जीवन का आधार है। मनुष्य को जीवन जीने के लिए यह हमें आक्सीजन देते है। प्रदूषण को दूर करने में पेड़ पौधों का महत्वपूर्ण स्थान हैं उन्होने कहा कि आज विकास के नाम पर हम अंधाधुंध पेड़ों का कटान कर रहे हैं। जिस पर रोक नहीं लगी तो आने वाले समय में यह काफी घातक होगा। कार्यक्रम में आगा शुऐब, कलीम रहमान, गजाली फिरोज आलम, रणवीर सिंह, डा. अरशद नवाज मौजूद रहे।

# प्रदूषण की रोकथाम को पौधारोपण जरूरी

## नोडल अधिकारी ने की पौधोरापण महाअभियान की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**अमरोहा।** नोडल अधिकारी ब्रज. ेश नारायन सिंह ने कहा कि हम सभी को आने वाली पीढ़ी को प्रदूषण से बचाने के लिए पौधारोपण जरूर करना चाहिए। अपने साथ दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

कलेक्ट्रेट सभागार में नोडल अधिकारी ब्रजेश नारायन सिंह ने पौधारोपण महाअभियान तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करें




तथा इस अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें। पेड़ हमारे. लिए ही नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए भी महत्वपूर्ण है। स्कूलों, स्वयंसेवी संगठनों, पंचायतों, सामा. जिक संस्थाओं के भी अभियान से जोड़ा जाये। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हरियाली को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम में प्रभागीय वन अधिकारी सत्यप्रकाश. सिंह, सूर्य प्रकाश पाल, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, एडीएम धीरेन्द्र प्रताप, डीडीओ सविता द्विवेदी, एसडीएम सदर शिशि भूषण आदि मौजूद रहे।

# जेपी इंटरनेशनल सेंटर पर सरकार का बड़ा निर्णय

## एलडीए चुकाएगा 821 करोड़, डेढ़ सौ करोड़ की बची लागत अपने खाते से करेगा वहन, डेढ़ साल में कार्य पूरा करने की घोषणा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी स्थित जेपी इंटरनेशनल सेंटर को लेकर सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए यह तय किया है कि इसके निर्माण पर खर्च हुए आठ सौ इक्कीस करोड़ रुपये की राशि अब लखनऊ विकास प्राधिकरण सरकार को आगामी तीस वर्षों में किस्तों में लौटाएगा। जबकि इस परियोजना के शेष कार्यों पर आने वाली लगभग डेढ़ सौ करोड़ रुपये की धनराशि एलडीए अब अपने संसाधनों से वहन करेगा।

पहले इस धनराशि की मांग शासन से की गई थी, परंतु अब प्राधिकरण स्वयं यह भार उठाएगा। योजना के अनुसार, आगामी डेढ़ वर्ष में समस्त निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा आरंभ किया गया यह बहुउद्देशीय संस्थान लंबे समय से चर्चा में रहा है। अखिलेश सरकार ने इसे अपनी विशिष्ट पहचान और सामाजिक दर्शन से जोड़कर प्रतिष्ठा का विषय बनाया था। बदलती सरकार के साथ यह परियोजना शिथिल पड़ गई, किंतु अब योगी सरकार ने इसे पुनः गति देते हुए लखनऊ विकास प्राधिकरण को इसके संचालन की ज़िम्मेदारी सौंप दी है। यह भी संभव है कि एलडीए इसे सार्वजनिक-निजी सहभागिता (पीपीपी) माडल पर विकसित करे, जिससे इसके व्यापारिक पक्ष को और बल मिले। जेपी इंटरनेशनल सेंटर एक अठारह मंज़िला भव्य भवन है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय मानकों के सभागार, प्रदर्शन गैलरी, सम्मेलन कक्ष, पुस्तकालय, संग्रहालय, व्यापारिक केंद्र और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए स्थान निर्धारित किया गया है। यह केवल एक सरकारी भवन नहीं बल्कि एक सामाजिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक विमर्श का केंद्र बनने की क्षमता रखता है। अब इसमें क्लब सदस्यता की भी योजना प्रस्तावित है, जिससे नागरिक सीधे जुड़ सकें। गौरतलब है कि जब अखिलेश यादव सत्ता में थे, तब इस परियोजना को उन्होंने जेपी आंदोलन की विरासत से जोड़ते हुए विकसित किया था, लेकिन बदलती राजनीतिक परिस्थितियों में यह निर्माण अधूरा ही रह गया। अब जब सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि प्राधिकरण ही इसकी अधूरी लागत को वहन करेगा और सरकार को समूची राशि लौटाएगा, तब यह निर्णय सीधे तौर पर अखिलेश को राजनीतिक झटका भी माना जा रहा है। फिलहाल, संचालन हेतु एक विशेष समिति गठित की जाएगी जो कार्यक्रमों, बैठकों, सेमिनारों और विभिन्न आयोजनों का समन्वय करेगी। सरकार इस संस्थान को केवल एक इमारत नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और वैचारिक विरासत का केंद्र बनाने की दिशा में देख रही है। जेपी इंटरनेशनल सेंटर के माध्यम से लखनऊ एक बार फिर से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों की स्थली बनने की ओर अग्रसर है। यह निर्माण सिर्फ ईंट और पत्थर नहीं, बल्कि विचार और संवाद का मंच बन सकेकृइसी सोच के साथ सरकार ने इसे पुनः सक्रिय किया है।

## व्यापार मंडल अध्यक्ष पर जमीन कब्जाने का आरोप

**अमेठी।** जिले में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष महेश सोनी पर जमीन कब्जाने का गंभीर आरोप लगा है। एक बुजुर्ग महिला द्वारा लगाए गए इस आरोप के बाद मामला गरमा गया है। रविवार को करणी सेना डब्ल्यूएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने अपने समर्थकों के साथ एसडीएम अमेठी को ज्ञापन सौंपा, और निष्पक्ष जांच की मांग की।करणी सेना अध्यक्ष प्रदीप सिंह का कहना है कि महेश सोनी पर लगे आरोप राजनीतिक साजिश के तहत लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हसोनी को राजनीतिक रूप से बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। वहीं, सोशल मीडिया पर यह चर्चा जोरों पर है कि महेश सोनी ने एक बुजुर्ग महिला की जमीन का बिना भुगतान किए बैनामा करा लिया है। महेश सोनी ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि न तो मैंने किसी की जमीन का बैनामा कराया और न ही कब्जा किया है। अगर बुजुर्ग महिला को न्याय चाहिए, तो मैं खुद प्रशासन के साथ खड़ा हूं।

# सपा सरकार गुंडों की सरकार थी : डिप्टी सीएम

## पूर्व सांसद व मंत्री को बृजेश पाठक ने दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता



**गोंडा।** यूपी टाइगर के नाम से जाने - जाने वाले राजनेता कुं.आनंद सिंह को प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक मंगलवार को गोण्डा के मनकापुर पहुँचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि,कुं.आनंद सिंह बड़े नेता थे गरीबों के लिये समर्पित राजनेता थे,और अब उनकी परिपाटी पर चलते हुये उनके पुत्र केन्द्र सरकार में राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह अच्छा कार्य कर रहे हैं। उन्होंने पत्रकारों के सवालों पर जवाब देते हुए कहा कि,उनकी पार्टी सभी धर्मो का सम्मान करते हैं धार्मिक कार्य सकुशल संपन्न हो इस सरकार की जिम्मेदारी है किसी भी स्थिति में किसी का भी कोई मान सम्मान को नुकसान न पहुंचे और सबको साथ लेकर चलने, अभी कावड़ यात्रा चल रही है सनातन धर्म को मानने वालों को कोई दिक्कत ना हो कावड़ यात्रा के दौरान कोई समस्या किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सरकार पूरी तरह से सतर्क है। उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर हमला करते हुए कहा कि वो अपने गिरेबान में झांके जबकि जब उनकी सरकार थी गुंडई अराजकता ल कट मची हुई थी सपा के लोग मकान दुकान कब्जा कर रहे थे चौथ वसूली भी हो रही थी आज मैं कह सकता हूं कि उत्तर प्रदेश का लॉ एंड ऑर्डर सबसे बेहतर है प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है औद्योगीकरण हुआ है हरि स्थिति में उत्तर प्रदेश देश का नंबर एक राज्य है। बृजेश पाठक मंडल के स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की जिसमें उन्होंने अधिकारियों को कड़ी हिदायत दी और कहा और कहा व्यवस्था रहनी चाहिए।

# नेताजी स्मारक के लिए बच्चों ने तोड़े गुल्लक

## भावनाओं से भरी भेंट देख भावुक हुए अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की स्मृति में प्रस्तावित स्मारक निर्माण को लेकर अब समाज के हर वर्ग से सहयोग मिलने लगा है।

पार्टी अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव की इस संबंध में की गई अपील का व्यापक असर दिखाई देने लगा है, और भावनात्मक जुड़ाव की सबसे मार्मिक तस्वीर मंगलवार को समाजवादी पार्टी मुख्यालय में देखने को मिली। गोरखपुर से आई मात्र आठ वर्षीया रश्मिका यादव, जो कक्षा तीन की छात्रा है, और कक्षा छह में पढ़ने वाला ग्यारह वर्षीय बालक राजेश यादव 'विक्की' अपने अपने गुल्लकों में वर्षों से जोड़ी गई पूरी धनराशि लेकर लखनऊ पहुंचे और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव को भेंट स्वरूप सौंप दी। इन मासूम बच्चों की यह भेंट नेताजी श्री मुलायम सिंह यादव के प्रति गहरे आदर, श्रद्धा और भावनात्मक निष्ठा का प्रतीक बन गई। इन बच्चों के साथ उनकी माता शौर्य यादव भी उपस्थित रहीं, जिन्होंने स्वयं भी स्मारक निर्माण हेतु अपना समर्थन व्यक्त किया। श्री अखिलेश यादव ने बच्चों की इस अनुपम श्रद्धा और निःस्वार्थ भावना की भूरि-भूरि सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि नेताजी के प्रति समाज का यह प्रेम और सम्मान ही उनकी सच्ची विरासत है। यह दृश्य जहां भावुक कर देने वाला था, वहीं इस बात का प्रमाण भी था कि नेताजी की स्मृति समाज के हर वर्ग के मन में कितनी गहराई से जीवित है।

## खोए मोबाइल बरामद कर पुलिस ने लौटाई मुस्कान

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह के पर्यवेक्षण में कार्य कर रही एसओजी-सर्विलांस टीम ने सोमवार को गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी कर एक बड़ी सफलता दर्ज की। टीम ने कुल 51 मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग छह लाख चालीस हजार रुपये है।

## निर्माणाधीन मकान में कार्यरत मजदूर की नीचे गिरकर मौत

**जगदीशपुर अमेठी।** निर्माणाधीन मकान मे कार्य कर रहे मजदूर का पैर फिसल जाने से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे ईलाज के लिए अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने टामा सेटर रेफर कर दिया जहां उसकी मौत हो गई। थाना क्षेत्र के अंतर्गत जलालपुर तिवारी गांव निवासी छंगू जो मजदूरी करने सिधियावा गांव गये थे जहां निर्माणाधीन मकान मे काम करते समय पैर फिसल जाने से अचानक नीचे गिर गए जिसे ईलाज के लिए जगदीशपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां अधिक चोट होने के कारण चिकित्सको ने टामा सेटर रेफर कर दिया जहां उसकी मौत हो गई। जिसके संबंध मे मृतक के परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की।

# गोरखपुर के सात प्रमुख मंदिरों में पर्यटन विकास को मिलेगा बढ़ावा, दो करोड़ 67 लाख रुपये स्वीकृत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** गोरखपुर जनपद के सात प्रमुख धार्मिक स्थलों के पर्यटन विकास के लिए प्रदेश सरकार ने कुल दो करोड़ सड़सठ लाख रुपये की लागत से सात परियोजनाएं स्वीकृत की हैं।

इन परियोजनाओं के तहत मंदिर परिसरों का सौंदर्यीकरण, बुनियादी सुविधाओं का विकास और श्रद्धालुओं के लिए अवस्थापना ढांचे को बेहतर बनाने का कार्य किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को पर्यटन मानचित्र पर प्रमुखता देने की दिशा में यह बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि इन स्थलों के विकास से जहां श्रद्धालुओं को सुविधाएं मिलेंगी, वहीं पर्यटन से स्थानीय लोगों को रोजगार और आजीविका के अवसर भी प्राप्त होंगे। मंत्री ने बताया कि बांसगांव क्षेत्र के मझगांवा गांव स्थित मां करवल देई मंदिर के विकास पर 38.29 लाख रुपये, सहजनवां के पाली गांव में स्थित भूलेश्वर मंदिर पर 38.29 लाख रुपये, खोराबार विकास खंड के अकोहरी गांव स्थित पोछिया ब्रह्मस्थान मंदिर पर 38.42 लाख रुपये, झारखंडी महादेव मंदिर के पर्यटन विकास पर 37.75 लाख रुपये, खजनी महादेव शिव मंदिर पर 38.35 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा चौरीचौरा तहसील के ब्रह्मपुर विकास खंड अंतर्गत नदुआ ज्ञानपार गांव में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु 38.45 लाख रुपये और गोला तहसील के चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र में धार्मिक स्थल के विकास हेतु 38.15 लाख रुपये की परियोजना स्वीकृत की गई है। जयवीर सिंह ने कहा कि सावन जैसे अवसरों पर झारखंडी महादेव मंदिर में लाखों श्रद्धालु जुटते हैं। इस ऐतिहासिक शिवलिंग पर कुल्हाड़ी के निशान भी श्रद्धा का विषय हैं और अब यहां पर्यटन विकास से श्रद्धालुओं को अधिक सुविधा मिलेगी। पर्यटन मंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन को एक सूत्र में जोड़ते हुए स्थानीय विकास के लिए प्रतिबद्ध है। गोरखपुर के ये प्राचीन मंदिर केवल पूजा स्थली नहीं, सांस्कृतिक चेतना के केंद्र हैं, जिनके विकास से उत्तर प्रदेश का धार्मिक पर्यटन और अधिक समृद्ध होगा।

## अवध बार चुनाव का बिगुल बजा, 14 जुलाई से नामांकन, 29 को मतदान

**लखनऊ।** राजधानी में अवध बार एसोसिएशन के चुनावी रण की तारीखें तय हो गई हैं। अधिवक्ताओं के इस प्रतिष्ठित संगठन में इस बार की चुनावी सरगर्मी अब औपचारिक रूप से शुरू हो जाएगी, जब चौदह जुलाई से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। नामांकन भरने की अंतिम तिथि सत्रह जुलाई निर्धारित की गई है। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, नामांकन पत्रों की जांच अठारह जुलाई को की जाएगी, जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि बीस जुलाई तय की गई है। मतदान उनतीस जुलाई, सोमवार को सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक होगा, और अगले ही दिन तीस जुलाई को मतगणना के बाद चुनाव परिणामों की घोषणा की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने बैठक में योजनाओं की समीक्षा की

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गई। बैठक में मिशन वात्सल्य के तहत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष/बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ/वन स्टाप सेंटर टास्क फोर्स को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष बैठक के अंतर्गत सर्वप्रथम रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष के अंतर्गत जिला संचालन समिति के स्तर पर लंबित 56 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। जिला बाल कल्याण संरक्षण समिति की बैठक प्रारंभ करते हुए जिलाधिकारी के द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड-19 एवं सामान्य तथा स्पान्सरशिप के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निस्तारण की समीक्षा की गयी। बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जिला प्रोबेशन अधिकारी के द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टाफ सेंटर के द्वारा किये गये कार्यों के संबंध में अवगत कराया गया।

# आज बिजलीकर्मियों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल

## निजीकरण के विरोध में लखनऊ से उठेगा आक्रोश, एक लाख से अधिक कर्मचारी उतरेंगे सड़कों पर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** देशभर में बिजली सेवाओं के निजीकरण के खिलाफ चल रही असहमति अब निर्णायक रूप लेने जा रही है।

बुधवार, नौ जुलाई को प्रस्तावित अखिल भारतीय बिजलीकर्मी हड़ताल में लखनऊ सहित पूरे उत्तर प्रदेश के लाखों विद्युतकर्मी कार्य का बहिष्कार करेंगे। यूनाइटेड फोरम आफ इलेक्ट्रिसिटी एम्प्लायीज एंड इंजीनियर्स ने इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है, जिसमें देशभर के लगभग सत्ताईस लाख कर्मचारी व अधिकारी शामिल होने जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर, गोरखपुर जैसे प्रमुख शहरों के साथ-साथ ग्रामीण विद्युत उपकेंद्रों से जुड़े कर्मियों ने भी हड़ताल में भाग लेने का एलान किया है। राजधानी लखनऊ में लगभग एक लाख कर्मचारी हड़ताल में भाग लेंगे। पहले ही सभी संबंधित कार्यालयों और अधीक्षण अभियंताओं को चेतावनी के साथ हड़ताल का नोटिस दे दिया गया था, जिसके बावजूद सरकार की ओर से कोई निर्णायक वार्ता नहीं हुई। हड़ताल का मुख्य कारण हैकृबिजली वितरण व्यवस्था में निजीकरण को बढ़ावा देने की नीति। कर्मचारियों का कहना है कि इससे न केवल उपभोक्ताओं की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, बल्कि लाखों कर्मचारियों की नौकरी और भविष्य भी संकट में आ जाएगा। कर्मचारियों की मांग है कि विद्युत क्षेत्र को सार्वजनिक नियंत्रण में ही रखा जाए और ऊर्जा क्षेत्र में स्थायी नियुक्तियों को प्राथमिकता दी जाए। पूर्व में भी इसी मुद्दे पर वर्ष राज्यव्यापी आंदोलन हुआ था, जिसमें सरकार को समझौता करना पड़ा था, किंतु अब फिर से निजी हाथों में वितरण सौंपने की प्रक्रिया को लेकर विरोध तेज हो गया है। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि यह केवल कर्मचारियों का आंदोलन नहीं, बल्कि जनहित का मुद्दा है। बुधवार की हड़ताल से प्रदेश के कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। संगठन ने हालांकि यह भी कहा है कि अस्पताल, जलापूर्ति और अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं की जाएंगी, जिससे आमजन को न्यूनतम असुविधा हो। इस बीच, सरकार की ओर से किसी भी प्रकार की आपातकालीन योजना की घोषणा नहीं की गई है, लेकिन प्रशासनिक सतर्कता बढ़ा दी गई है। ऊर्जा मंत्री के स्तर पर भी कोई अंतिम संवाद नहीं हुआ है, जिससे हड़ताल के और अधिक उग्र होने की आशंका बढ़ गई है।

# हड़ताल को वामपंथी दलों का समर्थन

**लखनऊ।** देशभर में नौ जुलाई को प्रस्तावित अखिल भारतीय हड़ताल को वामपंथी दलों ने खुला समर्थन दिया है। ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर आयोजित इस हड़ताल को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले), फॉरवर्ड ब्लाक, आरएसपी और लोकतांत्रिक जनता दल ने जनहित की निर्णायक लड़ाई करार देते हुए इसे सफल बनाने का आह्वान किया है।

वामपंथी दलों के पदाधिकारियों ने अपनी सभी इकाइयों से अपील की है कि वे मजदूरों, किसानों, खेत मजदूरों, छात्रों और युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए इस आंदोलन में सक्रिय भागीदारी करें। उनका कहना है कि यह हड़ताल केवल श्रमिक हितों की बात नहीं करती, बल्कि समूचे समाज के हाशिये पर खड़े तबकों की आवाज़ को बुलंद करती है।समर्थन देने वालों में सीपीएम के राज्य सचिव रविशंकर मिश्र और केन्द्रीय समिति सदस्य हीरालाल यादव, सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव डा. गिरीश और राज्य सचिव अरविंद राज स्वरूप, भाकपा (माले) के राज्य सचिव सुधाकर यादव, फारवर्ड ब्लाक के महासचिव उदयनाथ सिंह और लोकतांत्रिक जनता दल के अध्यक्ष जुबैर अहमद शामिल हैं।

# टिकरी माइनर से जुड़े हज़ारों किसानों को कई सालों से पानी न मिलने पर अमेठी सांसद ने लिया संज्ञान

**सिंहपुर-अमेठी।** बाराबंकी के हैदरगढ़ ब्रांच शारदा सहायक खंड 28 से निकली टिकरी माइनर जनपद अमेठी और रायबरेली के दर्ज़नों ग्राम पंचायतों के हज़ारों किसानों की सिंचाई होती हैं। लेकिन यहां के किसानों को विभागीय लापरवाही के चलते आज कई सालों से फसलों की सिंचाई हेतु माइनर में पानी नही मिल पा रहा हैं।

इस संबंध में सभी किसानों ने मिलकर काफी संघर्ष किया और आवाज उठायी कि माइनर में पानी उपलब्ध हो जायं लेकिन उनके हाथ निराशा ही लगी। थकहार कर किसानों ने अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा को पूरे मामले से अवगत कराया कि उन्हें सिंचाई के लिए आज कई सालों से टिकरी माइनर से पानी नही मिल पा रहा हैं। अमेठी सांसद श्री के एल शर्मा ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लिया। सांसद के दिशा-निर्देश पर मंगलवार सुबह अमेठी के कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने हैदरगढ ब्रांच खण्ड 28 से निकली टिकरी माइनर का निरीक्षण कर पीड़ित किसानों से बातचीत किया। और उन्होंने भरोसा दिलाया कि अतिशीघ्र ही समस्या का निदान किया जायेगा। किसानों ने बताया कि उक्त माइनर की दूरी हेड से टेल तक लगभग अठारह किलोमीटर है।

## चोरी के माल के साथ गिरफ्तार

**सीतापुर।** देहात कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर छापेमारी की। वहां पर पुलिस ने लखीमपुर खीरी जनपद के खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम बरुआ निवासी राम लखन पुत्र गामा को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि चोरी की एक मामले में विवेचना के दौरान राम लखन का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस ने उसके कब्जे से 1500 रुपये, एक जोडी पायल, 6 जोडी विछिया, 6 सिक्के बरामद किए है। पुलिस का कहना है कि उसने मोहल्ला आनन्द नगर मार्ग में एक मकान से तथा जेल के पास पुल के नीचे मकान से चोरी किया था । उक्त चोरी के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर 150/2025 धारा 305/331(4) बीएनएस , तथा पुल के पास हुई चोरी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर मुकदमा पंजीकृत है। बरामदगी के आधार पर अभियोगों में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी करते हुए आरोपी का चालान किया गया है।

# पूर्व पीएम चंद्रशेखर की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** वैचारिक दृढ़ता और सामाजिक परिवर्तन की राजनीति के प्रतीक पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी के आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में मौजूद सभी लोगों ने चंद्रशेखर जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों और संघर्ष को याद किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा कि चंद्रशेखर जी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए जनसेवा को अपने जीवन का धर्म बनाया। उन्होंने लोकतंत्र को उसकी जड़ों तक मजबूत करने में जो योगदान दिया, वह आज भी अनुकरणीय है। वह लोकतांत्रिक संस्थाओं की मर्यादा और व्यक्तिगत संबंधों के निर्वहन में अप्रतिम थे। कई बार अपने विचारों पर अडिग रहने के कारण उन्हें अकेले भी खड़ा होना पड़ा, लेकिन उन्होंने कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। रामगोविंद चौधरी ने कहा कि चंद्रशेखर जी मेरे गुरु, अभिभावक और प्रेरणास्रोत रहे हैं। उन्होंने जो राह दिखाई, उसी पर चलना ही मेरे लिए उनकी सच्ची श्रद्धांजलि है। इस श्रद्धांजलि सभा में समाजवादी पार्टी के उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता सुशील कुमार पाण्डेय कान्हजी, शिक्षक नेता सुशील यादव, हाईकोर्ट अधिवक्ता संदीप यादव, ई. बबलू, रामाधार यादव, रंजीत चौधरी, सोनू, सुनील प्रजापति, राजेंद्र यादव, अंचल यादव, प्रियांशु राज यादव सहित अनेक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी और शुभचिंतक उपस्थित रहे। सभा के अंत में सभी ने चंद्रशेखर जी के जीवन और विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार

**सीतापुर।** तंबौर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में नाकेबंदी की और चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने तंबौर थाना कस्बा मुहल्ला कस्थन टोला निवासी जीशान उर्फ मुकरी पुत्र गुढू उर्फ नजीर तथा मोहल्ला नवाबगंज निवासी हसीन उर्फ टेबू पुत्र मतीन को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से एक-एक आवाज तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ तंबौर थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पौराणिक मनोरमा नदी के पुनर्जीवन के लिए श्रमदान के साथ शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता



**गोंडा।** प्रदेश सरकार की पारंपरिक नदियों के संरक्षण और पुनर्जीवन हेतु चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान को मंगलवार को जनपद में एक नई गति मिली।

जिसके क्रम में पौराणिक मनोरमा नदी के पुनर्जीवन अभियान की शुरुआत जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा के नेतृत्व में ब्लाक इटियाथोक अंतर्गत सिसई बहलोलपुर गांव से हुई। यह महज एक प्रशासनिक अभियान नहीं, बल्कि जनसामान्य की आस्था, संस्कृति और पर्यावरणीय चेतना से जुड़ा पुनरुत्थान है। पंडरी कृपाल, इटियाथोक, रुपईडीह एवं मुजेहना ब्लाकों से आए ग्रामीणों, युवाओं, ग्राम प्रधानों, स्वयंसेवी संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों सहित 200 से अधिक लोगों ने इस अवसर पर श्रमदान कर इस पहल को जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया। जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने श्रमदान कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा, ष्मनोरमा नदी केवल एक जल स्रोत नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक स्मृति, परंपरा और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व का प्रतीक है। इसका पुनर्जीवन जनपदवासियों के स्वाभिमान से जुड़ा हुआ है और यह कार्य प्रशासन व जनमानस की साझी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकित जैन समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

# बैटरी चोर गिरोह का पर्दाफाश

## तीन शातिर चोर गिरफ्तार, 10 लाख की 208 बैटरियां बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता



**अमेठी।** जिले में सक्रिय बैटरी चोर गिरोह का अमेठी पुलिस ने भंडाफोड़ कर दिया है। स्वाट टीम व गौरीगंज पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में तीन अंतर्जनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया गया है।

इनके पास से 208 चोरी की बैटरियां, एक महिंद्रा पिकअप व एक डीसीएम वाहन बरामद किए गए हैं। बरामद बैटरियों की अनुमानित कीमत 10 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। गिरफ्तारी गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के पंडरी गांव के पास उस वक्त हुई जब स्वाट टीम को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि चोर गैंग के सदस्य बैटरियां एक वाहन से दूसरे में लोड कर रहे हैं। मौके पर पहुंची टीम ने महिंद्रा पिकअप व डीसीएम गाड़ी के साथ तीनों को रंगे हाथों पकड़ लिया।गिरफ्तार आरोपियों में प्रतापगढ़ जनपद के उदयपुर थाना क्षेत्र निवासी सद्दाम पुत्र आलेमान खान, मकसूद उर्फ दुन्ने पुत्र आलेमान खान और दीपांशु पुत्र रामकुमार कोरी शामिल हैं। महिंद्रा पिकअप से 39 ई-रिक्शा बैटरी, डीसीएम से 64 इनवर्टर बैटरी, 90 मोटरसाइकिल बैटरी और 15 चार पहिया वाहनों की बैटरियां बरामद हुईं।पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी अपने दो फरार साथियों प्रवीण सिंह और मुन्ना के साथ मिलकर बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़ और अमेठी में चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।

## नवनिर्वाचित मंडल म्याऊं की टीम का स्वागत सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** नवनिर्वाचित शिवम् शर्मा आईटी संयोजक मंडल म्याऊं ने नई टीम का स्वागत सम्मान किया।

जिसके मुख्य अतिथि माननीय ब्लॉक प्रमुख यादवेंद्र शाक्य के सी शाक्य ब्लॉक प्रमुख म्याऊं और साथ में दुष्यंत सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष जगत सुनील गुप्ता किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओमपाल राजपूत मंडल अध्यक्ष म्याऊं कुमारपाल कश्यप प्रधान म्याऊं प्रमोद कुमार कश्यप मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा हरिशंकर मिश्रा मंडल महामंत्री म्याऊं डॉक्टर चक्रेश नंदन कमल सिंह ठाकुर रामू सिंह पुष्पेंद्र शर्मा मंडल टीम के सभी लोग उपस्थित रहे।

## सड़क पार कर रही मासूम बच्ची को चार पहिया गाड़ी ने रौंदा, दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** मंगलवार को मुरादाबाद फर्रुखाबाद हाईवे रोड पर ग्राम भटपुरा के पास सड़क पार कर रही 5 वर्षीय बच्ची को चार पहिया गाड़ी ने रौंद दिया जिसमें बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई।

हम आपको बता दें कि बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव भटपुरा निवासी दीपेंद्र की 5 वर्षीय पुत्री नैनश्री मुरादाबाद फर्रुखाबाद हाईवे पर अपने ही गांव के पास सड़क पार कर रही थी तभी अचानक से बिसौली की ओर से चंदौसी की ओर जा रही चार



पहिया गाड़ी ने 5 वर्षीय नैंनश्री को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें 5 वर्षीय नैनश्री गंभीर रूप से घायल हो गई सूचना पर घटना की तरफ तरफ दौड़े परिजनों ने आनन फानन में घायल बच्ची को निजी वाहन से बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां उपस्थित डॉक्टरों द्वारा बच्ची को मृत घोषित कर दिया गया ।

वहीं परिजनों ने बताया कि चार पहिया गाड़ी वैगन आर ने बच्ची को टक्कर मारी थी और वह टक्कर मार कर फरार हो गया घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक नैन श्री के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट।

## तालाब में तैरता मिला अज्ञात युवक का शव




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** मंगलवार को बिसौली कोतवाली क्षेत्र के दबतोरी के एक तालाब में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची दबतोरी चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों की मदद से तालाब में तैरते हुए शव को बाहर निकलवाया वही दबतोरी चौकी पुलिस ने बताया कि तालाब में डूब कर मरने वाला व्यक्ति जिसकी उम्र 30 32 साल है जिसकी ग्राम दबतोरी थाना बिसौली जनपद बदायूं के तालाब में डूब कर मृत्यु हो गई है अज्ञात मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन मृतक की पहचान ना हो सकी पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी ।

## ईओ नदारद, फरियादी समस्याओं के समाधान के लिए रहे हैं भटक

### जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए लड़ने को आमादा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी रवि यादव ने 18 जून को नगर पालिका का कार्यभार संभाला था तब से कार्यालय में न बैठने के कारण जन्म मृत्यु जैसे आवश्यक कार्यो का निपटान न होने से शिकायतों का अंबार लगा हुआ है। मंगलवार को 11:00 बजे नगर पालि. का परिषद बिसौली का कार्यालय खुला था। साफ सफाई हो चुकी थी। कुछ सहकर्मी भी अपनी कुर्सी थाम चुके थे। लेकिन अपने कक्ष में अधिशासी अधिकारी मौजूद नहीं थे। फरियादी आवास, पेयजल, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र व अन्य नगरीय समस्याओं के समाधान के लिए लोग इधर-उधर टहल रही थे। लेकिन उनकी व्यथा सुनकर समाधान करने के लिए कार्यालय में जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं थे। समस्याओं को लेकर कार्यालय आने वाले जरूरतमंद समाधान के लिए भटक रहे हैं। जबकि जन समस्याओं को सुनने के लिए हर हाल में कार्यालय में सुबह 9:30 बजे अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। जनता दर्शन में समय से उपस्थित को लेकर सूबे के मुखिया के सख्त फरमान है।

## भक्तों ने किया महाकाल बाबा का भव्य श्रृंगार



**अंकित कुमार गुप्ता ,शाह टाइम्स**

**रुदायन।** नगर में स्थित ब्रह्मदेव बाबा मंदिर पर भक्तों ने बाबा महाकाल का अद्भुत श्रृंगार किया बाबा के दर्शन के लिए देर रात तक भक्तों की भीड़ लगी रही हर सोमवार को बाबा का श्रृंगार बदल बदल कर किया जाता है और बाद में फल, मिठाई, शरबत और नारियल गोले का भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर संजीव गुप्ता, रविशंकर, महेंद्रपाल गुप्ता, कुलदीप, अनुज, बॉबीशंकर, सचिन,संकित, सोहित, लव- कुश, ईशु, गोलू, सरवन, नीरज, धीरज, ऋतिक, अंश, वैभव,शुभम, प्रवीण, देबू, धर्मेंद्र, मनोज, सोमपाल, आदि सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## वृक्ष धरती के आभूषण हैं: नरेंद्र चौधरी

### विद्युत वितरण खंड कैंपस में अधिशासी अभियंता नरेंद्र चौधरी ने किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** विद्युत वितरण खंड तृतीय बिसौली में वन महोत्सव सप्ताह के तहत पौधरोपण किया गया। जहां अधिशासी अभियंता नरेंद्र चौधरी, एसडीओ अमित कुमार और अवर अभियंताओं की मौजूदगी में पौधारोपण हुआ। मंगलवार को विद्युत वितरण खंड कैम्पस में अधिशासी अभियंता नरेंद्र चौधरी ने पौधरोपण किया। उन्होंने अधिकारी और कर्मचारियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी स्वयं देखभाल करने को कहा। श्री चौधरी ने कहा कि वृक्ष धरती के आभूषण हैं। यह बड़े होकर पर्यावरण को सुरक्षा



प्रदान करते हैं। एसडीओ अमित कुमार ने कहा कि पौधारोपण का मुख्य उद्देश्य न केवल परिसर को हरा भरा बनाना बल्कि पर्यावरण की सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है। इस दौरान अवर अभियंता मो. मियां कुरैशी, अवर अभियंता संजीव वार्ष्णेय, कमलेश कुमार, त्रिलोकी सिंह, नगर पालिका सभासद बाबू फारूकी, रवि शर्मा, अनिल यादव, विकास यादव, रोमेश पाठक, संगम चौहान आदि मौजूद रहे।

## हाई वोल्टेज विद्युत करंट की चपेट में आने से किशोर की हुई मौत

### मृतक किशोर दिल्ली से अपनी बुआ के घर मोहर्रम देखने आया था, बिना पोस्टमार्टम कराए ही कर दिया दफन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिलहरी।** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव वरीसमसपुर निवासी मुन्नायार अली के घर आया उनके साले का लडका जीशान अली 17 अपने फूफा के घर दिल्ली से मोहर्रम के त्यौहार पर आया था ग्रामीणों के मुताबिक अपराह्न के गांव के निकट प्राथमिक विद्यालय परिसर में मैच खेल रहा था मैच खेलते समय वाल छत पर चली गई ग्रामीणों के मुतबिक किशोर बाल उठाने क लिए बाउंड्री पर चढ़ा था लेकिन ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई जमीन पर नीचे खेल रहे अन्य साथी बच्चों ने की पुकार की तब तमाम ग्रामीण घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े ग्रामीणों ने बताया संबंधित विद्युत उपकेंद्र बिनावर संविदा कर्मी लायन मैनों को लाइन काटने के लिए फोन किया लेकिन किसी का फोन रिसीव नहीं हुआ लाठी डंडों से उसे तार से दूर किया गया विद्यालय के साइड से गुजर रही लाइन काफी ढीली हालत में जो झूल रही हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत विभाग को शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हुई ग्रामीणों चंदा एकत्र कर संविदा लायन मैन द्वारा एंगल लगवा कर लायन को ठीक कराया है लेकिन फिर से लायन ढीली हो गई मृतक के शव का पीएम नहीं कराया गया विना पीएम अन्तिम संस्कार किया जायेगा ।

इस संबंध में एडीओ बिनावर अमर सिंह ने वताया कि विद्यालय की मृतक बाउंड्री पर खड़ा था ग्यारह हजार लायन ऊपर से गुजर रही है उसकी चपेट में आने से मौत हो गई है ग्यारह हजार लाईन का करंट एक फिट दूर से खींच लेती है ख उसे वहां नहीं जाना चाहिए था पीएम नहीं कराया गया है।

## टॉपर छात्र-छात्राओं को शील्ड, प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार से किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामनगर।** नगर के नेहरू इंटर कॉलेज में दिवंगत पूर्व शिक्षक रहे चौधरी हरी सिंह की पुण्य तिथि के अवसर पर उनके पुत्र देहरादून यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर डॉक्टर नितिन कुमार सिंह और उनकी पुत्र वधू बरेली की दंत डाक्टर प्रीति सिंह ने आज एक कार्यक्रम में इसी वर्ष हाई स्कूल की गणित तथा विज्ञान की परीक्षा में टॉप दो छात्र माधव गुप्ता और केशव गुप्ता तथा दो छात्राओं को नकद तीन तीन हजार रुपए की छात्र वृति और प्रमाण पत्र ,स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। यह छात्र वृति अगले वर्ष इंटर वाली सत्र में भी मिलेगी इन चारों बच्चों को। नेहरू इंटर कॉलेज में हरी सिंह मेमो.



रियल छात्र वृति वितरण समारोह के इस अवसर पर नेहरू इंटर कालेज के प्रबंधक सुमित पाठक, उप प्रबन्धक कुलदीप शर्मा, बिसौली ब्लॉक प्रमुख बंटी पाठक, प्रिंसिपल आलोक पाठक, रुदायन चेयरमैन प्रतिनिधि मुरली मनोहर गुप्ता,भाजपा नेता अनूप सिंह, पूर्व वाइस चेयरमैन सुनील गुप्ता सनी,स्कूल के शिक्षक ब्रिज किशोर,अमित शर्मा,आदेश शर्मा, सुशील कुमार,सुरेंद्र शर्मा,विद्या रत्न चौधरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।अंत में कार्यक्रम के आयोजक रहे प्रोफेसर डॉ नितिन कुमार सिंह और उनकी पत्नी डाक्टर प्रीति सिंह ने सभी आगंत. ुकों का आभार व्यक्त किया।

## अनुज कुमार सिंह तोमर को प्रदेश मीडिया प्रभारी किया नियुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** 8 जुलाई 2025 को सनातन धर्म के प्रति आपकी श्रद्धा और निष्ठा भाव को देखते हुए माननीय संस्थापक ठाकुर अभिषेक प्रताप सिंह जी के अनुशंसा से अनुज कुमार सिंह तोमर जी को आगामी आदेश तक विश्व हिंदू सनातन महासंघ में उत्तर प्रदेश का प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया जाता है ! आप विश्व हिंदू सनातन महासंघ के आदर्शो का पालन करते हुए, संगठन को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे । कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी विश्व हिंदू सनातन महासंघ के परिवार की ओर से सभी देशवा. सियों को शिवरात्रि एवं सावन माह के पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।

## कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद में आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंध, यातायात सुगमता एवं प्रशासनिक तैयारियों की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि 11 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू हो रही है। जिसे 6 जोन एवं 16 सेक्टर में विभाजित किया गया है, जिसके लिए सम्बन्धित सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी सेवाभाव से कार्य करते हुए आपसी समन्वय बनाकर यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराएं। यात्रा मार्गों का स्थलीय निरीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए और जहां कहीं व्यवस्थाएं अधूरी हैं, उन्हें समय रहते पूर्ण कर लिया जाए। बिजली के खम्भों पर प्लास्टिक शीटिंग का कार्य यदि शेष हो तो तत्काल पूरा कराया जाए ताकि किसी दुर्घटना की आशंका न रहे। डीएम ने यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि यातायात कहीं अवरुद्ध न हो, मार्गों पर पुलिस जवान तैनात रहकर यात्रियों को उचित दिशा-निर्देश दें। ढाबों व खानपान की दुकानों पर शुद्ध एवं उचित दाम पर भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था कराई जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सकीय सहायता हेतु आवश्यक एम्बुलेंस व मेडिकल टीम तैनात रहे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान डीजे साउंड सिस्टम का साइज मानक अनुसार ही रहे, ओवरसाइज डीजे व आपत्तिजनक कंटेंट का प्रयोग न हो। इस पर संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी कड़ी निगरानी रखें व डीजे ऑपरेटर्स को पहले से निर्देशित कर दें। नियम उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अवसर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 वैभव शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, समस्त उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक एवं अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com

## खेलों से अनुशासन, चतुराई एवं आत्मविश्वास का होता है विकास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** एस.डी.बी. पब्लिक स्कूल में मंगलवार को इंटर हाउस शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रतियोगिता विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षिका भुवनेश्वरी मैडम के मार्गदर्शन में आयोजित की गई, जिसमें कक्षा 8, 11 व 12 के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, एकाग्रता एवं निर्णय लेने की शक्ति को सुदृढ़ करना था। विद्यालय के निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय ने कहा कि "शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि सोचने की दिशा और धैर्य का अभ्यास है।इससे बच्चों में अनुशासन,चतुराई और आत्मविश्वास का विकास होता है।" उन्होंने सभी विजेताओं को बधाई दी और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या मीनू बत्रा ने प्रतियोगिता को विद्यार्थियों के मानसिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। उन्होंने कहा कि "ऐसे आयोजनों से बच्चों की विश्लेषण क्षमता और मनोबल दोनों ही मजबूत होते हैं। यह उन्हें जीवन के निर्णयों में भी मदद करता है।" उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं।प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे: कक्षा 8 से दिया विश्वास (8-बी, यमुना हाउस) और सक्षम अग्रवाल (8-ए, गंगा हाउस) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अनिमा शर्मा (8-बी, गंगा हाउस) और यश सिंह (8-ए, ध्रुव हाउस) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11 में खुशी वार्ष्णेय (11-बी, ध्रुव हाउस) और नैतिक वार्ष्णेय (11-ए, गंगा हाउस) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं कशिका जैन (11-ए, प्रह्लाद हाउस) और राघव मिश्रा (11-सी, गंगा हाउस) द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा 12 के परिणामों में सृष्टि यजुर्वेदी (12-ए, यमुना हाउस), आयुष माथुर (12-डी, गंगा हाउस) और दिव्यांश प्रताप सिंह (12-ए, यमुना हाउस) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मुस्कान वार्ष्णेय (12-ए, ध्रुव हाउस) द्वितीय स्थान पर रहीं। विद्यालय परिवार की ओर से सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई दी गई एवं भुवनेश्वरी मैडम सहित सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया, जिनके सहयोग से यह प्रतियोगिता सफलता की ऊँचाइयों तक पहुँची।

## मुहर्रम जुलूस के दौरान एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच विवाद छिड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली ।** सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने भी पथराव होता रहा। इस दौरान पत्थर लगने से एक सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों पक्षों के पांच लोग भी जख्मी हुए हैं। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। हम आपको बता दें कि कस्बा बिसौली मोहल्ला सराय के पास रविवार को मुहर्रम जुलूस में पानी बांटने की छींटाकशी पर रिहान और शकील के बीच कहासुनी हो गई थी। इसके बाद दोनों के बीच धक्का मुक्की हो गई थी, लेकिन तब जुलूस में मौजूद संभ्रांत लोगों ने मामला शांत करा दिया था। सोमवार रात शीशमहल मोहल्ले फिर से दोनों पक्ष के लोग 20 से 25 की संख्या में एकत्र हो गए। एक दूसरे को ललकारने लगे। इससे दोनों पक्ष के लोगों के बीच गाली गलौज होने के बाद मारपीट शुरू हो गई। घटना से मोहल्ले में मची भगदड़ शोरशराबा होने पर दोनों ही पक्ष के परिजन भी आमने-सामने आ गए। इससे विवाद और बढ़ गया। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर ईंट पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। मोहल्ले के लोगों में भगदड़ मच गई। लोगों की सूचना पर कोतवाली से चीता मोबाइल के सिपाही देवेंद्र एक होमगार्ड को लेकर पहुंच गए। वहां डायल 112 की पुलिस भी आ गई। पुलिस टीम ने दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की, लेकिन दोनों पक्षों का पथराव जारी रहा। एक पत्थर सिपाही देवेंद्र के सिर में जा लगा। इससे वह घायल हो गए। वहीं, रिहान समेत पांच लोग घायल हो गए। सिपाही के घायल होने की सूचना पर सीओ बिसौली सुनील कुमार के साथ पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपी भाग चुके थे। पुलिस ने घायल सिपाही समेत अन्य का प्राथमिक इलाज कराया। एसपी देहात केके सरोज ने बताया कि दो पक्षों के बीच मारपीट के बाद पथराव हो गया था। एक सिपाही समेत अन्य के घायल होने की जानकारी है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी।

## हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल


**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** यूपी : बदायूं के दातागंज में मोहर्रम के अवसर पर रविवार को पुलिस सुरक्षा के बीच ताजिया जुलूस निकाला गया। अकीद. तमंदों ने कर्बला के शहीदों को याद किया। जुलूस में युवाओं ने छप्पन छूरी और जंजीरों से मातम किया। बच्चों और महिलाओं ने मेलों में खरीददारी की। हर गांव से श्या हुसैनश की सदाएं गूंजीं।ताजिया जुलूस निर्धारित मार्गों से होते हुए कब्रिस्तान तक पहुंचा। थाना प्रभारी दातागंज गौरव बिश्नोई, प्रभारी हेडमुहरर थाना उपनिरीक्षक विनोद कश्यप ,हेड कांस्टेबल हरीश कुमार, पंकज सैनी, हेड कांस्टेबल सुरेंद्र गंगवार , राज. कुमार सिंह कांस्टेबल गौरव नागर होमगार्ड अखिलेश वर्मा आदि ने व्यवस्था संभाली। रविवार को जिले में मोहर्रम की रस्मों के तहत इमाम हुसैन की शहादत की याद में छुरी का मातम किया गया।बीती रात आग



का मातम भी मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोग ताजिये के साथ जुलूस में शामिल हुए और कर्बला पहुंचकर ताजिये को दफन किया। इस दौरान या हुसैन या हुसैन की सदाओं के बीच अकीदतमंदों ने मातम किया और इमाम की कुर्बानी को याद किया।मोहर्रम पर दातागंज में छुरी का मातम हुआ:इमाम हुसैन की शहादत में जुलूस निकाला गया, जिसमें पीएसी और पुलिस की सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। दातागंज में इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना मोहर्रम गम और मातम का महीना माना जाता है। मुहर्रम के 10वें दिन को आशूरा कहा जाता है। जिसे शिया समुदाय बड़ी अकीदत और श्रद्धा के साथ मनाता है। रविवार को नगर में मोहर्रम की रस्मों के तहत इमाम हुसैन की शहादत की याद में छुरी का मातम किया गया। बीती रात आग का मातम भी मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोग ताजिये के साथ जुलूस में शामिल हुए और कर्बला पहुंचकर ताजिये को दफन किया।

## अगले 3 घंटों में तीव्र बारिश होने की संभावना



**सोनू खान,शाह टाइम्स**

**बदायूं।** सचेत ऐप के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले 3 घंटों में निम्न जनपदों में अलग-अलग स्थानों पर मध्यम से तीव्र बारिश होने की संभावना के 'ऑरेंज अलर्ट' की सूचना प्राप्त हुई है। 'अमरोहा, औरैया, बदांयू, बरेली, बिजनोर, एटा, इटावा, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद, हरदोई, हाथरस, जालौन, कन्नौज, कानपुर देहात, कासगंज, मैनपुरी, मोरादाबाद, पीलीभीत, रामपुर, संभल, शाहजहाँपुर।

# अवैध धर्मांतरण को लेकर सिख-सिंधी समाज नाराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र में गैरमुस्लिम लड़कियों को बहला फुसला कर किए जा रहे धर्मांतरण के खिलाफ सिख व सिंधी समाज के लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया है। समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री योगी ने इस तरह के कुत्सित प्रयास करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

लोगों ने कहा कि धर्मांतरण की साजिश रचने वाले अपराधियों को फांसी सजा मिलनी चाहिए।उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के सिख प्रतिनिधि व गुरुगोविंग सिंह सेवा समिति के सचिव परबिंदर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अवैध धर्मांतरण की खबरें सामने आई हैं वह दुखद है। लझगुर बाबा जो कि बड़े पैमाने पर गैर मुस्लिम लड़कियों के धर्मांतरण कराने के आरोप में गिरफ्तार हुआ है, ऐसे लोगों की सजा फांसी के कम नहीं होनी चाहिए। धर्मांतरण के लिए बहन बेटियों का मूल्य तय करना इनकी घिनौनी सोच को दर्शाता है, इस तरह के कृत्य में जो भी लोग शामिल हैं ऐसे अपराधियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि लड़कियों को पैसा देकर बहला फुसला कर किए जा रहे धर्मांतरण सिख समुदाय के खिलाफ बड़ी साजिश है। उन्होंने योगी से अपील करते हुए कहा कि ऐसे लोग जो विदेशी एजेंसियों के साथ मिलकर इस तरह के कार्य कर रहे हैं उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि गुरुनानक से लेकर गुरु गोविंग सिंह तक, सिख पंथ ने कभी धर्म नहीं बदला, बल्कि धर्म की रक्षा की है। गुरुद्वारा पटेलनगर के हेड ग्रंथी ज्ञानी भगत सिंह ने कहा कि आज उनके अनुयायियों को लालच, भय या छल से धर्मांतरण के लिए मजबूर किया जा रहा है, ये अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि हालिया मामलों में सिख समुदाय के सदस्यों को जबरन धर्म परिवर्तन के लिए निशाना बनाया गया। यह केवल धार्मिक आज़ादी पर हमला नहीं, बल्कि सिख अस्मिता का अपमान है। धर्मांतरण कोई व्यक्तिगत मामला नहीं ये राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय है। यह संगठित और सुनियोजित अभियान है, जिसमें विदेशी फंडिंग और कट्टरपंथी संगठन संलिप्त हैं। सिख समाज के खिलाफ धर्मांतरण की साजिश पर अपराधियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। अवैध धर्मांतरण के खिलाफ सिंधी समाज ने जमकर आक्रोश व्यक्ति किया। सिंधी नेता नानक चंद लखमानी कहा कि सिंधी समाज के खिलाफ धर्मांतरण की साजिश अब और सहन नहीं किया जाएगा। सिंधी समाज की बहन बेटियों को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। सिंधी समाज के मासूम युवाओं, खासकर बहन-बेटियों को धर्मांतरण के जाल में फंसाया जा रहा है। अपराधियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। यह केवल धार्मिक आज़ादी पर हमला नहीं, बल्कि सिंधी संस्कृति और पहचान को मिटाने की कोशिश है। धर्मांतरण के लिए 'रेट' तय करना घिनौना और अमानवीय कृत्य है। धर्म को लेकर बाजारू सौदेबाज़ी और बेटियों को फांसने की दर तय करना, इस षड्यंत्र सोच और मान. सिकता को उजागर करता है।

## संतकबीरनगर में विद्यालय मर्जर के विरोध में शिक्षक धरने पर

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों के विलय के विरोध में मंगलवार को शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में धरना दिया। धरने में जिले के सभी ब्लाकों के अध्यक्ष, मंत्री के साथ बड़ी संख्या में शिक्षक/शिक्षिकाएं, प्रधान, अभिभावक सहित रसोइया भी शामिल हुई। धरना स्थल पर पहुंचे उप जिलाधिकारी खलीलाबाद को संघ की अध्यक्ष सहित अन्य शिक्षक नेताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित दस सूत्रीय सौंपा। धरना की अध्यक्षता करते हुए संघ की जिलाध्यक्ष अंबिका देवी यादव ने कहा कि प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों को प्रधानाध्यक विहीन करते हुए हजारों शिक्षकों को सरप्लस घोषित कर दिया गया। इसमें 20 हजार विद्यालयों का संविलयन करके प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यक के पद समाप्त कर दिए गए।

## कानपुर से कबरई तक फोरलेन ग्रीन फील्ड हाईवे को मिली मंजूरी

**हमीरपुर।** कानपुर से कबरई के बीच 112 किमी लंबे फोरलेन ग्रीन फील्ड हाईवे को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने मंजूरी प्रदान कर दी है। एनएचएआई के परियोजना निदेशक पंकज यादव ने बताया कि 3700 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले इस ग्रीन फील्ड हाईवे के लिए जमीन का अधिग्रहण दो माह में शुरू हो जाएगा। इसके लिए जमीनों का चिन्हीकरण कर लिया गया है। यह ग्रीन फील्ड हाईवे हमीरपुर महोबा कानपुर नगर के 78 गांवों से गुजरेगा और इसको रमईपुर कानपुर के मगरासा के समीप से जोड़कर महोबा की सीमा पर छतरपुर इकोनामिक कॉरिडोर से जोड़कर 112 किमी बनाया जाएगा। तीन माह पूर्व कानपुर कबरई ग्रीन फील्ड हाईवे का एलाइनमेंट तैयार करके स्वीकृत के लिए सड़क परिवहन मंत्रालय को भेजा था।

# तमंचा और कारतूस सहित बदमाश दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में एक बदमाश को तमंचा और कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नईम फार्म के पास से सोहराब पुत्र इलियास निवासी मोहल्ला टांडा को गिरफ्तार किया है। सोहराब के पास से एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं।

पकड़े गए सोहराब पर कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सोहराब की गिरफ्तारी से क्षेत्र में अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी।

गिरफ्तारी टीम में एसआई सन्नी चौधरी, एसआई विजय पाल सिंह, सिपाही विकास कुमार और शिवांशु राठी शामिल रहे। टीम की इस कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता और अपराधियों के प्रति सख्ती का संदेश गया है।

पुलिस ने सोहराब के खिलाफ आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि सोहराब के तार किसी बड़े अपराधी गिरोह से तो नहीं जुड़े हुए हैं। इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

# बरेली में किसान यूनियन की अहम बैठक में राकेश टिकैत ने दिया संघर्ष का संदेश



**बरेली।** किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी राकेश टिकैत ने बरेली में यूनियन के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में आसपास के इलाकों से आए हजारों किसानों ने हिस्सा लिया, और अपनी एकता और मजबूती का परिचय दिया।बैठक में किसानों की मौजूदा समस्याओं, आंदोलन की रूप रेखा और संगठन को मजबूत करने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान बलजिंद्र सिंह मान प्रदेश अध्यक्ष, तराई क्षेत्र उमेश गंगवार, दानिश बाबा खां प्रदेश सचिव, धीर सिंह जिला सचिव समेत कई जिला और क्षेत्रीय पदाधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम में अजमत, रिजवान, सार्थक संधू समेत कई अन्य सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया, और किसानों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। भाकियू नेता राकेश टिकैत ने कहा कि किसान यूनियन किसानों की लड़ाई को गांव-गांव तक लेकर जाएगी।

# हाईवे किनारे पड़ा मिला मंदबुद्धि बुजुर्ग का शव

- चार दिन दिन पुराना था शव, फोरेंसिक टीम ने भी किया मुआयना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां/बहेड़ी।** देवरनियां कोतवाली से दो किलोमीटर दूर बरेली-नैनीताल हाइवे किनारे चीनी मिल के नाले में एक मंदबुद्धि बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने भी मौका मुआयना किया।

मंगलवार को कोतवाली देवर. नियां अंर्तगत बरेली-नैनीताल हाइवे किनारे पश्चिम दिशा में नाला है, जिसमें बराबर में स्थित किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा का गंदा पानी आता है। नाले में पुलिया के पास मंगलवार सुबह बदबू आने पर लोगों ने देखा तो एक बुजुर्ग का शव सड़ी-गली हालत में पड़ा हुआ था। पास में स्थित सुनील ढाबे के स्वामी सुनील ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर देवरनियां कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव की पहचान कराई। शव की पहचान देवरनियां के कस्बा मुंडिया जागीर के वार्ड ग्यारह निवासी नसीर अहमद अंसारी उर्फ नसीरा पहल. बान (60) वर्ष के रुप में हुई। मृतक के पुत्र सगीर अहमद अंसारी ने बताया कि उसके पिता मंदबुद्धि थे, और घर से करीब छह दिन से लापता थे। अक्सर वह लापता हो जाते थे। चार दिन पूर्व उन्हें देवर. नियां स्टेशन के पास टहलते हुए देखा गया था। परिजन मंदबुद्धि होने के कराण नाले में गिरकर मौत होना मान रहे हैं। पुलिस का भी मानना है कि नाले में गिर जाने से ही उनकी मौत हुई है। शव तीन-चार दिन पुराना बताया जा रहा है। उसमें बदबू आ रही थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर फोरेंसिक टीम ने भी जांच-पड़ताल की। मृतक के एक पुत्र और पुत्री है, जिनके विवाह हो चुके हैं।देवरनियां कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि नाले में गिर जाने से ही मानसिक रुप से अस्वस्थ बुजुर्ग की मौत हुई है।

> चीनी मिल के नाले में मानसिक रुप से अस्वस्थ बुजुर्ग का शव होने की सूचना जनता द्वारा मिली। मौके पर पहुंचकर पहचान कराई गई। व्यक्ति की मौत नाले में गिर जाने से होना प्रतीत हो रहा है। बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्थिति साफ हो जाएगी।
>
> **आशुतोष द्विवेदी, कोतवाली प्रभारी देवरनियां**

## सावन मास में शुक्रवार से सोमवार तक रहेगा रूट डायवर्ट

**बरेली।** सावन मास में बरेली नाथ नगरी के नाथ मंदिरों में कई जिलों से जलाभिषेक करने श्रद्धालु पहुंचते हैं। सावन में 70 से 80 प्रतिशत कांवड़िये कछला गंगा घाट से गंगाजल लेकर बदायूं, भमोरा, देवचरा, रामगंगा, करगैना, चौपुला पुल, लाल फाटक पुल और कैंट होते हुए विभिन्न शिव मंदिरों में आते हैं। जबकि, 20-25 प्रतिशत कांवड़िये गढ़मुक्तेश्वर गंगा घाट से रामपुर-मीरगंज, फतेहगंज पश्चिमी, सीबीगंज से किला होकर नगर के विभिन्न शिव मंदिरों में पहुंचेंगे। सावन मास में प्रत्येक शुक्रवार की शाम 8 बजे से सोमवार रात 10 बजे तक रूट डायवर्जन किया गया है, सावन माह तक प्रभावी रहेगा।

## एक नजर

### फांसी लगाकर विधवा महिला ने की आत्महत्या,परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे में फांसी लगाकर विधवा महिला ने की आत्महत्या परिवार में मचा कोहराम पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार कस्बे में सोमवार की देर रात की 30 वर्षीय विधवा ने पंखे में दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया किसी ने इस संबंध में पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। थाना प्रभारी सुरेन्द्र पाल सिंह ने बताया कस्बे में अनीता पत्नी स्वर्गीय महेंद्र सिंह निवासी नथपुरा थाना मीरगंज पुत्री ओमप्रकाश निवासी मोहल्ला सराय नई बस्ती वार्ड नंबर 11 कस्बा फतेहगंज पश्चिमी उम्र 30 बर्ष द्वारा कमरे में लगे पंखे पर दुपट्टे से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।मृतका अनीता के पिता ओमप्रकाश की तहरीर के आधार पर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है मृतका अनीता करीब 3 वर्ष पूर्व अपने पति की मृत्यु के बाद से ही अपने मायके मोहल्ला सराय नई बस्ती में ही रह रही थी।

### मोबाइल छीनकर भाग रहे युवक को पकड़ कर जेल भेजा

**शीशगढ़।** मोबाइल छीनकर भाग रहे चोर को पुलिस ने दौड़ कर पकड़ लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने चोरी का मोबाइल बरामद कर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि जनपद रामपुर के थाना खजुरिया के गांव धावनी निवासी मेंहदी हसन जो घूम फिरकर कपड़े की फेरी करता है।सोमबार को वह शीशगढ़ बाजार में कपड़े का फड़ लगाकर बिक्री कर रहा था।तभी दोपहर को एक अज्ञात व्यक्ति सफेद स्कूटी से आया और मोबाइल छीनकर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस के पूंछने पर अभियुक्त ने अपना नाम नजर हुसैन निवासी मोहल्ला अगवाड़ा थाना शीशगढ़ बताया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ मोबाइल वोरी का मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त के पास से चोरी किया मोबाइल बरामद कर जेल भेज दिया। अभियुक्त कक्षा आठ तक पढ़ा लिखा है उसके पिता मसरूर अहमद प्राइवेट चिकित्सक है अभियुक्त नशा भी करता है।

### बहनोई के घर से वापस आ रही महिला बेटी सहित रहस्यमय ढंग से हुई लापता

**नवाबगंज।** अपने बहनोई के घर से वापस अपने घर आ रही एक महिला तीन साल की बेटी सहित रहस्यमय ढंग से लापता हो गयी। काफी खोजबीन के बाद भी उसके परिजनों को उसका कोई सुराग नहीं मिला, तो मंगलवार को परेशान होकर उसके पति ने थाना नवाबगंज में पत्नी और बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। कस्बे के मोहल्ला नया अस्पताल (बगिया) निवासी महबूब ने बताया कि उनकी पत्नी वारिस उर्फ साइस्ता बेटी सायमा के साथ जनपद पीलीभीत में रहने वाले अपने बहनोई के घर गयी थी। चार जुलाई को उनका साला मोहम्मद नजम उन दोनों को कस्बे के बाईपास मार्ग पर छोड़कर गया था। जब शाम तक दोनों घर नहीं पहुंचे तो इधर-उधर रिश्तेदारी में तलाश किया गया, लेकिन जब कोई सुराग नहीं लग पाया तो मंगलवार को पति महबूब ने उनकी गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए थाना नवाबगंज में तहरीर दी है। पति ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी इसकी शिकायत दर्ज कराई है।

### शिकायत करने से भड़के जेई, कहा अब एक नहीं दो लगेंगे ट्रांसफार्मर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पिछले कई माह से बिजली अधिकारियों के चक्कर लगा रहे एक ग्रामीण को क्षेत्र के जेई ने शिकायत करने पर जमकर हड़काया, कहा अब एक नहीं दो ट्रांसफार्मर लगवाए जाएंगे। ग्रामीण ने मंगलवार को एसडीएम को शिकायती पत्र देकर दीवार से सटाकर लगाए गए ट्रांसफार्मर को हटवाए जाने की मांग की है।तहसील के गांव टाह प्यारी नवादा के रहने वाले अफसर अली द्वारा सोमवार को एक प्रार्थना पत्र एसडीओ को देकर मकान की दीवार से सटाकर लगाए गए बिजली के ट्रांसफार्मर को हटाए जाने की गुहार लगाते हुए दिया था, जिसमें उन्होंने अवर अभियंता चुनुआं से स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट तलव की थी, ग्रामीण ने यह पत्र ले जाकर अवर अभियंता को दिया था।

# जोगी नवादा की तरह पेश करें सौहार्द्र की मिसाल: डीएम

- कांवड़ यात्रा को लेकर डीएम व एसएसपी ने की बैठक
- डीजे की ऊंचाई मय वाहन के 12 फीट से नहीं होगी ज्यादा
- परम्परागत व्यवस्था से हटकर न किया जाए कोई आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह व एसएसपी अनुराग आर्य की अध्यक्षता में मंगलवार को श्रावण माह में कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बैठक जीआईसी ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुई।

बैठक में थानावार जत्थेदारों से उनकी समस्याओं के बारे में जानक. ारी ली गयी, और संबंधित अधिकारियों से उन समस्याओं का यथाशीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

एक जत्थेदार ने कहा कि कांवड़ रुटों पर पड़ने वाले पेट्रोल पम्प वाले अपने शौचालयों में ताले लगा देते हैं, ऐसा न किया जाए, और मोबाइल टॉयलेट में साफ-सफाई, पानी आदि की भी व्यवस्था रखी जाए। बैठक में फूड सेफ्टी विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि कांवड़ रुटों पर खान-पान की दुकानों पर व्यापक जानकारी प्राप्त करने हेतु क्यूआर कोड लगा दिए गए हैं, पांच टीमें कांवड़ मार्ग पर फूड सेफ्टी की लगायी गयी हैं, तथा कांवड़ मार्ग पर मांस, मछली अड्डे आदि की दुकाने बंद करायी जाएंगी। बैठक में पीडब्लूडी विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि कांवड़ मार्ग के सुदृढ़ीकरण का कार्य चल रहा है। बैठक में विद्युत विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में बतायी गयी समस्याओं को निस्तारण कराया गया है, तथा आज जो समस्याएं बतायी गयी हैं, उन पर भी शीघ्र कार्य कराया जाएगा।बैठक में डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि जोगी नवादा में गंगा जमुनी तहजीब का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया गया है। ऐसा ही माहौल पूरे जनपद में बनाया जाए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग बदअमनी फैलाने का प्रयास करते रहते हैं, ऐसी कोई समस्या हो तो जानकारी दें। कांवड़ में डीजे आदि की ऊँचाई 12 फीट से अधिक न रखी जाए। नगर पालिका, नगर निगम, जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा मार्गों की साफ-सफाई करवायी जाए। जहां सड़कों में समस्या है, जिसकी सड़क है वह उसे ठीक कराए। जनपद के सात प्रमुख शिव मंदिर पर नोडल अधिकारी तैनात रहेंगे। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जगह-जगह मेडिकल कैम्प लगवाए जाएंगे। कांवड़ मार्गों पर मीट, मछली आदि चीजों की खुले में बिक्री नहीं होगी। दुकानों पर क्यूआर कोड व खाद्य पदार्थों की मूल्य सूची भी लगवायी जा रही है। प्रशासन द्वारा मुख्य मार्गों पर कैम्प लगाया जाएगा, जिसमें कछला से पवित्र जल लाकर भी रखा जाएगा। आप किसी विपरित स्थिति में वह जल लेकर अपनी कांवड़ यात्रा को पूर्ण कर सकते हैं। बैठक में एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि कांवड़ियों की सहूलियत के लिए समस्त सुविधाएं दी जाएंगी, लेकिन आप लोग भी कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करेंगे। डीजे की ऊँचाई मयवाहन के 12 फीट से ज्यादा न हो। परम्परागत रुट से हटकर कोई आयोजन न हो। जत्थेदार निकलते समय थाने को अवश्य सूचित करें। संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी करायी जाएगी।

डीजे पर ऐसा गाना न बजाएं जो किसी की भावना को ठेस पहुंचे। बैठक में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी विश्राम सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, अपर नगर आयुक्त, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक देहात, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, पुलिस अधीक्षक यातायात, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, समस्त एसएचओ, समस्त थानेदार समेत तमाम अधिकारी व अन्य लोग मौजूद थे।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर हुई बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मंगलवार को डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में संच. ारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।बैठक में डीएम ने कहा कि रेबीज से ग्रसित होने वालों की संख्या निरंतर बढ़ रही है, इसपर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कुत्तों को पकड़ने के लिये गाड़ियां लगायी गयी हैं, लेकिन उनका वक्सीनेशन मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के यहां से होता है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के प्रति. निधि द्वारा अवगत कराया गया कि पालतू डॉग का वैक्सीनेशन कराया जाता है, लेकिन स्ट्रीट डॉग को स्थिति में यह नहीं हो पा रहा है, जिसपर डीएम ने निर्देश दिये कि जब स्ट्रीट डॉग्स को नगर निगम वाले पकड़ते हैं, तभी उनका वैक्सीनेशन कराया जाये, और वैक्सीनेशन के बाद किसी प्रकार की टैगिंग करायी जाये, जिससे पता चल सके कि इस डॉग का वैक्सीनेशन हो चुका है। बैठक में झाड़ियों की कटाई, जल भराव को समाप्त कराने की रिपोर्ट को देखकर डीएम ने पूछा कि यह रिपोर्ट धरातल पर कार्य को देखकर बनायी गयी है या वैसे ही बना दी गयी है। किस ब्लॉक के, किस गांव में, किन घरों के आस-पास साफ-सफाई करायी गयी है, यह स्पष्ट रुप से बताएं, उसकी क्रांस चेकिंग करायी जाएगी।डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक गांव, नगर पंचायत क्षेत्र व शहरी क्षेत्र कवर होना चाहिए, मात्र आंकड़े बाजी नहीं होनी चाहिए। हर जगह झाड़ियों की कटाई नाले-नालियों की सफाई, एंटी लार्वा का छिड़काव, फांगिग होनी चाहिए।

डीएम ने निर्देश दिए कि शासन से यह अंतविभार्गीय समन्वय समिति संचारी रोगों की रोकथाम हेतु बनायी गयी है, इसके अतिरिक्त डब्लूएचओ व यूनीसेफ की टीम मिलकर कार्य करें, और जो भी कार्य करें व गुणवत्तापरक हो मात्र कागजों में आंकड़े बाजी न हो। अधिकारी स्वयं फिल्ड में निकलें और देखें कि क्या कार्य हो रहा है। जब अधिकारियों द्वारा जब स्वयं निरीक्षण किया जाएगा जो अधिनस्थ और बेहतर कार्य करेंगे।

## पांच ताजियादारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बरेली।** फरीदपुर थाना क्षेत्र में मानक से अधिक ऊंचा ताजिया बनाने के मामले में मंगलवार को पुलिस ने पांच ताजियेदारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। इस मामले में लापरवाही के आरोप में दरोगा अशोक कुमार को निलंबित किया जा चुका है। आरोप है कि सत्यापन में दरोगा अशोक कुमार ने 12 फीट का ताजिया होना बताया था, जबकि बिजली के तार में टकराने वाले ताजिया की ऊंचाई करीब 23 फीट थी। फरीदपुर थाना पुलिस ने मंगलवार को गौसगंज के रहने वाले पांच लोगो नत्थूशाह, हसरत अली गुड्डू, यासीन खां व एक अन्य ताजियादार पर रिपोर्ट दर्ज की।

## पावन पर्व गुरु पूर्णिमा गोरक्षपीठ के लिए होती है विशेष

# शिष्य-गुरु, दोनों भूमिका में दिखेंगे योगी

**गोरखपुर।** सनातन विचार दर्शन एवं संस्कृति में गुरु-शिष्य के रिश्ते को प्रतिष्ठित करने वाले पावन पर्व गुरु पूर्णिमा गोरक्षपीठ के लिए विशेष होती है। यह वह अवसर होता है जब गोरक्षपीठाधीश्वर नाथपंथ के आदिगुरु महायोगी गोरखनाथ सहित पीठ के अपने पूर्ववर्ती गुरुजनों की पूजन-स्तुति करते हैं और तदुपरांत अपने शिष्यों और गोरक्षपीठ के श्रद्धालुओं को स्नेहाशीष से अभिसिंचित करते हैं।



गोरक्षपीठ की इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए वर्तमान पीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरु पूर्णिमा (10 जुलाई, गुरुवार) पर शिष्य और गुरु दोनों भूमिकाओं में दिखेंगे। यूं तो गोरक्षपीठ, गोरखनाथ मंदिर में धर्म-अध्यात्म की मंगलध्वनि अहर्निश गुंजायमान रहती है, पर गुरु पूर्णिमा का पर्व यहां बेहद खास होता है। इस दिन के विशेष आयोजन में सहभागी बनने की गोरक्षपीठ के श्रद्धालुओं की उत्कंठा प्रबल होती है। नाथपंथ मुख्यात गुरुगम्य मार्ग है। इस लिहाज से गोरक्षपीठ और गुरु पूर्णिमा का अटूट नाता है। गुरु-शिष्य परंपरा इस पीठ के मूल में है। गुरु परंपरा से ही नाथ परंपरा आगे बढ़ी है। यही वजह है कि गोरक्षपीठ, गुरु परंपरा के प्रतीक के तौर पर पूरी दुनिया में प्रतिष्ठित है। हर काल में इस परंपरा को कायम रख पीठ ने कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया है। शिवावतार भगवान गोरखनाथ ने योग को लोक कल्याण का माध्यम बनाया तो उनके अनुगामी नाथपंथ के मनीषियों ने लोक कल्याणकारी अभियान को गति दी। उल्लेखनीय है कि सनातन संस्कृति गुरु को गो. विंग (भगवान) से भी ऊंचे स्थान पर प्रतिष्ठित करती है। गुरु का ध्येय समग्र रूप में लोक कल्याण होता है और इसकी की दीक्षा भी वह अपने शिष्य को देता है। गुरु परंपरा के आईने में देखें तो नाथपंथ की विश्व प्रसिद्ध गोरक्षपीठ बेमिसाल है। पीघी दर पीघी गोरक्षपीठाधीश्वरों ने अपने गुरु से प्राप्त लोक कल्याण की परंपरा को विस्तारित किया है। वर्तमान पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ इसे निरंतर ऊंचाई प्रदान कर रहे हैं। गुरु परंपरा के लोक कल्याणकारी कार्यों के अनुगमन में गोरक्षपीठ की गत-सद्यः तीन पीध्यिां तो कीर्तिमान रचती नजर आती हैं। गोरखनाथ मंदिर के वर्तमान स्वरूप के शिल्पी ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ महाराज ने लोक कल्याण के लिए शिक्षा को सबसे सशक्त माध्यम बनाते हुए 1932 में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की। उदात्तमना ब्रह्मलीन महंत जी ने गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए अपने दो महाविद्यालय भी दान में दे दिए थे। उनके समय में ही लोगों को हानिर्र. हत व सहजता से उपलब्ध चिकित्सा सुविधा हेतु मंदिर परिसर में एक आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र की भी स्थापना हुई थी। अपने गुरु द्वारा शुरू किए गए इन प्रकल्पों को अपने समय में उनके शिष्य ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज ने विस्तार दिया। शिक्षा, चिकित्सा, योग सहित सेवा के सभी प्रकल्पों को नया आयाम दिया। ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज के शिष्य एवं वर्तमान गोरक्षपीठाधीश्वर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक कल्याण के लिए अपने दादागुरु द्वारा रोपे और अपने गुरु द्वारा सींचे गए पौधे को वटवृक्ष सरीखा बना दिया है। किराए के एक कमरे में शुरू शिक्षा का प्रकल्प दर्जनों संस्थानों के साथ ही विश्व. विद्यालय तक विस्तारित हो चुका है। इलाज के लिए गोरक्षपीठ की तरफ से संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय की ख्याति पूरे पूर्वांचल में है।

गोरक्षपीठ से योग के प्रसार को लगातार गति मिली है। पीठ की गुरु परंपरा में लोक कल्याण के मिले मंत्र की सिद्धि योगी आदित्यनाथ की मुख्यमंत्री की भूमिका में भी नजर आती है। गुरु पूर्णिमा पर्व और नाथपंथ का संबंध कितना अटूट और गहरा है, इसका अंदाजा इस पर्व पर गोरखनाथ मंदिर में होने वाले भव्य आनुष्ठानिक आयोजन को देखकर आसानी से लगाया जा सकता है। सभी नाथ योगियों ने इस परंपरा की गरिमा और प्रतिष्ठा को पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ कायम रखा है। महायोगी गुरु गोरखनाथ से लेकर गोरक्षपीठाधीश्वर आदित्यनाथ तक ने न केवल इस परंपरा को समृद्ध किया है, बल्कि गुरु प्रतिष्ठा के प्रति लोगों को प्रेरित भी किया है।

**उत्तर रेलवे**

**लखनऊ मंडल में अनुबंध के आधार पर मेडिकल प्रैक्टिसनर की नियुक्ति हेतु सीधे साक्षात्कार (वाक इन इंटरव्यू)**

अनुबंध के आधार पर लखनऊ मंडल उत्तर रेलवे में कार्य करने हेतु 02 मेडिकल प्रैक्टिसनरों पुरुष/महिला की रिक्तियों को भरने के लिए साक्षात्कार आयोजित किया जायेगा। अनुबंध की अवधि एक वर्ष की होगी और अनुबंध की अवधि सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद अनुबंध को आगे एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है और अधिकतम अनुबंध की अवधि 12 वर्ष की हो सकती है। सेवानिवृत सरकारी डॉक्टर को 65 वर्ष की आयु तक (एक वर्ष हेतु) अधिकतम पाँच अनुबंध अवधि के लिए नियुक्त किया जा सकता है। योग्य उम्मीदवारों को नीचे दिये गये तिथि एवं समय एवं स्थान पर साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाता है।

– इस अधिसूचना को उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in में अपलोड कर दिया गया है। विस्तृत विवरण नियम शर्तें, फॉर्म इत्यादि उपरोक्त वेबसाइट के अन्तर्गत लखनऊ मंडल के कार्मिक शाखा (Personnel Dept.) पर उपलब्ध है।

| साक्षात्कार का स्थान | तिथि | समय |
|---|---|---|
| मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, कार्यालय, उ०रे० / चारबाग, लखनऊ। | 29.07.2025 | 11.00 बजे |

| स्टेशन/स्वास्थ्य इकाई | पदों की संख्या | योग्यता |
|---|---|---|
| मंडल चिकित्सालय, चारबाग, उ०रे०, लखनऊ एवं लखनऊ मंडल, उ०रे०, के अधीन स्वास्थ्य इकाई हेतु (CMP-GDMO.) | 02 GDMO (SC-हेतु आरक्षित) | MBBS |

**शैक्षिक योग्यता–** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से MBBS और एक वर्ष की इंटरशिप अवश्य पूरी होनी चाहिए और किसी भी भारतीय राज्य चिकित्सा परिषद का वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र होना चाहिए।

**पारिश्रमिक–**CMP हेतु पारिश्रमिक भत्ते (मकान किराया भत्ता एवं परिवहन भत्ते सहित) निम्न है –

| सीपीएम की श्रेणी | मासिक पारिश्रमिक रूपये में |
|---|---|
| GDMO | 95000/– |

**आयु– क.** दि० 01.07.2025 को 53 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।

**ख.** सेवानिवृत्त आई०आर०एम०एस० अधिकारी/राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सेवानिवृत्त सरकारी चिकित्सा अधिकारियों के लिए आयु दि० 01.07.2025 को 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए जो न्यूनतम एक वर्ष एवं अधिकतम पाँच वर्ष के लिए होगा।

**पदों की संख्या – 02**

| स्टेशन/स्वास्थ्य इकाई | SC |
|---|---|
| मण्डल चिकित्सालय, चारबाग, लखनऊ एवं लखनऊ मंडल, उ०रे० की स्वास्थ्य इकाइयों हेतु | 02 GDMO |

. चयनित CMP/GDMO को Private practice करने की अनुमति नियमानुसार नहीं होगी।
रिक्तियाँ केवल सांकेतिक हैं, आवश्यकता के अनुसार घटाया या बढ़ाया जा सकता है। प्रशासन चयनित उम्मीदवारों को लखनऊ मण्डल उत्तर रेलवे में कहीं पर भी नियुक्त कर सकता है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2053/25

# कावड़ यात्रा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/ रामपुर।** कावड़ यात्रा को लेकर कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया उप जिलाधिकारी आनंद कुमार कनौजिया ने कावड़ यात्रा की तैयारी के लिए नगर तथा क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों के सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की कावड़ यात्रा के दृष्टिगत संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठ कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए उप जिलाधिकारी आनंद कुमार कनौजिया ने सिंचाई विभाग बिजली विभाग नगर पालिका पुलिस और



अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया की कावड़ यात्रा के दौरान किसी भी शिव भक्त कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए सभी विभाग समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करें ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो कावड़ मार्ग की साफ सफाई जल निकासी चिकित्सा सुविधा सुरक्षा व्यवस्था और बैरिकेडिंग सहित सभी तैयारियां की जानकारी ली।

बैठक में क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार ने संबंधित विभाग को निर्देश दिया कि कार्यों में कोई धिलाई ना बरती जाए संभ्रांत व्यक्तियों से सहयोग की अपील की गई।

इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह अपराध निरीक्षक राघवेंद्र प्रताप सिंह अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद प्रधान महीपाल सिंह यादव सभासद भूकन राठौर, शांति स्वरूप, राजू गुप्ता, कुलदीप,साविर प्रधान, शिव शंकर गंगवार प्रधान, पूर्व सभासद इकरार हुसैन, सभासद एजाज खान,मोहन लाल प्रधान सत्यवीर सागर सहित नगर तथा क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

# भुर्जी समाज के वार्षिक मेले को लेकर सीओ ने किया मेला स्थल का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** नगर के जयतोली रोड पर स्थित महाराज चंद्र देव के चंदा खरताल प्राचीन मंदिर पर वार्षिक सम्मेलन का आयोजन को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है बुधवार से शुरू होकर तीन तक चलने वाले इस वार्षिक सम्मेलन में अनेकों राज्यों के भुर्जी समाज के लोग पहुंचते हैं।

इस परंपरागत वार्षिक सम्मेलन में नवदंपति जोड़े भी पहुंचते हैं , जहां वे चंदा खरताल प्राचीन मंदिर में पहुंचकर माथा टेकते हैं। इस सम्मेलन में यूपी के अलावा हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड से भारी तादाद में श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचते है ।

मंगलवार को क्षेत्राधिकार पुलिस हर्षित सिंह और कोतवाली शाहाबाद



प्रभारी निरीक्षक पंकज ने मौके पर पहुंचकर मेला स्थल और मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान सीओ हर्षिता सिंह ने बताया की मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसलिए मेला कमेटी के सदस्यों के साथ भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे के साथ निगरानी करने के लिए कंट्रोल रूम की व्यवस्था की हे आज सामाजिक प्रवृत्ति वाले लोगों की निगरानी के लिए सदा पुलिस बल और महिला सुरक्षा व्यवस्था के लिए महिला पुलिस कर्मियों की भी तैनाती की गई है।

## पुलिस ने किया एक नफर वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने अभियान चला कर एक नफर वारंटी को गिरफ्तार किया पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे। अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मिलक रामपुर के नेतृत्व में थाना मिलक पुलिस द्वारा आज एक नफर वारण्टी सुमित पुत्र स्व0 मुरारीलाल निवासी ग्राम कपनेरी थाना मिलक रामपुर मो0न0 9259041173 आधार न0 667954483792 सम्बन्धित वाद सं0 183/21 मु0अ0स0 302/23 धारा 302/324 भादवि मा0 सत्र न्यायालय रामपुर नियत को गिरफ्तार कर न्यायालय रामपुर भेजा गया।

# सैदनगर क्षेत्र में युवक की वाहन से टक्कर लगने से मौत, गांव में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर/रामपुर।** सैदनगर पुलिस चौकी क्षेत्र में नगली नसीमगंज लाल. पुर रोड पर युवक नादिर अली (20 वर्ष) की अज्ञात वाहन से टक्कर लगने से मौत हो गई, जिससे क्षेत्र में कोहराम मच गया।

सैदनगर क्षेत्र के गांव मजरा परसुपुरा निवासी नासिर अली के पुत्र नादिर अली की कनपुर गांव स्थित दुकान से वापस लौट रहा था, तभी सुबह 9:30 बजे नसीमगंज चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने युवक नादिर अली को टक्कर मार दी। जिससे नादिर अली गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला चिकित्सालय ले जाते हुए रास्ते में मौत हो गई।

मौत की खबर सुनकर आसपास के सैकड़ो लोग एकत्र हो गए। लेकिन



वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

युवक की मौत से क्षेत्रवासियों में आक्रोश उत्पन्न हो गया। मौके पर पहुंचकर जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने दु:ख व्यक्त किया और वाहन स्वामी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। शाम को मृतक नादिर अली के परिजनों ने ग्राम परशुपुरा के कब्रिस्तान में युवक को सुपुर्दे खाक कर दिया। युवक के जनाजे में हजारों लोग मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, अधेड़ घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** मंगलवार को एक अधेड़ सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया।

जानकारी के अनुसार गांव चंदपुरा सालीस निवासी 55 वर्षीय राकेश कुमार गुप्ता अपनी बाइक से किसी निजी कार्य से शाहबाद की ओर आ रहे थे। टांडा रोड मजार के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राकेश कुमार गुप्ता पीड़ित को पड़ा देख लोगों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद भर्ती जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया।

# बस कंडक्टर को कुछ दबंगों ने मारपीट कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** शाहाबाद बिलारी मार्ग पर चल रही बस संख्या यूपी 19ज 5182 पर राजू पुत्र रामरतन निवासी भीतरगांव बस पर कंडक्टरी करता है मंगलवार को उपरोक्त बस से बिलारी से शाहाबाद जा रहा था तभी कुछ अज्ञात दबंगों ने बस के सामने टेंपू खड़ा कर बस में चढ़कर बाहर की ओर मुझे खींच लिया और मेरे लाते घूंसो से मार मार कर मुझे घायल कर दिया जिसका बीच बचाव रहागिरों ने ब मुश्किल से छुड़वाया जिसकी तहरीर सैफनी थाने में देकर अपने इंसाफ के लिए लगाई गुहार



थाना प्रभारी हम्वीर सिंह जादौन ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर पुलिस ने मार्ग पर लगे सी सी टी वी कैमरे भी खंगाले तथा उन युवकों की खोजबीन शुरू कर दी है वहीं थाना प्रभारी ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर पीड़ित को मेडिकल के लिए सी एच सी केंद्र शाहाबाद भेजा ओर पीड़ित को आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द से जल्द उन युवकों को गिरफ्तार कर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएग।

## नफर वारंटी को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक खानम।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।

पुलिस अधीक्षक के आदेश पर निशा खटाना थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी राजेंद्र सिंह पुत्र गुरबचन सिंह निवासी ग्राम माफियागढ़ थाना मिलक खानम को उसके मसकन से गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम मेंउ0नि0 देवेंद्र राठी, है0का0 देवेंद्र कुमार, आदि मौजूद रहे।

# अनियंत्रित हुई बाइक दो घायल, एक रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** मंगलवार को बाइक अनियंत्रित होने से दो लोग घायल हो गए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया। जानकारी के अनुसार गांव परौता के निकट एक कार आ रही थी। चलती हुई कर ने अचानक से अपना गेट खोल दिया जिससे सामने से आ रही बाइक चालक गांव मिलक हुसैनगंज निवासी 25 वर्षीय रिजवान खां परौता की ओर आ रहे थे।

कार का गेट खुलते ही उनकी बाइक टकराव से नियंत्रित हो गई। जिससे अपने खेत से आ रही गांव परौता निवासी 15 वर्षीय सोनम पुत्री



उमेश गंभीर रूप से घायल हो गई। कार मौके से फरार हो गई।

घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया। जहां रिजवान को प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया और सोनम की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# बारिश से घर डूबा, जान के जोखिम में फंसा परिवार

## लगातार हुई बारिश से जलभराव, ग्रामीण परेशान, प्रशासन से मदद की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर क्षेत्र के सादिकनगर गाँव में नौबत सिंह का परिवार लगातार बारिश के कारण अपने ही घर में मौत के साये में जीने को मजबूर है। भारी बारिश के चलते उनके घर के अंदर चारों ओर पानी भर गया है, जिससे खाना बनाने की जगह भी नहीं बची है। सभी कमरों में घुटनों तक पानी जमा है, जिसने पूरे मकान को जर्जर कर दिया है। पीड़ित परिवार ने बताया कि उन्होंने उपजिलाधिकारी शाहबाद (एसडीएम) को लगातार पांच से छह बार फोन किया। लेकिन एसडीएम ने एक भी बार फोन नहीं उठाया।



घर में भरे पानी के कारण मकान की हालत इतनी खराब हो गई है।कि कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। नौबत सिंह के घर में वर्तमान में उनकी दो बहुएं (देवरानी और जेठानी के दो परिवार) और उनके बच्चे सहित बूढ़े माता-पिता रह रहे हैं। सात ही पशु भी है।उनके दो बेटे इस समय जेल में बंद हैं। परिजनों ने बताया की पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण हर बरसात में उनके घर में पानी भर जाता है। पहले एक पुलिया थी। जिससे पानी निकल जाता था, लेकिन अब वह टूट चुकी है, जिसके कारण पानी घर में ही रुका रहता है। परिवार ने प्रशासन से तत्काल मदद की गुहार लगाई है। ताकि उनके घर से पानी निकाला जा सके और उन्हें उचित स्थान पर पहुंचाया जाय ताकि उन्हें इस खतरनाक स्थिति से मुक्ति मिल सके।

## गौ रक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष धर्मपाल सिंह लोधी ने बीमार सांड का कराया इलाज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी /रामपुर।** नगर में मंगलवार को भारतीय गौ रक्षा वाहिनी के जिला अध्यक्ष धर्मपाल सिंह लोधी को अज्ञात व्यक्ति द्वारा सूचना प्राप्त हुई की एक सांड नगर पंचायत सैफनी बिजली घर के पास बहुत बीमार है वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सांड का डॉक्टर मोंटू द्वारा इलाज कराया गया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष धर्मपाल सिंह लोधी, पशु मित्र मोंटू, सलीम अहमद, नाजिम भाई, सलीम, सुलेमान आदि लोग उपस्थित रहे।

# बदमाशों की आहट पर पुलिस ने खेतों को घेर कर की कांबिंग, बदमाश हुए फरार

**मसवासी के कई गांव में बदमाशों का बना हुआ है आतंक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के कई गांवो में बदमाशों की आहट पर पुलिस ने गन्ने की खेतों में जाकर कांबिंग की लेकिन बदमाशों का पता नहीं चल सका। उधर बिजारखाता में देर रात बदमाशों की आहट पर शोर शराबा हो गया और बदमाश मौका पाकर खिसक लिए।

मसवासी चौकी क्षेत्र के कई गांव में चोरों का आतंक बना हुआ है रातों-रात ग्रामीण जाग कर रात



व्यतीत करने को मजबूर है पुलिस से लेकर चौकीदार तक गांव स्तर पर गश्त में जुटे हुए हैं। कुछ ग्राम प्रधानों को भी पुलिस ने ग्रामीणों के साथ जाग कर पैदल गश्त करने की हिदायत की है। सोमवार की देर रात पुलिस को सूचना मिली की रहमतग. ंज सेमरा लाडपुर और अलीगंज के जंगल में कुछ बदमाश गन्ने के खेतों में छिपे हुए हैं चौकी के उपनिरीक्षक मनोज कुमार मिश्र दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और गन्ने के खेत को घेर कर कांबिंग की। लेकिन बदमाशों का कोई पता नहीं चल सका उधर बाजार खाता के पूर्वी क्षेत्र में रात्रि लगभग 2 बजे बदमाशों की आहट हुई और ग्रामीण जाग गए बदमाशों ने ग्रामीणों की जाग को देखकर खिसकने में कामयाब हो गए। सूचना पाकर पुलिस ने भी आसपास के इलाके को घेर लिया और कांबिंग की। उधर चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि बदमाशों की योजना से निपटने के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने की हिदायत की गई है।

## शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत ने आगामी पर्व एवं शांति व्यवस्था के लिए नगर में पुलिस बल के साथ दोपहर बाद फ्लैग मार्च किया।

फ्लैग मार्च नगर कोतवाली से शुरू होकर मैंन बाजार होते हुए बजरंग चौक से बंगाली चौराहे एवं बिलारी बस स्टैंड से नगर के कई मोहल्ले में फ्लैग मार्च किया और बीच-बीच में लोगों से रोक कर बात चीत की कहां कि किसी भी समस्या के लिए या गलत गतिविधियों के लिए पुलिस को सूचित करें और होने वाली घटना से बचें।

# प्रभारी मंत्री ने सर्किट हाउस परिसर में किया वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व जनपद रामपुर के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर द्वारा जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की उपस्थिति में संत शिरोमणि रविदास सर्किट हाउस परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया।

मा. मंत्री ने इस्टोनिया के पौधे का रोपण किया। तत्पश्चात मंत्री ने जनपद में संचालित विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में विस्तार से बातचीत की।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार,



जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण मौजूद रहे।

# वन विभाग ने शिकारी को 114 तोतों सहित पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** वन विभाग ने तोतो सहित एक शिकारी को पकड़कर किया पुलिस के हवाले वन विभाग के दरोगा गौरव कुमार को सूचना मिली कि दूदावाले के जंगल मे शिकारियो द्वारा तोते पकड़ने के जाल लगा रखा है।

सूचना के आधार पर गौरव कुमार ने अपने स्टाफ वन दरोगा राबिन सिंह गौतम हेड कांस्टेबल संदीप कुमार हेट कांस्टेबल गुलाब सिंह के साथ छापा मार कार्रवाई कर एक शिकारी को धर दबोचा।

जबकि दो शिकारी भागने मे कामयाब होगये वन दरोगा गौरव कुमार ने तीन लोगो रिहान अब्दुल्ला रिजवान के खिलाफ पुलिस को लिखित मे तहरीर दी है।

## रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** थाना क्षेत्र के रुस्तमनगर गाँव में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे की है, जब साजिद नामक युवक अपने घर पर सो रहा था। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, रुस्तमनगर निवासी नत्थू खाँ के बेटे साजिद पर गाँव के ही तस्सव्वर खाँ पुत्र रहीश खाँ, सलमान पुत्र अफसर खाँ, छोटे पुत्र तस्सव्वर खाँ और अकीला पुत्र तस्सव्वर खाँ ने घर में घुसकर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने पुरानी दुश्मनी के चलते साजिद पर धारदार हथियार से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

शोर-शराबा सुनकर परिवार के लोग और आसपास के ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। भीड़ देखकर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

प्रार्थी नत्थू खाँ ने पुलिस को बताया कि आरोपियों में से एक तस्सव्वर ने साल 2010 में उनके छोटे बेटे नजाकत की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। उस मामले में पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज किया था, लेकिन गाँव के कुछ प्रभावशाली लोगों ने आपसी समझौता करा दिया था। नत्थू खाँ ने अपनी और अपने परिवार की जान को आरोपियों से खतरा बताते हुए पुलिस से प्राथमिकी दर्ज करने की गुहार लगाई है।शाहबाद कोतवाली प्रभारी से मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**Name change notice**

My name in the Aadhar card is correctly recorded as prasaann kaur wife of Gurdeep Singh, village Mullakheda, Bilaspur (Rampur) UP. My name in other IDs is wrongly recorded as parsuan kaur. Now everyone should call me prasaann kaur.

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली
रामपुर मो. नं.9720093014
shahtimesrmp@gmail.com

# मंगनी के बाद प्रेमी के साथ फरार हुई किशोरी

## आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगावां सादात**। रिश्ता तय होने के बाद किशोरी अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। काफी तलाश के बाद भी जब वह हाथ नहीं लगी तो परिजनों ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का गांव की रहने वाली किशारी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जब किशोरी के परिजनों को इसकी भनक लगी तो उन्होंने आनन फानन में बेटी की मंगनी तय कर दी। बताया जाता है कि जिस युवक से लड़की का प्रेम प्रसंग चल रहा था वह इस समय घर आया हुआ था। मौका पाकर युवक अपने साथ नाबालिग को लेकर फरार हो गया। परिजनों को जब किशोरी घर नहीं मिली तो उन्होंने आस-पास रिश्तेदारों में तलाश की। परन्तु जब युवक भी घर पर नहीं मिला तो उन्हें समझते देर नहीं लगी। उन्होंने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया जाता है कि दो साल से व्हाटसअप के जरिये दोनों का प्यार परवान चढ़ा था।

# टैम्पो में युवक ने की युवती से छेड़खानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। चलते टेंपो में समूह में काम करने वाली युवती के साथ दूसरे संप्रदाय के युवक द्वारा छेड़छाड़ किये जाने से पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस सूचना मिलने पर युवक युवती को कोतवाली ले आयी। हसनपुर सर्किल क्षेत्र के थाना इलाके के गांव निवासी युवती समूह में कार्य करती है। मंगलवार की सुबह युवती टेंपो में बैठकर हसनपुर को आ रही थी। इस दौरान पड़ोसी गांव के युवक ने युवती के साथ छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी। युवती ने डायल 112 को फोन कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा युवक युवती को कोतवाली ले आयी। युवक दूसरे संप्रदाय का बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# झूठे मुकदमों में फंसाने वाली महिला पर कार्रवाई हो

## ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर उठायी आवाज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। ग्रामीणों ने कोतवाल से मिलकर गांव में युवकों के खिलाफ झूठे मुकदमे करवाने वाली महिला के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रुद्रपुर के ग्रामीण मंगलवार को भारी संख्या में एकत्र होकर कोतवाली पहुंच गये। यहां उन्होंने कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा से मुलाकात कर बताया कि गांव की एक महिला गांव के युवकों पर आये दिन छेड़छाड़ के झूठे मुकदमें दर्ज कराने की धमकी देकर रुपए हड़प चुकी है। जबकि हाल में ही एक युवक पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज करा चुकी है। लेकिन फिर वही महिला गांव के एक और युवक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराना चाहती है। जो सरासर गलत है।

ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जाये। प्रदर्शन करने वालों में देशराज सिंह, सतवीर सिंह, रामपाल सिंह, इंदर सिंह, चंद्रपाल सिंह, सोमपाल सिंह, रघुवर, कलुवा, लखीचंद, राकेश, समरपाल सिंह, देवकरन, फूल सिंह, प्रेमदेव, मुकुंदराम, ओम दत्त, रंजीत, नरेश, कमल, अशोक, तेजपाल, ऋषिपाल, उमेश, विजयपाल आदि ग्रामीण मौजूद रहे

# कावड़ यात्रा को लेकर अमरोहा में अलर्ट हुआ खाद्य विभाग



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। कांवड़ यात्रा से पहले खाद्य विभाग ने मीट की दुकानों और होटलों को बंद कराना शुरू कर दिया है। मंगलवार को खाद्य विभाग अमरोहा के सहायक आयुक्त विनय कुमार अग्रवाल अपनी टीम के साथ गजरौला पहुंचे। जहां उन्होंने नेशनल हाईवे ओर स्टेट हाईवे पर पड़ने वाली मीट की दुकानों और होटलों को को कांवड़ यात्रा तक बंद रखने के निर्देश दिए। साथ ही दुकानों के बाहर लगे बोर्डो को भी ढ़कने के निर्देश दिए। साथ ही लापरवाही सामने आने पर कार्यवाही की चेतावनी दी। बता दें कि 11 जुलाई से कांवड़ यात्रा को शुरुआत हो रही है, जो कि चार अगस्त तक चलेगी। अमरोहा में बृजघाट और हरिद्वार से जल लेकर कांवड़िए अपनी मंजिल को ओर बढ़ते है। कांवड़ यात्रा को लेकर जहां सुरक्षा के द्रष्टिगत जिला प्रशासन व पुलिस विभाग अलर्ट है तो वहीं सावन माह की पवित्रता को ध्यान में रखते हुए अमरोहा का खाद्य विभाग भी अलर्ट हो गया है। कांवड़ यात्रा से पहले खाद्य विभाग की टीम ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले सभी नॉनवेज ढाबों, होटलों और दुकानों को बंद कराने के निर्देश दिए हैं, मंगलवार को भी कई दुकानों व होटलों को बंद कराया गया। सहायक खाद्य आयुक्त विनय कुमार अग्रवाल ने बताया कि कांवड़ यात्रा से पहले कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाली नॉनवेज की दुकानों, होटलों और ढाबों को बंद कराया जा रहा है। आज से सभी को बंद रखने के निर्देश दिए गए है। साथ ही नॉनवेज की दुकानों, होटलों के बाहर लगे बैनरों को भी ढकने या हटाने के निर्देश दिए गए है। कहा कि यदि किसी भी नॉनवेज दुकान या होटल ढ़ाबों के संचालकों ने नियमों का उल्लंघन किया तो उसके विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी के मामले में दोषी को दो साल की सजा

## कोर्ट ने पांच हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अदालत ने चोरी के मामले में एक चोर को दो साल का कारावास व पांच हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव नौगावां तगा में 16 सितंबर 2013 को एक किसान के घर में चोरी की घटना हुई थी। पीड़ित किसान की तहरीर पर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया था। बाद में पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए क्षेत्र के गांव बोरा-बोरी निवासी जिलेदार को गिरफ्तार कर चालान किया था। कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद हुआ था। इसके बाद पुलिस ने जिलेदार को जेल भेज दिया था, फिलहाल इस मुकदमे में वह जमानत था। मुकदमे की सुनवाई एसीजेएम प्रथम अमित कुमार व्यास की अदालत में विचाराधीन चल रही थी। सोमवार को अदालत में मुकदमे की आखिरी सुनवाई थी। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने जिलेदार को दोषी करार दिया। दो साल जेल की सजा सुनाई तथा पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

## एक नजर

### पिल्ले पर क्रूरता में जाना पड़ा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। युवक द्वारा कुत्ते के पिल्ले को बेरहमी से पीटा गया। जिसका वीडियो वायरल होने पर डिडौली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना क्षेत्र के गांव इकौंदा की है। यहां का रहने वाला विपिन पुत्र खचेडू ने कुत्ते के बच्चे को बेरहमी से पीटा। किसी ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दी। मामला संज्ञान में आने पर अमरोहा के मोहल्ला कुरैशी निवासी व हाल निवासी इकौंदा अरूण कुमार पुत्र हेमराज सिंह ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस ने विपिन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### प्रधान के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। गंदगी व जलभराव से परेशान ग्रामीणों ने प्रधान के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। डिडौली के रहने वाले ग्रामीणों ने मेन रास्ते पर गंदगी व जलभराव के खिलाफ आवाज उठायी। उनका कहना था कि वह कई बार ग्राम प्रधान से इस समस्या को दूर करने की मांग कर चुके हैं परन्तु आज तक प्रधान द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी जिससे ग्रामीणों को आने जाने में भारी दिक्कत होती है। इतना ही नहीं प्रधान उनकी बात को अनसुना कर देता है। प्रदर्शन करने वालों में मंगत सिंह, सुनीता, गीता, राजो देवी, लक्ष्मी देवी, डा. सतपाल, विरेन्द्र सिंह, महावीर सिंह आदि शामिल रहे।

### पंचायत में अधिकारियों को भेजा जाये

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस ने उप जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर 11 जुलाई को पंचायत में कई विभागों के अधिकारियों को भेजे जाने की मांग की है। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन ने एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि 11 जुलाई को भाकियू की मासिक पंचायत किसानों की समस्याओं को लेकर आयोजित की जा रही है। उसमें शाखा प्रबंधक पीएनबी हसनपुर, एक्सईन मध्य गंगनहर एक्सईन परिवहन निगम को भेजा जाये। उन्होंने कहा कि यदि संबंधित अधिकारियों को पंचायत में नहीं भेजा गया तो भाकियू आंदोलन करने को विवश होगी। ज्ञापन देने वालों में देवेंद्र सैनी जुगनपाल सुनील कुमार नोसिंह देव, धीरेंद्र सिंह गुर्जर, महावीर, उदयवीर सिंह, बलवंत सिंह, रिजवान, दीपक गुर्जर, आदि मौजूद थे।

### चोरी के मोबाइल में सिम डालने पर दुकानदार से पूछताछ

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। चोरी हुए महंगे मोबाइल में सिम डालना मोबाइल रिपेयरिंग करने वाले को भारी पड़ गया। पुलिस मोबाइल दुकानदार से पूछताछ कर रही है। नगर के रहरा रोड पर स्थित एक मोबाइल दुकान के संचालक को कोतवाली पुलिस मंगलवार को उठा लायी। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पूर्व एक महंगा मोबाइल चोरी हो गया था। एक युवक मोबाइल दुकानदार पर मोबाइल का लॉक तुड़वाने आया था। मोबाइल दुकानदार ने चोरी हुए मोबाइल में अपना सिम डाल लिया था। उधर चोरी हुए मोबाइल स्वामी ने पुलिस को इस मामले में तहरीर दे दी थी। पुलिस ने मोबाइल को सर्विलांस पर लगाया हुआ था। मोबाइल में सिम पड़ते ही वह ट्रेस होकर लोकेशन में आ गया। उधर पुलिस मोबाइल को तलाश कर रही थी। पुलिस ने मोबाइल दुकान संचालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस मोबाइल दुकान संचालक से पूछताछ कर रही है।

# नाले में गिरने से टैंट स्वामी की मौत

## नशे की हालत में खोया संतुलन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। टैंट स्वामी नशे की हालत में नाले में गिर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी दिन निकलने पर हुई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र के गांव बीलना निवासी 55 वर्षीय योगेंद्र राणा का बीलनी में टेंट हाउस था। स्थानीय लोगों के मुताबिक वह शराब पीने के आदि थे। सोमवार शाम में भी योगेंद्र राणा नशे की हालत में टेंट हाउस में बैठे थे। बताया जा रहा है कि प्यास लगने पर वह सड़क किनारे लगे सरकारी नल पर पानी पी रहे थे। इसी दौरान लड़खड़ाकर औंधे मुंह नाले में गिर गए। नशा ज्यादा होने के कारण योगेंद्र बाहर नहीं निकल पाए और उनकी मौत हो गई। पूरी रात उनका शव नाले में ही पड़ा रहा। मंगलवार सुबह जब लोग घरों से बाहर टहलने के लिए निकले तब उनकी नजर नाले पर पड़ी। जहां नाले में योगेंद्र राणा को मृत अवस्था में देख हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन शव घर ले गए तथा पुलिस को सूचना दिए बिना तिगरीधाम ले जाकर मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया।

# पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाला

## आठ ससुरालियों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दहेज कम मिलने पर पति ने पत्नी को तीन तलाक दे दिया। जबकि ससुर व देवर ने पीड़िता का जमकर उत्पीड़न किया। मामले में पति समेत आठ ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां पर रहने वाले एक किसान ने आठ फरवरी 2024 को अपनी बेटी की शादी जोया निवासी एक युवक के साथ की थी। हैसियत के मुताबिक दान-दहेज भी दिया था। विवाहिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग कम दहेज लाने के ताने देकर प्रताड़ित करते थे। विरोध करने मारपीट की जाती थी। मौका मिलने पर ससुर व देवर अक्सर छेड़छाड़ किया करते थे। जिसकी शिकायत करने पर पति आरोपियों से कुछ कहने के बदले उल्टा विवाहिता के साथ ही मारपीट करता था। इसी बीच चार जुलाई की सुबह आरोपियों ने विवाहिता को जान से मारने का प्रयास किया। पीड़िता ने मायके फोन किया तो उसका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। गनीमत रही कि कॉल मिल गई, आवाज सुनकर विवाहिता का भाई तुरंत पुलिस लेकर पहुंच गया। आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया। इसी दौरान पति ने तीन तलाक देकर रिश्ता खत्म कर लिया। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ डिडौली कोतवाली में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में पति समेत आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# करंट की चपेट में आकर छात्र की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कक्षा एक के छात्र की घर में खेलते समय करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। छात्र की मौत से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव भीमा सुल्तानपुर निवासी रामगोपाल का सात वर्षीय बेटा शिवा सोमवार की देर शाम घर पर खेल रहा था। इस दौरान वह खेलते समय घर पर कुट्टी मशीन पर लगी मोटर के नजदीक पहुंच गया। इस दौरान वह मोटर में उतरे करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। इस दौरान परिवार के सभी लोग खेत पर काम करने के लिए गये थे। इस दौरान जब परिवार के लोग खेत से घर पहुंचे तो देखा कि शिवा बेहोश पड़ा है। परिजन तुरंत छात्र को लेकर ढबारसी के निजी अस्पताल पहुंच गये। जहां चिकित्सकों ने उस मृत घोषित कर दिया। छात्र की मौत से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। मंगलवार की सुबह छात्र की मौत की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक छात्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक दो भाई बहनों में छोटा था। छात्र की मौत से मां शशि तथा बहन निधि का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

# मानव जीवन में पेड़ पौधों का विशेष महत्व: गोस्वामी

**ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में हुआ कार्यक्रम**



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ज्ञान भारती इंटर कॉलेज गजरौला द्वारा मंगलवार को श्एक पेड़ मां के नामश कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य पीजी गोस्वामी ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। कहा कि पेड़ पौधे हमारी धरा का श्रंगार हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रभाष कुमार ने वृक्षारोपण के महत्व के विषय पर विस्तार से स्वयंसेवकों को बताया साथ ही वैश्विक तपन की समस्या से छुटकारा पाने में पेड़-पौधों की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका है, चर्चा की। इस अवसर पर कविता शर्मा, इंद्रपाल सिंह, उमेश कुमार और मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता की कार में टक्कर मारने की कोशिश

**पुलिस ने कार चालक व उसके भाई को खूब फटकारा**



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। भाजपा के जिला महामंत्री व जिला पंचायत सदस्य पति कुंवरपाल सिंह खड़गवंशी की कार में दूसरी कार ने टक्कर मारने की कोशिश की। भाजपा नेता ने कार को रूकवा लिया, कार चालक व उसके समर्थन में आए उसके बड़े भाई ने कहा कि यहां पर उनका अड्डा चलता है। इस बात पर भाजपा नेता ने चालक व उसके समर्थक को खूब खरी खोटी सुनाई और पुलिस को तहरीर सौंपी। काफी देर तक यहां पर हंगामे की स्थिति बनी रही। भाजपा नेता के समर्थन में किसान नेता रिंकु सागर, भाजपा नेता अंकुर नागर आदि भी पहुंच गए। सोमवार की रात करीब साढ़े दस बजे कुंवरपाल खड़गवंशी कार से चौपला चौराहे के पास जा रहे थे कि तभी एक कार चालक ने उनकी गाड़ी में टक्कर मारने की कोशिश की। जिस पर भाजपा नेता ने उस चालक को पकड़ लिया और पुलिस चौकी ले आए। चालक ने अपने बड़े भाई को भी बुला लिया, चर्चा है कि चालक का भाई डग्गामारी कराता है। पुलिस ने चालक व उसके भाई को अड्डा चलने वाली बात सुनकर खूब फटकार लगाई। चौपला चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार ने भाजपा नेताओं को समझाकर शांत कराया। वहीं बाद में दोनों पक्षों में फैसला हो गया।

# डायवर्जन प्लान पर कड़ाई से करें अमल: एसपी

## डिडौली में सैनिक सम्मेलन का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। एसपी अमित कुमार आंनद ने मंगलवार को आरटीसी डिडौली कैम्पस में सैनिक सम्मेलन का आयोजन कर जनपद के पुलिस कर्मियों की व्यक्तिगत और विभागीय समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। वहीं, गोष्ठी में अपराध नियंत्रण पर जोर देते हुए कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए। कहा कि कांवड़ यात्रा के मद्देनजर ट्रैफिक डायवर्जन प्लान का कड़ाई से पालन कराया जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। शिविर संचालकों से वार्ता कर उनकी परेशानियों को दूर करने की बात कही। गोष्ठी के दौरान एसपी ने जिले में टॉप-10 अपराधियों व चिन्हित माफिया के खिलाफ की गई कार्यवाही की समीक्षा की। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण पर जोर दिया। शातिर अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, जिला बदर/गुंडा एक्ट व गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करने एवं अनावरण के लिए शेष अभियोगों की समीक्षा, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की निष्पक्ष समयबद्ध जांच का निर्देश दिया। अपराधिक इतिहास वाले शस्त्र लाईसेंस धारकों के शस्त्र निरस्तीकरण की कार्यवाही, इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, जुआ/सट्टा व मादक पदार्थों की बिक्री आदि संगठित अपराधों पर पूरी तरह रोक लगाने का निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिया। ऑपरेशन क्लीन, कन्विक्शन, त्रिनेत्र, मिशन शक्ति फेज-5 आदि अभियानों की समीक्षा कर जरुरी दिशा निर्देश दिये। इस दौरान एएसपी अखिलेश भदौरिया के साथ ही सभी सीओ, प्रभारी निरीक्षक, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी निरीक्षक एलआईयू आदि मौजूद रहे।

# चिपचिपाती गर्मी ने सभी को किया बेहाल

## कई दिन से पड़ रही गर्मी से नहीं मिल रही राहत

**बच्चों और बुर्जुगों में फैल रही बीमारियां**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। कई दिन से पड़ रही चिपचिपाती गर्मी ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। हर कोई इससे बुरी तरह परेशान है। सारा दिन लोग सूर्य की तपिश के कारण बेहाल है। उन्हें कही राहत नहीं मिल रही। बच्चों और बुर्जुगों को गर्मी में बीमारियों ने अपनी चपेट में ले लिया है। उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

लगातार गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। जिस दिन से जुलाई का माह शुरू हुआ है गर्मी ने सभी का बुरा हाल कर दिया है। पिछले दिनों दो बार अच्छी वर्षा होने से मौसम बदल गया था। लोगों को गर्मी से राहत मिली थी। लेकिन इसके बाद ऐसा लगता है कि इन्द्र देवता रूठ गये है। कई दिन से लगातार हल्की बूंदाबादी हो रही है। जिससे उमस बढ़ जाती है। दिन की शुरूआत से हर कोई गर्मी से बेहाल नजर आ रहा है। बच्चों, महिलाओं एवं बुर्जुगों का बुरा हाल है। कई-कई बार स्नान करने के बाद भी कोई राहत नहीं मिल रही। गर्मी के कारण लोगों में बीमारियां भी बढ़ने लगी है। उल्टी दस्त से लेकर अन्य बीमारियों से बच्चे ग्रस्त है। जिससे उनका स्वभाव भी चिड़चिड़ा हो रहा है। जिला अस्पताल से लेकर निजी डाक्टरों के यहां मरीजों की भरमार है। भोजन में जरा सी लापरवाही सेहत पर भारी पड़ रही है। बासी खाना इस समय लोगों को बीमार बना रहा है। गर्मी के कारण बाजारों में भी सन्नाटा छाया रहता है। दोपहर के समय दुकानदार हाथ पर हाथ रखे बैठे रहते है। सुबह व सांय के समय ही खरीदारी के लिये ग्राहक पहुंच रहे है। सभी का अनुमान है कि जब तक अच्छी बरसात नही होगी गर्मी से राहत मिलना मुश्किल है। प्रतिदन आसमान में छाने वाली काली घटनाएं लोगों को चिढ़ाकर चली जाती है। हर तरह गर्मी से हा-हाकार मचा है। पंखे गर्म हवा फेंक रहे है। जबकि मकान भी आग उगल रहे है। सभी की निगाहें अच्छी वर्षा पर टिकी है। इससे पहले गर्मी से राहत मिलनी मुश्किल है।

# कांच का प्रहार करके किन्नर को किया घायल

## किन्नरों में देर रात आपस में ही हुआ विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। नगर के मौहल्ला आजादनगर में किन्नरों के बीच विवाद हो गया। एक किन्नर ने कांच का प्रहार करके बाहर से आए हुए दो किन्नरों को घायल कर दिया। इनमें से एक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मुरादाबाद हॉयर सेंटर के लिये रेफर किया, हालांकि समाचार लिखे जाने तक पुलिस को इस मामले को लेकर कोई तहरीर नहीं मिली थी। बता दें कि किन्नर गुरू के यहां मेरठ व मुजफ्फरनगर के कुछ किन्नर आए थे। रात को करीब साढ़े दस बजे आपस में विवाद हो गया। आरोप है कि किन्नर गुरू ने कांच का प्रहार करके मुजफ्फरनगर के किन्नर आरती पर वार किए गए, जिससे उसका हाथ में गहरा घाव हो गया, वहीं एक दूसरे किन्नर को भी चोट आई। घायल के साथी ई-रिक्शा के माध्यम से सीएचसी पहुंचे, यहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मुरादाबाद के लिये रेफर किया। यहां से आंचल किन्नर घायल को उपचार के लिये मुरादाबाद ले गई। चिकित्साधीक्षक डॉ.योगेन्द्र सिंह ने बताया कि घायल किन्नर को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया, वहीं कस्बा चौकी इंचार्ज ने बताया कि कोई तहरीर नहीं मिली है।

### खेल विशेष

## अंतर्राष्ट्रीय अफगान अंपायर बिस्मिल्लाह जान शिनवारी का निधन



**काबुल, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय अंपायर बिस्मिल्लाह जान शिनवारी का निधन हो गया है जिससे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट समुदाय शोक में डूब गया है। आईसीसी के अंतर्राष्ट्रीय अंपायर पैनल के सदस्य, शिनवारी ने 25 वनडे और 21 टी-20 मैचों में अंपायरिंग की, उन्होंने दिसंबर 2017 में शारजाह में अफगानिस्तान और आयरलैंड के बीच एकदिवसीय मैच की देखरेख करते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। अफ़ग़ानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को अपनी श्रद्धांजलि पोस्ट की।''एसीबी के नेतृत्व, कर्मचारी और पूरा अफगानअटलान परिवार अफगानिस्तान के एलीट अंपायरिंग पैनल के सम्मानित सदस्य बिस्मिल्लाह जान शिनवारी के निधन से बहुत स्तब्ध और दुखी है। हम बहुत दुख के साथ शिनवारी के बीमारी के बाद निधन की खबर साझा कर रहे हैं। बिस्मिल्लाह जान अफगान क्रिकेट के महान सेवक थे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड उनके परिवार, दोस्तों और पूरे अफगान क्रिकेट बिरादरी के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना और गहरी सहानुभूति व्यक्त करता है। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने बिस्मिल्लाह के निधन पर शोक व्यक्त किया और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कह कि 'खेल में उनका योगदान बहुत बड़ा था और क्रिकेट समुदाय उन्हें बहुत याद करेगा। हम इस नुकसान से बहुत दुखी हैं और उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं।

# भारत को लॉर्ड्स में तेजी और उछाल से मात देने को बेताब इंग्लैंड



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने इस सप्ताह लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए तेज और उछाल भरी 'जीवंत पिच' की मांग की है। इस मैच में जोप्रफा आर्चर और गस ऐटकिंसन की वापसी हो सकती है। इसके साथ ही वे भारत से एजबस्टन में मिली 336 रन की बुरी हार से भी उबरना चाहते हैं।

इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि एजबस्टन में तैयार की गई 'उपमहाद्वीप जैसी' पिच और टॉस पर गेंदबा. जी चुनने का इंग्लैंड का फैसला भारत के पक्ष में गया। वे गुरुवार से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट में घरेलू हालात का बेहतर फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। वे अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव करने पर भी विचार कर रहे हैं क्योंकि इन गेंदबाजों को पिछले दो टेस्ट के दौरान मैदान पर काफी मेहनत करनी पड़ी है। पिछले महीने लॉर्ड्स में हुए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान तेज गेंदबाजों का दबदबा दिखा था, जहां पैट कमिंस और कैगिसो रबाडा को अच्छी सीम मूवमेंट मिली थी। मैकुलम ने भी ऐसी ही पिच की मांग की है, जिसमें थोड़ी रफ्तार, उछाल और मूवमेंट हो। उन्होंने कह कि यह मैच शानदार होगा, लेकिन अगर पिच में जान रही तो यह और भी जबरदस्त होगा। 2018 में लॉर्ड्स की हरियाली भरी पिच पर भारत बुरी तरह फंस गया था, लेकिन चार साल पहले टीम ने यहां पर एक रोमांचक टेस्ट मैच भी जीता था। भारत बर्मिंघम में आराम दिए गए जसप्रीत बुमराह की वापसी का इंतजार कर रहा है। वह भी एक अलग तरह की पिच की उम्मीद कर रहा है।

उनके कप्तान शुभमन गिल ने कह कि देखते हैं लॉर्ड्स में हमें कैसी पिच मिलती है। मेरा अंदाजा है कि यह सपाट नहीं होगी। आर्चर ने दूसरे टेस्ट से पहले इंग्लैंड के साथ अभ्यास किया था और पूरी तरह से गेंदबाजी भी की थी। वह पिछले महीने ससेक्स के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में लौटे और

● **ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि एजबेस्टन में तैयार की गई पिच और टॉस पर गेंदबाजी चुनने का इंग्लैंड का फैसला भारत के पक्ष में गया**

धीरे-धीरे अपना वर्कलोड बढ़ा रहे हैं। को. हनी और पीठ की चोटों के चलते वह फरवरी 2021 से टेस्ट क्रिकेट से बाहर हैं। मैकुलम ने इशारा दिया है कि वह वापसी कर सकते हैं। उन्होंने कह कि 'वह (आर्चर) चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। हमारे तेज गेंदबाज लगातार दो टेस्ट खेल चुके हैं और अब हमें मुख्य मैदान पर जाना है। हम इस मैच के बाद हम स्थिति का आकलन करेंगे। वहीं जोफ्रा फिट हैं, मज़बूत हैं, खेलने के लिए तैयार हैं और वह चयन के दायरे में होंगे। यह हमारे लिए एक उत्साहजनक खबर है। वह टीम के साथ रहकर काफी खुश हैं और उनका टीम के साथ होना शानदार है।

## भारतीय अंडर-15 कुश्ती टीमों का बिश्केक में शानदार प्रदर्शन

● **भारतीय दल ने 6 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य सहित 8 पदक जीते**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय अंडर-15 कुश्ती टीमों ने 4 से 7 जुलाई तक बिश्केक (किर्गिस्तान) में आयोजित 2025 अंडर-15 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला कुश्ती श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा की गई।

भारत ने फ्री स्टाइल कुश्ती में टीम चैंपियन का खिताब जीता भारतीय अंडर-15 फ्री स्टाइल कुश्ती टीम कुल 203 अंक हासिल करके टीम चैंपियन बनी, जबकि जापान 166 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। भारतीय दल ने 6 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य सहित 8 पदक जीते और प्रतियोगिता में अपना दबदबा बनाए रखा। फ्री स्टाइल में पदकों की होड़ की शुरुआत वंश अहलावत से हुई, जिन्होंने रोमांचक मुकाबले में अपने जापानी प्रतिद्वंद्वी को 9-8 के स्कोर से हराकर भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। उनकी जीत से प्रेरित होकर, टीम ने अनुकरणीय भावना दिखाई। आर्यन (44 किग्रा) ने तकनीकी श्रेष्ठता (16-6) से किर्गिज पहलवान को हराया प्रथमेश सूर्यकांत पाटिल ने अपने उज्बेक प्रतिद्वंद्वी को 7-4 से हराया। रोहित मान ने ताजिकिस्तान पर 10-0 की तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। सचिन (68 किग्रा) ने अपने उज्बेक प्रतिद्वंद्वी को हराकर जीत हासिल की। कार्तिक (85 किग्रा) ने कजाकिस्तान को 3-1 से हराकर जीत हासिल की। भारतीय महिला पहलवानों ने टीम उपविजेता का खिताब जीता। महिला कुश्ती टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए 202 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही, जो जापान से थोड़ा पीछे है।

# सूची में शीर्ष स्थान के करीब पहुंची दीप्ति



● **दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी-20 रैंकिंग में शीर्ष स्थान से आठ रेटिंग अंक दूर हैं**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा टी-20 क्रिकेट में नंबर 1 गेंदबाज बनने के करीब पहुंच गई हैं। वह आईसीसी महिला टी-20 खिलाड़ी रैंकिंग में शीर्ष स्थान से आठ रेटिंग अंक दूर हैं। दीप्ति पिछले छह वर्षों में अधिकांश समय टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में रही हैं, लेकिन 27 वर्षीय दीप्ति कभी भी शीर्ष स्थान पर नहीं रही हैं, जबकि हाल के दिनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। टी-20 रैंकिंग में नवीनतम अपडेट में दीप्ति ने एक स्थान की छलांग लगाई है और ऑस्ट्रेलिया की तेज गें. दबाज एनाबेल सदरलैंड को पछाड़कर रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया है। दाएं हाथ की यह गेंदबाज अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद पाकिस्तान की सादिया इकबाल से केवल आठ रेटिंग अंक पीछे है।

दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी-20 सीरीज के तीसरे मैच में तीन विकेट लेने के बाद अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। सीरीज के अंतिम दो मुक. ाबलों में कुछ बेहतरीन प्रदर्शन के साथ यह ऑफ स्पिनर अपनी पाकिस्तानी प्रतिद्वंद्वी से शीर्ष स्थान हासिल कर सकती है। टीम की साथी अरुंधति रेड्डी भी रैंकिंग में सुधार कर रही हैं। इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में सीरीज के सबसे हालिया मैच में तीन विकेट लेने के बाद इस तेज गेंदबाज ने 11 पायदान की छलांग लगाई है और टी-20 गेंदबाजों की सूची में 43वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

इंग्लैंड की कई गेंदबाजों ने भी लंदन के प्रतिष्ठित मैदान पर पांच रन से मिली जीत के बाद रैंकिंग में सुधार किया है। तेज गेंदबाज इस्सी वोंग (तीन पायदान ऊपर चढ़कर 57वें स्थान पर) और लॉरेन फाइलर (21 पायदान ऊपर चढ़कर 68वें स्थान पर) दो सबसे बड़ी छलांग लगाने वाली गेंदबाज हैं। वहीं तेज गें. दबाज लॉरेन बेल ने रैंकिंग में चौथा स्थान बरकरार रखा है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी मामूली बढ़त बनाए हुए हैं, हालांकि इंग्लैंड और भारत के खिलाड़ियों द्वारा अपनी मौजूदा श्रृंखला में कुछ बेहतरीन प्रदर्शन के बाद शीर्ष 10 के बाहर कुछ बदलाव हुए हैं।

भारत की डायनेमो जेमिमा रोड्रिग्स ब्रिस्टल में श्रृंखला के दूसरे मैच में अर्द्धशतक बनाने के बाद दो स्थान की बढ़त हासिल कर 12वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि सलामी बल्लेबाज डैनी वायट-हॉज और सोफिया डंकले ओवल में अपनी शानदार साझेदारी के बाद इंग्लैंड के दृष्टिकोण से बड़ी विजेता हैं। दोनों ने इंग्लैंड की जीत में मदद करने के लिए अच्छे समय में शुरुआती विकेट के लिए 137 रन जोड़े, जिसके परिणामस्वरूप वायट-हॉज टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीन स्थान के सुधार के साथ 14वें स्थान पर पहुंच गई।

डंकले चार स्थान की बढ़त के साथ उसी सूची में 26वें स्थान पर पहुंच गई। इंग्लैंड की प्रमुख स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन को भी कुछ लाभ हुआ है।

## जिम्बाब्वे खिलाड़ी पर आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगा जुर्माना

**बुलावायो, वार्ता।** जिम्बाब्वे के कुंडाई माटिगिमु को द. अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए दंडित किया गया। कुंडाई माटिगिमु पर बुलावायो में द. अफ्रीका के खिलाफ चल रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना द. अफ्रीका की पहली पारी के 72वें ओवर के दौरान हुई, जब माटिगिमु ने अपने फॉलो-थ्रू में एक गेंद को फील्ड किया और बल्लेबाज लुआन- डी प्रीटोरियस की ओर फेंका, जो काफी नजदीक से उनकी कलाई पर लगी। घटना के आधार पर, मैटिंगिमु को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-9 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया।

# भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में ब्रंट करेगी इंग्लैंड की कप्तानी

● **नैट सिवर ब्रंट दूसरे टी-20 में बल्लेबाजी के दौरान चोटिल हो गई थीं**

**लंदन, वार्ता।** ग्रोइन इंजरी से जूझ रहीं नैट सिवर-ब्रंट भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चयनित 15 सदस्यीय इंग्लैंड की टीम की अगुवाई करती दिखेंगी। नैट सिवर-ब्रंट दूसरे टी-20 में बल्लेबाजी के दौरान चोटिल हो गई थीं जिसके बाद शेष सीरीज के लिए टैमी बोमॉन्ट को टीम की कमान सौंपी गई थी।

हालांकि चयनकर्ताओं को उम्मीद है कि पहले वनडे से पहले सिवर-ब्रंट फिट हो जाएंगी। इंग्लैंड की वनडे टीम में सोफी एक्लस्टोन की भी वापसी हुई है जो कि सीजन की शुरुआत में चोट से रिकवरी के चलते वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं बन पाई थीं, एक्लस्टोन को सारा ग्लेन की जगह टीम में शामिल किया गया है। माइया बाउचर जिन्हें सिवर-ब्रंट के रिप्लेसमेंट के तौर पर टी-20 सीरीज़ के लिए बुलावा आया था, उन्हें भी वनडे टीम में शामिल किया गया है। लॉरेन फाइलर जिन्होंने शुक्रवार को स्मृति मंधाना और जेमिमाह रॉड्रिग्स के अहम विकेट चटकाते हुए इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका अदा की उन्हें जनवरी में हुए एशेज टूर के बाद पहली बार इंग्लैंड की वनडे टीम में शामिल किया गया है। टी-20 सीरीज में अब तक भारतीय टीम ने इंग्लैंड टीम को काफी परेशानी में डाला है। भारत पहले दो मैच जीतकर इस समय पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है। हालांकि द ओवल में खेले गए तीसरे मैच में नियमित कप्तान सिवर-ब्रंट की अनुपस्थिति में इंग्लैंड ने भारत को एक करीबी मुक़ाबले में शिकस्त दी। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी जिसका आग़ाज़ 16 जुलाई को साउथम्पटन में होगा। सीरीज का दूसरा मैच 19 जुलाई को लॉर्ड्स और जबकि अंतिम मैच 22 जुलाई को चेस्टर-ली-स्ट्रीट में खेला जाएगा।

**इंग्लैंड टीम:** नैट सिवर-ब्रंट (कप्तान), एम आरलट, टैमी, लॉरेन बेल, माइया बाउचर, एलिस कैप्सी, केट क्रॉस, एलिस डेविड्सन, चार्ली, सोफिया, सोफी, लॉरेन, एमी, एमा लैंब, लिंसी स्मिथ।

## सलमान अली आगा बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज में पाकिस्तान की अगुवाई करेंगे



**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह सीरीज इस महीने के आखिर में मीरपुर में खेली जाएगी। पूर्व मुख्य खिलाड़ी बाबर, रिजवान और शाहीन शाह टीम से बाहर रहने वाले उल्लेखनीय खिलाड़ियों में शामिल हैं। फहीम अशरफ और फखर टी-20 टीम में वापस आ गए हैं। अशरफ ने आखिरी बार 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 मैच खेला था, जबकि जमान ने इस प्रारूप में पिछली बार 2024 में हिस्सा लिया था। इस बीच, अहमद दानियाल ने पीएसएल 2025 में शानदार प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय टीम में पहली बार जगह बनाई है। तेज गेंदबाजों में, नसीम शाह और मोहम्मद वसीम जूनियर अभी भी अपनी-अपनी चोटों से उबर रहे हैं, जबकि हारिस रऊफ यूएसए में एमएलसी 2025 में खेलते समय चोटिल हो गए हैं।

**पाक टीम:** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, अहमद दानियाल, फहीम अशरफ, फखर, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल, अब्बास अफरीदी, हारिस, मोहम्मद नवाज, फरहान, अयूब, सलमान मिर्जा, सुफियान मोकिम।

# सिनर, स्वियाटेक और बेन शेल्टर विंबलडन के क्वार्टरफाइनल में

● **हाल के वर्षों में विंबलडन में सबसे आश्चर्यजनक बदलावों में से एक में, सिनर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे**

**लंदन, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त जानिक सिनर, नंबर एक महिला खिलाड़ी इगा स्वियाटेक और बेन शेल्टन ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर विम्बलडन टेनिस प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

हाल के वर्षों में विंबलडन में सबसे आश्चर्यजनक बदलावों में से एक में, सिनर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए, जब ग्रिगोर दिमित्रोव को दो सेट से आगे होने के बावजूद मैच के बीच में ही रिटायर होना पड़ा। यह ड्रामा पहले ही गेम में शुरू हो गया, जब शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर नियमित स्लाइड के दौरान फिसल गए और उनकी कोहनी में चोट लग गई। हालांकि उन्होंने खेलना जारी रखा, लेकिन उनकी खास सर्विस लय ने उनका साथ छोड़ दिया और मैच जल्दी ही दिमित्रोव के पक्ष में झुक गया। बुल्गारियाई खिलाड़ी ने बढ़त हासिल की, पहले दो सेटों में जीत हासिल की और 2014 के बाद से अपने पहले विंबलडन क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए तैयार दिखाई दिए। लेकिन जैसे ही दिमित्रोव एक प्रसिद्ध जीत के करीब पहुंचे, आपदा आ गई। तीसरे सेट में 2-2 की बराबरी पर, नंबर 19 सीड खिलाड़ी ने अचानक अपने दाहिने पेक्टोरल मसल को जकड़ लिया और दर्द से कराहते हुए घास पर गिर पड़ा। हालांकि उसने अभी-अभी सर्विस की थी, लेकिन वह लगभग रोने लगा था। उपचार का प्रयास किया गया, लेकिन यह स्पष्ट हो गया कि वह आगे नहीं खेल सकता। अपनी सर्विसिंग आर्म को मुश्किल से उठा पाने के कारण, दिमित्रोव को रिटायर होना पड़ा, ग्रैंड स्लैम में यह उसका लगातार पांचवां मध्य-मैच रिटायरमेंट था। मैच की शुरुआत बहुत ही जोश के साथ हुई थी, क्योंकि दिमित्रोव ने छह मिनट के शुरुआती गेम में सर्विस को बरकरार रखा। सिनर, जिनकी सर्विस पहले तीन राउंड में 36 सर्विस गेम तक बिना टूटे रही, ने तुरंत ही परेशानी के लक्षण दिखाए। दूसरे सेट की शुरुआत में, उन्होंने पहले आठ अंक गंवा दिए और 2-3 पर मेडिकल टाइमआउट की जरूरत पड़ी। एक दर्द निवारक और मालिश ने कुछ समय के लिए मदद की, लेकिन दिमित्रोव ने अपना दबदबा बनाए रखा।

## वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में अंकित ने 86 किलो भार-वर्ग में जीता रजत पदक

**सोनीपत, वार्ता।** ब्रिटेन के बर्मिंघम शहर में वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स का आयोजन किया गया जिसमें हरियाणा के सोनीपत के लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के अंकित दहिया ने 86 किलो भारवर्ग में खेलते हुए भारत के लिए रजत पदक जीता। बॉक्सिंग कोच रो. हतास कुमार ने बताया कि अंकित दहिया ने क्वार्टरफाइनल मुक़ाबले में कनाडा के टेलर बेयर्ड को 0-5 के स्कोर से हराकर अपने सेमीफाइनल मुक़ाबले में मैक्सिको के जेवियर अलेजांद्रो को 5-0 के स्कोर से हराकर रजत पदक जीतकर अपने देश व एकेडमी का नाम रोशन किया। अंकित दहिया ने इससे पहले लखनऊ में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में भी स्वर्ण पदक जीतकर अपनी एकेडमी का नाम रोशन किया हैं।

# मैं जोकोविच-अल्काराज को फाइनल में देखना पसंद करूंगा: विराट

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने कहा है कि वह नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज को विम्बलडन के फाइनल में देखना पसंद करेंगे और उन्हें उम्मीद है कि नोवाक यह मैच जीतेंगे।

विराट ने स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार विंबलडन 2025 के विशेषज्ञ, दिग्गज विजय अमृतराज से विशेष बातचीत की, जो 7 जुलाई को नोवाक जोकोविच और एलेक्स डी मिनौर के बीच मुकाबला देखने के लिए अनुष्का शर्मा के साथ मौजूद थे। कोहली ने हाल के वर्षों में विंबलडन खेलों में भाग लेने के अपने अनुभव और अपने वर्तमान पसंदीदा टेनिस खिलाड़ी के बारे में बताया। विराट कोहली ने अपने पसंदीदा पुरुष एकल खिलाड़ी के बारे में कह कि मैं पिछले कुछ समय से नोवाक



● **नोवाक निश्चित रूप से सभी समय के महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में चर्चा में है**

जोकोविच के संपर्क में हूं। हमने संदेशों का आदान-प्रदान किया है, और वह बहुत दयालु रहे हैं। मैं नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज को फाइनल में देखना पसंद करूंगा - और मुझे उम्मीद है कि नोवाक यह मैच जीतेंगे। पूर्व भारतीय टेस्ट कप्तान ने कहा कि यह उनके करियर के इस चरण में एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वह निश्चित रूप से सभी समय के महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में चर्चा में हैं। यदि महानतम नहीं हैं - सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम खिताब के साथ। वह वास्तव में अपनी कड़ी मेहनत के लिए इसके हकदार हैं। मुझे वास्तव में उम्मीद है कि वह फाइनल में कार्लोस से खेलेंगे और जीतेंगे। विराट कोहली ने विंबलडन में भाग लेने के अपने पहले अनुभव पर कहा कि यहां फिर से आना बहुत अच्छा लग रहा है। अनुष्का और मैं 2015 में आए थे। यह शानदार सेंटर कोर्ट में होने का हमारा पहला अनुभव था।

# युवा खिलाड़ियों से जुड़ने और उन्हें प्रोत्साहित करने की धोनी की क्षमता वाकई खास है: रोहित

**नई दिल्ली, वार्ता।** 7 शेड्स ऑफ एमएस धोनी' नामक नए शो में, जियोहॉटस्टार ने क्रिकेटरों और विशेषज्ञों, जैसे विराट कोहली, रोहित शर्मा, जोस बटलर, मैथ्यू हेडन, संजय मांजरेकर और आकाश चोपड़ा से दिल को छू लेने वाले किस्से और दुर्लभ जानकारियां साझा कीं। उन्होंने अपने अनुभव, अविस्मरणीय पल और खेल और अपने जीवन पर धोनी के स्थायी प्रभाव को साझा किया।

जियो हॉटस्टार के विशेष शो '7 शेड्स ऑफ एमएस धोनी' पर विशेष रूप से बोलते हुए, स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2019 के दौरान एमएस धोनी की शांत उपस्थिति और स्थायी नेतृत्व पर विचार किया। विराट ने कहा कि उनका सबसे बड़ा कौशल सबसे कठिन क्षणों में अपना संयम बनाए रखना है। यही कारण है कि वह इतने अच्छे हैं, क्योंकि वह दबाव में सही निर्णय लेने में सक्षम हैं। वह हमेशा शांत और संयमित रहते हैं और वह खुद को उस मानसिक स्थिति में आने देते हैं,



● **माही हमेशा शांत और संयमित रहते हैं और वह खुद को उस मानसिक स्थिति में आपने देते हैं, जहां वह महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं**

जहां वह सबसे महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। उनसे सीखने के लिए बहुत कुछ है। जब मैं भारतीय टीम में आया, तो वह मेरे कप्तान थे और वह हमेशा मेरे कप्तान रहेंगे। धोनी के स्थायी प्रभाव पर, भारत के बल्लेबाज रोहित शर्मा ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2021 के दौरान ड्रेसिंग रूम में एमएसडी की मौजूदगी के बारे में बात की। रोहित ने कहा कि मेरे अपने दृष्टिकोण से, 2007 में, मैंने वास्तव में उनके नेतृत्व में अपना विश्व कप डेब्यू किया था। तब से, हमारा सफर बहुत लंबा रहा और हमने साथ में बहुत क्रिकेट खेला। युवाओं से जुड़ने और उन्हें प्रोत्साहित करने की उनकी क्षमता, चाहे खेल की स्थिति हो या खिलाड़ी का प्रदर्शन, वास्तव में कुछ खास है। वह हमेशा एक खिलाड़ी के आसपास एक शांत माहौल बनाने की को. शिश करते हैं, ताकि वे असुरक्षित महसूस न करें। मेरा मानना है कि यह एक बेहद महत्वपूर्ण गुण है। इंग्लैंड के पूर्व व्हाइट-बॉल कप्तान जोस बटलर ने 2019 में विश्व कप के दौरान धोनी की जमकर तारीफ की बटलर ने कहा,ह्वएक साथी विकेटकीपर के रूप में, वह मेरे लिए एक आदर्श रहे हैं। मिस्टर कूल। मुझे हमेशा मैदान पर उनका व्यक्तित्व पसंद रहा है( जब वह बल्लेबाजी करते हैं तो वह बहुत शांत और नियंत्रण में दिखते हैं। स्टंप के पीछे उनके हाथ बिजली की तरह तेज हैं, और उन्हें खेल को गहराई तक ले जाना पसंद है।

# सम्पादकीय

बुधवार, 9 जुलाई 2025

## टैरिफ वॉर तेज

सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बांग्लादेश, जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया है। साथ ही समय सीमा में भी इजाफा किया। जैसाकि हम जानते हैं कि ट्रम्प ने टैरिफ को लेकर नौ जुलाई डेडलाइन बताई थी, जो अब एक अगस्त तक के लिए बढ़ा दी गई है। इन 14 देशों में भारत शामिल नहीं है। भारत की बातचीत बराबर चल रही है और ऐसी खबरें आ रही हैं कि अमेरिका व भारत ट्रेड डील करने के बेहद करीब पहुंच गए हैं, लेकिन यह भी कहा जा रहा है कि अगर एक अगस्त से पहले समझौता नहीं हुआ तो भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लागू हो सकता है।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भारत का रुख स्पष्ट करते हुए कहा है कि भारत राष्ट्रीय हितों को सबसे ऊपर रखेगा। मतलब साफ है कि भारत अपने हितों के अनुसार ही अमेरिका से व्यापारिक डील करेगा। अब तक अमेरिका ने सिर्फ ब्रिटेन और वियतनाम के साथ दो शुरुआती डील की हैं। अमेरिका ने म्यांमार पर 40 प्रतिशत टैरिफ लगाया है जो एक अगस्त से लागू होगा, जबकि जापान, साउथ कोरिया पर 25 प्रतिशत है। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि ट्रम्प टैरिफ को लेकर बेहद गंभीर हैं और किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। ब्रिक्स से जुड़े देशों को वह चेतावनी दे चुके हैं और कह चुके हैं कि अगर ब्रिक्स देशों ने अमेरिका के हितों को चोट पहुंचाई, तो वे उन पर अतिरिक्त टैरिफ लगाएंगे। मतलब साफ है कि ट्रम्प सारे हथकंडे अपना रहे हैं। उनका व्यवहार भी स्थिर नहीं है वह कब क्या कर दें कुछ नहीं कहा जा सकता। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की मेजबानी करते हुए जो पत्रकारों से बात की, वह उनके व्यवहार को बताने के लिए काफी है। उनका कहना था कि अमेरिका ने ब्रिटेन और चीन के साथ समझौता किया है। भारत के साथ वह व्यापार समझौते पर पहुंचने के करीब है, लेकिन यह कहते हुए वह दावा करने से नहीं चूके कि उनकी सरकार ने भारत-पाक के बीच बहुत बड़ी लड़ाई रुकवा दी थी। यह दावा पहले ही वह 14 से अधिक बार कर चुके हैं और यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मजे की बात यह है कि वह इस संघर्ष को रुकवाने में जिस धमकी का इस्तेमाल कर रहे हैं वह व्यापार की है। उनके अनुसार व्यापार ही वह शक्ति है जिसके बल पर उन्होंने भारत-पाक के बीच संघर्ष रुकवाया था। चीन ने भी ट्रम्प के रवैये की आलोचना की है, जिस तरह वह व्यापार को लेकर देशों से बात कर रहे हैं। चीन उससे नाखुश है। चीन का कहना है कि वह किसी भी प्रकार के टैरिफ और ट्रेड वॉर का विरोध करता है। टैरिफ लगाने के नाम पर धमकाना अथवा गैर जरूरी दबाव डालने का हर रास्ते पर विरोध करने की बात चीन ने कही है। अब देखना यह है कि डोनाल्ड ट्रम्प अपनी सोच को किस तरह आगे बढ़ाते हैं, लेकिन अब तक जो अमेरिकी राष्ट्रपति की जो छवि बनी है वह कोई विशेष उत्साह नहीं जगाती। उनके फैसलों से दुनिया में उथल पुथल ही अधिक मचती दिखाई दे रही है। सबसे बड़ी दिक्कत तो उनका व्यवहार है, जो किसी के समझ में नहीं आ रहा है। अब देखना है कि एक अगस्त के बाद किस तरह के समझौते सामने आते हैं।

### न्यायपालिका में कार्यपालिका का दखल नहीं होना चाहिए



डा.बीआर आंबेडकर ने संविधान सर्वोपरि की बात की थी, उनका मानना था कि न्यायपालि. का को कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त होना चाहिए, यानी न्यायपालिका में कार्यपालिका का दखल नहीं होना चाहिए, आंबेडकर ने कहा था कि हम सभी संविधान की सर्वोच्चता में विश्वास करते हैं, जो शांति और युद्ध के दौरान देश को एकजुट रखेगा, संविधान तीनों अंगों कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका को अधिकार देता है, न्यायपालिका को नागरिकों के अधिकारों के प्रहरी और संरक्षक के रूप में काम करना चाहिए, आंबेडकर ने यह भी कहा था कि संविधान स्थिर नहीं रह सकता, इसे जैविक होना चाहिए और निरंतर विकसित होना चाहिए।

-भूषण रामकृष्ण गवई, मुख्य न्यायाधीश

# ई डीएनए की मदद से हवा में बिखरे जीवन की पहचान

कल्पना कीजिए कि आप किसी जंगल या शहर की सड़क पर चल रहे हैं और आपको दूर-दूर तक किसी जीव या इंसान का नामोनिशान तक न दिखे, फिर भी वैज्ञानिक यह बता दें कि वहां से कौन-कौन से जीव गुजरे चुके हैं, कौन से वायरस मौजूद थे और यह भी बता दें कि वहां से गुजरने वाले लोग किस मूल के हैं और यदि यह कहा जाए कि यह कोई कोरी कल्पना नहीं, बल्कि हकीकत है तो? यह संभव हुआ है पर्यावरणीय डीएनए (ई-डीएनए) का विश्लेषण करने की एक नई तकनीक नैनोपोर सिक्वेंसिंग से। शोधकर्ताओं ने इसका इस्तेमाल किसी क्षेत्र में मौजूद जैव-विविधता की तस्वीर पेश करने में किया है।


गौरतलब है कि हर सजीव, चाहे वह इंसान हो, जानवर हों या वनस्पतियां, अपने आसपास के वातावरण में त्वचा की झिल्ली, लार, बाल या को. शिकाओं जैसे बहुत बारीक कण छोड़ते रहते हैं, जिनमें उनका डीएनए होता है। वैज्ञानिक इन कणों को मिट्टी, पानी या हवा से इकट्ठा कर यह पता लगा सकते हैं कि वहां कौन-कौन से जीव मौजूद हैं या थे। इस तरह प्राप्त डीएनए को पर्यावरणीय डीएनए या ई-डीएनए कहते हैं। पहले वैज्ञानिक मेटाबारकोडिंग नामक तकनीक से ई-डीएनए का अध्ययन करते थे। इससे यह पता चलता था कि किस तरह के जीव वहां थे, लेकिन यह तरीका धीमा, महंगा और सीमित जानकारी वाला था। फिर आई शॉटगन सिक्वेंसिंग तकनीक। इसमें किसी खास डीएनए को ढूंढने की बजाय नमूने के सम्पूर्ण डीएनए के छोटे-छोटे टुकड़ों का अनुक्रमण किया जाता है और उन्हें किसी पजल की तरह कंप्यूटर की मदद से जोड़कर पहचान की जाती है।

अब, एक नई तकनीक (नैनोपोर सिक्वेंसिंग) विकसित की गई है। इसकी मदद से वैज्ञानिक एक बार में डीएनए की लंबी श्रृंखला पढ़ सकते हैं। इससे नतीजे और भी सटीक मिलते हैं और तो और यह तकनीक न सिर्फ तेज और सस्ती है, बल्कि इतनी कॉम्पैक्ट है कि इसे लैपटॉप से जोड़ा जा सकता है। इस तकनीक को आजमाने के लिए वैज्ञानिकों ने अप्रैल 2023 में फ्लोरिडा के वॉशिंगटन ओक्स गार्डन्स स्टेट पार्क में हवा के नमूने इकट्ठा किए। उन नमूनों में डीएनए का विश्लेषण करके बताया कि वहां एक जंगली बिल्ली (बॉबकैट), एक जहरीला सांप, चमगादड़, मच्छर, एक पक्षी (ऑस्प्रे), और अफ्रीकी, यूरा. पीय और एशियाई मूल के इंसान मौजूद थे। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने वहां इनमें से कोई जीव नहीं देखा था।

इसी तरह का एक अध्ययन आयरलैंड की राजधानी डबलिन की हवा के नमूने लेकर भी किया गया। यहां वैज्ञानिकों को इंसानों की ज्यादा विविध जेनेटिक जानकारी मिली। उन्हें 221 प्रकार के इंसानी वायरस और बैक्टीरिया के डीएनए मिले जो फ्लोरिडा के मुकाबले 7 गुना अधिक थे। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह तकनीक जंगलों और शहरों में जैव विविधता की निगरानी करने में काफी उपयोगी है। इसके अलावा, बाहरी और संकटग्रस्त प्रजातियों पर नजर रखने, बीमारियां फैलाने वाले वायरस या बैक्टीरिया की पहचान करने और बिना संपर्क के इंसानी उपस्थिति तथा वंश का अध्ययन करने में भी मददगार होगी। इससे किसी भी जगह पर मौजूद जीवन की एक पूरी तस्वीर सिर्फ हवा के विश्लेषण से मिल सकती है, लेकिन इसके साथ एक चिंता भी है। यदि वैज्ञानिक हवा से इंसानी डीएनए पहचान सकते हैं, तो इसका इस्तेमाल किसी व्यक्ति पर नजर रखने के लिए भी किया जा सकता है। हालांकि अब तक के अध्ययनों में सिर्फ सामान्य वंश की जानकारी मिली है, किसी व्यक्ति विशेष की नहीं। लेकिन भविष्य में यह तकनीक इतनी विकसित हो सकती है कि व्यक्ति विशेष की जानकारी भी दे सके। कानून विशेषज्ञ नताली राम का कहना है कि सरकारें या निजी कंपनियां इस तकनीक का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर निगरानी के लिए कर सकती हैं। एक प्राइवेट कंपनी तो ऐसे छोटे ई-डीएनए स्कैनर बना रही है जो चुपचाप किसी कमरे में वायरस या इंसानी डीएनए की निगरानी कर सकता है।

हालांकि, यह तकनीक है तो बहुत रोमांचक, लेकिन अभी इस पर काफी काम किया जाना बाकी है। उदाहरण के तौर पर, वैज्ञानिकों को फ्लोरिडा के समुद्री पानी में काऊपॉक्स वायरस के डीएनए के अंश मिले हैं, जबकि वहां ऐसा वायरस पाया ही नहीं जाता है। इससे यह सवाल उठता है कि कहीं इतने छोटे डीएनए अंश झूठी या भ्रामक जानकारी तो नहीं दे रहे? वैज्ञानिकों को ऐसे नतीजों को बहुत सोच-समझकर देखना चाहिए, क्योंकि सिर्फ डीएनए का मौजूद होना यह नहीं साबित करता कि वह जीव वास्तव में वहीं है या वह सक्रिय है।

-स्रोत फीचर्स



## अमेरिकी बच्चों की सेहत पर 'महा' रिपोर्ट

मेक अमेरिका हेल्दी अगेन (महा - MAHA) आयोग ने हाल ही में अमरीकी बच्चों की सेहत को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में अमरीकी बच्चों में तेजी से बढ़ते जीर्ण रोगों पर चिंता व्यक्त की गई है। आयोग ने कहा है कि अमेरिका में बच्चों की सेहत पर सर्वाधिक असर अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खानपान, हवा, पानी व भोजन के जरिए रसायनों से संपर्क, सुस्त जीवन शैली, मोबाइल-लैपटॉप स्क्रीन पर बिताए गए समय और चिकित्सकीय हस्तक्षेप के अतिरेक का हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वास्थ्य सम्बंधी अधिकांश शोध फिलहाल कॉर्पोरेट प्रभाव में किया जा रहा है जिसे बदलने की जरूरत है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 2020 की आहार सम्बंधी सलाहकार समिति में 95 प्रतिशत सदस्यों के कॉर्पोरेट विश्व के साथ वित्तीय सम्बंध थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1970 के दशक के बाद बचपन में मोटापे की स्थिति में तीन गुना वृद्धि हुई है और आज साढ़े तीन लाख से ज्यादा बच्चे मधुमेह से पीड़ित हैं। तंत्रिका विकास सम्बंधी विकार बढ़ रहे हैं और हर 31 में से 1 बच्चा ऑटिज्म से प्रभावित है। वर्ष 2022 में हर 4 में से 1 किशोर लड़की में अवसाद की घटना हुई थी। आश्चर्यजनक खुलासा यह किया गया है कि फिलहाल किशोरों में मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण खुदकुशी है। रिपोर्ट बताती है कि एलर्जी, आत्म-प्रतिरक्षा रोग वगैरह भी तेजी से बढ़े हैं। और तो और, रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि कम से कम 40 प्रतिशत अमरीकी बच्चे किसी-न-किसी एक जीर्ण तकलीफ से ग्रस्त हैं। देखा जाए तो शायद रिपोर्ट के कई निष्कर्ष गलत नहीं हैं, लेकिन विशेषज्ञों ने इसे लेकर कई सवाल भी उठाए हैं। मजेदार बात यह है कि महा रिपोर्ट महज 3 माह में तैयार कर ली गई है और यही आलोचना का प्रमुख बिंदु बना है। कई विशेषज्ञों का मत है कि रिपोर्ट एआई (कृत्रिम बुद्धि) द्वारा तैयार करवाई गई है। इसे लेकर कई अन्य प्रमाण भी प्रस्तुत किए गए हैं। बहरहाल, रिपोर्ट को लेकर अन्य दिक्कतें भी सामने आई हैं। जैसे एक संस्था नॉटअस द्वारा विश्लेषण पर पता चला कि इसमें कई ऐसे अध्ययनों का हवाला दिया गया है जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं है। कई मामलों में शोधकर्ताओं के नाम गलत दिए गए हैं, पूरा संदर्भ नहीं दिया गया है। कई शोधकर्ताओं ने स्पष्ट किया है कि उनके जिस शोध पत्र का हवाला दिया गया है, वह अस्तित्व में ही नहीं है। कई मामलों में अध्ययनों के निष्कर्षों को गलत प्रस्तुत किया गया है। जैसे आईकान स्कूल ऑफ मेडिसिन की मरिआना फिगेरो के पर्चे को इस बात के प्रमाण के रूप में उद्धरित किया गया है कि स्क्रीन पर बिताया गया समय बच्चों की नींद में गड़बड़ी पैदा करता है, हालांकि यह अध्ययन कॉलेज के छात्रों पर किया गया था और इसमें नींद का मापन शामिल नहीं था। विशेषज्ञों का मत है कि ट्रम्प सरकार एक ओर तो विज्ञान में सर्वोच्च मानक स्थापित करने की बात कर रही है, वहीं ऐसे फर्जी संदर्भों, गलतबयानी वाली रिपोर्ट के आधार पर भविष्य की योजना बनाने की बात कर रही है।

**सोनमर्ग प्रकृति की गोद में बसा ऐसा पर्यटन स्थल है, जहां हर कदम पर सौंदर्य बिखरा है। चाहे आप रोमांच की तलाश में हों या शांति की, सोनमर्ग आपके हर सपने को साकार करता है। अगर आप वादियों के संगीत को सुनना चाहते हैं और स्वर्ग जैसी जगह का अनुभव करना चाहते हैं, तो सोनमर्ग आपके इंतजार में है।**

# सोनमर्ग जहां हर कदम पर बिखरा है सौंदर्य

जम्मू और कश्मीर राज्य के गंदरबल जिले में स्थित सोनमर्ग जिसका अर्थ है सोने की घाटी एक सुरम्य पर्यटन स्थल है, जो प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण और रोमांचक गति. विधियों का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। समुद्र तल से लगभग 2,800 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह जगह गर्मियों के मौसम में हरे-भरे घास के मैदानों और जाड़ों में बर्फीले चादरों से ढकी होती है।

**प्राकृतिक सौंदर्य की अद्भुत झलक**

सोनमर्ग चारों ओर से बर्फ से ढकी ऊंची-ऊंची चोटियों, देवदार और चीड़ के घने जंगलों तथा कलकल बहती नदियों से घिरा हुआ है। यहां की सबसे प्रसिद्ध नदी है सिंध नदी, जो बर्फीले ग्लेशियरों से निकलती है और यहां के जीवन को जीवन्त बनाती है।

**प्रमुख आकर्षण स्थल**

1. **ठाजीवास ग्लेशियर**- यह सोनमर्ग से लगभग 7 किलोमीटर दूर स्थित है और यहां का सबसे प्रमुख पर्यटन स्थल है। पर्यटक यहां घोड़ों पर सवारी करके जाते हैं और बर्फ में खेलते हैं। गर्मियों में भी यहां बर्फ देखने को मिलती है।
2. **जोजिला पास**- यह दर्रा नगर को लेह-लद्दाख से जोड़ता है। साहसिक पर्यटकों के लिए यह स्थान बेहद रोमांचक है। यह रास्ता ऊंचा, घुमावदार और रोमांच से भरपूर होता है।
3. **बालटाल**- यह अमरनाथ यात्रा का प्रमुख पड़ाव है। सोनमर्ग से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित यह



जगह अमरनाथ गुफा तक ट्रेकिंग के लिए जानी जाती है।

**रोमांच और गतिविधियां**

**ट्रेकिंग**- सोनमर्ग से कई खूबसूरत ट्रेक शुरू होते हैं, जैसे गंगाबल झील ट्रेक, किशनसर और विषनसर झील ट्रेक आदि।

**फिशिंग**- सिंध नदी ट्राउट मछली पकड़ने के लिए प्रसिद्ध है।

**कैम्पिंग**- घास के मैदानों में टेंट लगाकर रात बिताने का अनुभव बेहद खास होता है।

**प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग**

सोनमर्ग उन लोगों के लिए आदर्श स्थान है जो भीड़भाड़ से दूर, शांतिपूर्ण वातावरण में प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेना चाहते हैं। फूलों से ढके मैदान, नीले आसमान के नीचे बर्फ से चमकते पहाड़ और पंछियों की मधुर चहचहाहट यह सब किसी चित्रपटल जैसा लगता है।

**कैसे पहुंचें**- हवाई मार्ग- निकटतम हवाई अड्डा नगर (लगभग 80 किमी) है।

**सड़क मार्ग**- नगर से सोनमर्ग तक का सफर टैक्सी या बस से आसानी से किया जा सकता है। यात्रा के दौरान मनोहारी .श्य मन मोह लेते हैं।

**यात्रा का उपयुक्त समय**- मई से सितंबर तक का समय सोनमर्ग घूमने के लिए सबसे अच्छा होता है। सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण रास्ते बंद हो सकते हैं, पर बर्फ प्रेमियों के लिए यह भी एक अनोखा अनुभव हो सकता है।

सोनमर्ग प्रकृति की गोद में बसा ऐसा पर्यटन स्थल है, जहां हर कदम पर सौंदर्य बिखरा है। चाहे आप रोमांच की तलाश में हों या शांति की, सोनमर्ग आपके हर सपने को साकार करता है। अगर आप वादियों के संगीत को सुनना चाहते हैं, तो सोनमर्ग आपके इंतजार में है।

...साभार प्रभा

# गुरु जीवन रूपी अंधेरों को मिटाकर उजाला करते हैं



ललित गर्ग

भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है-ईश्वर से भी ऊंचा। गुरु न केवल ज्ञानदाता हैं, वे जीवन के वास्तुकार, जीवन-निर्माता एवं संस्कारदाता हैं। वे शिष्य को केवल अक्षरों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि आत्मा के स्वरूप से उसका परिचय कराते हुए उसका जीवन-निर्माण करते हैं। वे न केवल अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं, बल्कि जीवन की दुविधाओं, असमंजसों और भ्रमों को दूर कर उसे सार्थक दिशा देते हैं। ऐसे ही गुरु-तत्व के पूजन का पर्व है-गुरु पूर्णिमा, जो हर वर्ष आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को श्रद्धा और समर्पण से मनाया जाता है। हिन्दू धर्म की मान्यता के अनुसार इस दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं। वेदव्यास ने चारों वेदों का संकलन किया, पुराणों की रचना की और महाभारत जैसा अद्वितीय महाकाव्य रचा।



वे न केवल ज्ञान के स्रोत थे, बल्कि आत्मबोध के महामार्गदर्शक भी थे। गुरु पूर्णिमा सन्मार्ग एवं सत-मार्ग पर ले जाने वाले महापुरुषों के पूजन का पव है, जिन्होंने अपने त्याग, तपस्या, ज्ञान एवं साधना से न केवल व्यक्ति को बल्कि समाज, देश और दुनिया को भवसागर से पार उतारने की राह प्रदान की है। भारतीय लोकचेतना में सत्य की ओर गति कराने एवं जीवन को जीवंतता देने वाले गुरु को ईश्वर माना गया है। इसीलिए पर्वों, त्यौहारों और उत्सवों की श्रृंखला में गुरु पूर्णिमा का सर्वोपरि महत्व माना गया है। यह अध्यात्म-जगत विशेषत: सनातन धर्म का महत्वपूर्ण उत्सव है, इसे अध्यात्म जगत की बड़ी घटना के रूप में जाना जाता है। गुरु एक नाम नहीं, एक स्थिति है। वे केवल शरीरधारी व्यक्ति नहीं, एक दिव्य ऊर्जा हैं, जो हमारे भीतर शक्ति, ज्ञान एवं संस्कार को जागृत करती है। कबीरदास ने कहा-गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पाए? यह केवल काव्यात्मक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि भारतीय आध्यात्मिक चेतना की वह आधारशिला है, जिस पर जीवन की संपूर्ण संरचना टिकी है। गुरु वही है जो मैं को गलाकर तू में मिला दे, जो अहंकार को मिटाकर आत्मा को उभार दे। यह केवल पूजा का दिन नहीं, आत्म-प्रेरणा का दिवस हैय गुरु के प्रति कृतज्ञता, मार्गदर्शन और जीवन को नया मोड़ देने वाले उस आधारस्तंभ को नमन करने का दिन है। गुरु पूर्णिमा का पर्व विशेष रूप से सनातन धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म एवं भारतीय ज्ञान परंपरा में अत्यंत पूज्यनीय है। भारत की मनीषा में गुरु केवल धार्मिक या शैक्षणिक संस्था के सदस्य नहीं हैं, बल्कि वे एक आध्यात्मिक बीज हैं, जो शिष्य के अंतर्मन में चेतना का वृक्ष बनकर प्रस्फुटित होते हैं। गुरु-शिष्य का संबंध केवल औपचारिक नहीं, आत्मिक होता है। शिष्य का अर्थ ही है-जो शीघ्र ग्रहण करे, जो समर्पित हो और गुरु का अर्थ है-गु यानी अंधकार और रु यानी प्रकाश-जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाए। प्राचीन गुरुकुल परंपरा में यह संबंध अत्यंत पवित्र और जीवनपर्यंत टिकने वाला होता था। शिष्य केवल विद्या ही नहीं, गुरु के जीवन से भी सीखता था।

चरित्र, संयम, श्रद्धा, विनम्रता और सेवा जैसे गुण गुरु के व्यक्तित्व से शिष्य के भीतर स्वत: उतरते थे। महावीर ने गौतम गणधर को, बुद्ध ने आनंद को, नानक ने अंगद को, कृष्ण ने संदीपनि को और फिर स्वयं अर्जुन को शिष्यत्व प्रदान किया। राम ने गुरु वशिष्ठ और विश्वामित्र से जीवन की मर्यादा सीखी, वहीं कृष्ण ने अर्जुन को युद्धभूमि में कर्मयोग का उपदेश देकर जगतगुरु का दर्जा पाया। ये उदाहरण दिखाते हैं कि सच्चा गुरु केवल ज्ञान नहीं देता-वह जीवन का दृष्टिकोण बदल देता है। आज भौतिकतावादी युग में गुरु के प्रति आस्था में गिरावट आई है। शिक्षा संस्थान सूचना का प्रसार कर रहे हैं, लेकिन जीवन मूल्यों का संचार नहीं कर पा रहे। विद्यार्थियों को डिग्रियां तो मिल रही हैं, पर दिशा नहीं। ज्ञान है, पर विवेक नहींय विज्ञान है, पर आत्मा नहींय बुद्धि है, पर करुणा नहीं। इसका मूल कारण है-जीवन में सच्चे गुरु का अभाव। आज ट्यूटर हैं, टीचर हैं, प्रोफेसर हैं-पर गुरु नदारद हैं। ऐसे में गुरु पूर्णिमा हमें याद दिलाती है कि केवल पढ़ना-पढ़ाना पर्याप्त नहीं है, जीवन जीने की कला सिखाने वाला गुरु चाहिए। गुरु जीवन की धारा को नया मोड़ देते हैं। जैसे नदी जब किसी घाट से गुजरती है, तो उसका स्वरूप बदलता है, वैसे ही गुरु का सान्निध्य शिष्य के भीतर नई चेतना, नई दृष्टि और नया जीवन का संचार करता है। वे हितचिंतक, मार्गदर्शक, विकास प्रेरक एवं विघ्नविनाशक होते हैं। उनका जीवन शिष्य के लिए आदर्श बनता है। उनकी सीख जीवन का उद्देश्य बनती है। अनुभवी आचार्यों ने भी गुरु की महत्ता का प्रतिपादन करते हुए लिखा है-गुरु यानी वह अर्हता जो अंधकार में दीप, समुद्र में द्वीप, मरुस्थल में वृक्ष और हिमखण्डों के बीच अग्नि की उपमा को सार्थकता प्रदान कर सके। गुरु केवल उपदेश नहीं देता, वह जीता है। उसकी हर बात, हर चुप्पी, हर दृष्टि, हर मौन एक शिक्षा होती है।

उसका जीवन एक ग्रंथ होता है, जिसकी हर बात शिष्य के जीवन में अमिट छाप छोड़ती है। शास्त्रों में कहा गया है-गुरु बिना गति नहीं, गुरु बिना ज्ञान नहीं, गुरु बिना मोक्ष नहीं। गुरु ही शिष्य के अंतर्मन में आत्मा की चिंगारी प्रज्वलित करता है। आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती है-सच्चे गुरु की पहचान। आज ऐसे कई कथित गुरु हैं जो अपने अनुयायियों की संख्या, चमत्कारों और धन-संपत्ति के आधार पर महान कहलाते हैं। वे गुरु नहीं, व्यापारी हैं-जो मोक्ष, आत्मज्ञान, कुण्डलिनी जागरण, रोग निवारण और चमत्कारों के नाम पर लोगों की भावनाओं का दोहन कर रहे हैं। इनसे सावधान रहने की आवश्यकता है। ऐसे अज्ञानी, धन-लोलुप और पाखंडी लोगों ने गुरु परंपरा की छवि को धूमिल किया है। सही कहा गया है-पानी पीजै छान के, गुरु कीजै जान के। सच्चा गुरु न विज्ञापन करता है, न दिखावा। वह न चमत्कार दिखाता है, न भीड़ जुटाता है। वह मौन से शिक्षा देता है, दृष्टि से दिशा देता है और आशीर्वाद से शांति देता है। उसका सान्निध्य ही साधना है, उसकी चरण-वंदना ही ऊर्जा है। गुरु पूर्णिमा हमें स्मरण कराती है कि चातुर्मास काल में जब ईश्वर निद्रा में होते हैं तब गुरु ही हमें मार्ग दिखाते हैं। वे हमारे दु:खों का हरण करते हैं, मोह का निवारण करते हैं और जीवन को नई दृष्टि देते हैं। गुरु का सच्चा सम्मान केवल उनकी मूर्ति पर फूल चढ़ाना नहीं है, बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलना है। उनके उपदेशों को आत्मसात करना, अपने जीवन में विनम्रता, सेवा, संयम और समर्पण जैसे गुणों को विकसित करना ही सच्ची गुरु-पूजा है। तुलसीदासजी ने हनुमान चालीसा में लिखा है-जय जय जय हनुमान गोसाईं, कृपा करहु गुरुदेव की नाईं। जिनके पास कोई गुरु न हो, वे हनुमानजी को गुरु बना सकते हैं-क्योंकि गुरुत्व एक चेतना है, एक भावना है, एक समर्पण है। पश्चिमी देशों में गुरु का कोई महत्व नहीं है, वहां विज्ञान और विज्ञापन का महत्व है परन्तु भारत में सदियों से गुरु का महत्व रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अफगान मुद्दे पर भारत ने बनाई दूरी

## संयुक्त राष्ट्र में अफगानिस्तान पर प्रस्ताव के मतदान से अलग रहा भारत

**संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान में महिलाओं की दशा और आंतकवाद की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र में एक प्रस्ताव पर मतदान से खुद को अलग रखते हुए कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को यह सुनिश्चित करने का समन्वित प्रयास करना चाहिए ताकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से घोषित आतंकवादी संगठन और व्यक्ति अपनी करतूतों के लिए अफगान क्षेत्र का दुरुपयोग न कर सकें।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि, राजदूत पी हरीश ने प्रस्ताव पर अपने वक्तव्य में 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले की अफगानिस्तान के तालिबान शासकों की ओर से गई कड़ी निंदा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत एक स्थिर, शांतिपूर्ण और समृद्ध अफगानिस्तान के निर्माण के प्रयासों में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। हरीश ने यह कहते हुए कि केवल दंडात्मक कार्रवाई से अफगानिस्तान की स्थिति में सुधार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इसी दृष्टिकोण से 'भारत ने इस प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहने का फैसला किया है।



**भारत एक स्थिर, शांतिपूर्ण और समृद्ध अफगानिस्तान के निर्माण के प्रयासों में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है**

**केवल दंडात्मक कार्रवाई से अफगानिस्तान की स्थिति में सुधार नहीं होगाः पी हरीश**

उन्होंने दोहराया कि सभी संबंधित हितधारकों के साथ निरंतर जुड़ाव और एक स्थिर, शांतिपूर्ण और समृद्ध अफगानिस्तान की दिशा में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की। भारत के राजदूत ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को यह सुनिश्चित करने के लिए अपने समन्वित प्रयास इस तरह से करने चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से घोषित संस्थायें और व्यक्ति, अलकायदा और उनके सहयोगी, आईएसआईएल और उनके सहयोगी, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद शामिल हैं, अब आतंकवादी गतिविधियों के लिए अफ़गानिस्तान की भूमि का दुरुपयोग न करें। इन समूहों में उनके क्षेत्रीय प्रायोजक भी शामिल हैं, जो उनके संचालन में सहायता करते हैं। उन्होंने अफ़गानिस्तान के लोगों के साथ भारत के ऐतिहासिक संबंधों और उनकी मानवीय और विकास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने की स्थाई प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि भारत सभी प्रासंगिक हितधारकों के साथ निरंतर जुड़ाव के लिए प्रतिबद्ध है और एक स्थिर, शांतिपूर्ण एवं समृद्ध अफ़गानिस्तान की दिशा में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों का व्यापक रूप से समर्थन करता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सोमवार को अमेरिका की आपत्तियों पर एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें अफ़गानिस्तान के तालिबान शासकों से महिलाओं और लड़कियों के उत्पीड़न को वापस लेने और सभी आतंकवादी संगठनों को खत्म करने का आह्वान किया गया। ग्यारह पृष्ठ के प्रस्ताव के पक्ष में 116 मत पड़े और भारत, रूस, चीन और ईरान सहित 12 लोगों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। प्रस्ताव जर्मनी की ओर से प्रायोजित था।



जम्मू। पंजीकरण केंद्र के बाहर पंजीकरण के लिए प्रतीक्षा कर रहे अमरनाथ जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए भोजन तैयार करते हुए।

## ब्रासीलिया पहुंचे पीएम मोदी का शिव तांडव के साथ हुआ स्वागत

**ब्रासीलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों के 8 दिवसीय विदेश यात्रा पर हैं। पीएम मोदी मंगलवार को रियो डी जनेरियो से ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे। यहां पर उनका स्वागत शिव तांडव स्तोत्र और भारतीय शास्त्रीय नृत्य से किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे 'यादगार स्वागत' बताया और प्रवासियों की अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी आज ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। ब्रासीलिया पहुंचे पीएम मोदी का एयरपोर्ट पर ब्राजील के रक्षा मंत्री जोस मुसियो मोंटेइरो फिल्हो ने स्वागत किया। यह उनकी पांच देशों की यात्रा का चौथा चरण है। पीएम मोदी के होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत 'भारत माता की जय' के नारों के साथ किया। इसी दौरान पीएम के स्वागत में संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

## केन्या के विरोध प्रदर्शनों में 10 लोगों की मौत, 28 घायल

**नैरोबी।** केन्या में प्रदर्शन के दौरान सोमवार को सुरक्षा अधिकारियों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में कम से कम 10 लोगों की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि अन्य 29 घायल हो गए। इस घटना में देशभर में अशांति फैल गई है।

एक सरकारी मानवाधिकार संस्था ने यह जानकारी दी है। केन्या राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (केएनसीएचआर) ने देश के 17 काउंटियों में 37 लोगों की गिरफ्तारी के बारे में जानकारी दी है। केएनसीएचआर ने कहा कि लूटपाट और नुकसान के मद्देजर प्रमुख शहरों में व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। छह काउंटियों में लूटपाट की घटनाएं दर्ज की गई है जबकि मध्य केन्या में संदिग्ध आपराधिक तत्वों द्वारा कुछ सरकारी कार्यालयों में आगजनी

**इस घटना में देशभर में अशांति फैल गई है**

की घटनाएं सामने आई हैं। मानवाधिकार संस्था ने एक बयान में कहा कि केएनसीएचआर ने पाया है कि पुलिस उच्च न्यायालय के उस आदेश की लगातार अवहेलना कर रही है, जिसमें कहा गया है कि प्रदर्शनों को रोकने वाले सभी अधिकारी वर्दी में रहें और हर समय पहचाने जाने योग्य बने रहें। पुलिस ने देश के प्रमुख सड़कों और प्रवेश बिंदुओं पर बड़े पैमाने पर पुलिस अवरोधक लगाए गए थे, जिससे लोगों की आवाजाही बुरी तरह बाधित हुई, जबकि सरकार ने 06 जुलाई को निर्देश जारी कर सभी सार्वजनिक कर्मचारियों को बिना किसी बहाने के काम पर आने को कहा था।

# इजरायल-अमेरिका की और बढ़ी नजदीकियां

## इजरायल ने नोबेल के शांति पुरस्कार के लिए ट्रम्प को किया नामित

**वाशिंगटन।** इजरायल सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। अमेरिका के दौरे पर पहुंचे इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए योग्य उम्मीदवार बताते हुए कहा कि उनको (ट्रम्प) पुरस्कार मिलना चाहिए।

नेतन्याहू ने ट्रम्प को वह पत्र भी सौंप दिया है, जिसे उनकी सरकार की ओर से नोबेल पुरस्कार समिति को भेजा गया है। इस पत्र में ट्रंप की ओर से शांति प्रयासों को बताते हुए उनको नोबेल शांति पुरस्कार देने की सिफारिश की गई है। उन्होंने ट्रम्प से कहा कि आपको यह (शांति का नोबेल) मिलना चाहिए। आप इस सम्मान के लिए पूरी तरह से योग्य हैं। गौरतलब है कि इस साल जनवरी में ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद नेतन्याहू की अमेरिका की यह तीसरी यात्रा है। नेतन्याहू की इस यात्रा का मकसद गाजा में संघर्ष विराम पर चर्चा करना है। नेतन्याहू ने अब्राहम समझौते जैसे शांति समझौतों की मध्यस्थता में ट्रंप की भूमिका की प्रशंसा की, जिसका उद्देश्य इजरायल और विभिन्न अरब देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाना है। इसके साथ ही उन्होंने अन्य वैश्विक संघर्षों में शांति बनाए रखने में अमेरिकी राष्ट्रपति के प्रयासों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प आप एक के बाद एक देश और एक क्षेत्र में शांति स्थापित कर रहे हैं।

इसलिए, मैं आपको नोबेल पुरस्कार समिति को भेजा गया पत्र दिखाना चाहता हूँ। इसमें आपको शांति पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है, जिसके आप हकदार हैं। गौरतलब है कि इससे पहले पाकिस्तान भी अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल का शांति पुरस्कार देने की गुजारिश कर चुका है।

### इजरायल को अमेरिका से और हथियारों की खेप मिलने की उम्मीद

**यरूशलेम/वाशिंगटन।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है उन्हें उम्मीद है कि देश को भविष्य में अमेरिका से और हथियारों की खेप मिलेगी। नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ वाशिंगटन में सोमवार को रात्रिभोज के बाद कहा कि देश को भविष्य में पेंटागन से और हथियारों की खेप मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कम से कम कुछ समय के लिए ईरान आक्रामकता नहीं दोहराएगा लेकिन उनका देश ऐसी स्थिति के लिए तैयार है। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट में कहा गया कि दोनों नेताओं ने पिछले महीने ईरान के परमाणु ठिकानों पर इजरायल और अमेरिकी हमलों की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान एक बड़ी सफलता थी। उन्होंने हालांकि इस संभावना को स्वीकार किया कि अगर ईरान शांति बनाए रखना नहीं चाहता है तो शत्रुता फिर से शुरू हो सकती है।

## टेक्सास में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 87 हुई

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सास में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 87 हो गई है और कई अन्य लोग अभी भी लापता हैं।

स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। कैंप मिस्टिक ने सोमवार को केर काउंटी में ग्वाडालूप नदी के किनारे 99 साल पुराना ईसाई ग्रीष्मकालीन शिविर के शरणार्थियों और परामर्शदाताओं के निधन पर शोक व्यक्त किया। गौरतलब है कि भारी बारिश के कारण चार और पांच जुलाई को मध्य टेक्सास में अचानक बाढ़ आई। केर काउंटी के शेरिफ लैरी लीथा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कल सुबह तक शिविर की दस बालिकाओं और एक परामर्शदाता का पता नहीं चल पाया। उन्होंने कहा कि कल सुबह तक केर काउंटी में बाढ़ में 48 वयस्कों और 27 बच्चों की मौत की पुष्टि हुई थी, जिनमें से कई की पहचान की जानी बाकी है। मध्य टेक्सास में चार अन्य काउंटियों में 12 लोगों के मरने की रिपोर्ट सामने आई है, जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं।




# सर्बिया में सैकड़ों जंगलों में लगी आग, गर्मी के कारण राष्ट्रीय आपातकाल लागू

**बेलग्रेड।** सर्बिया में भीषण गर्मी और तेज़ हवाओं के कारण जंगलों में लगी तेजी से बढ़ रही है, जिसके कारण कई क्षेत्रों में आपातकाल की स्थिति घोषित की गई है और आग पर काबू पाने के लिए सैन्य बलों को तैनात किया गया है। सर्बिया के गृह मंत्रालय ने रविवार को बताया कि पिछले 24 घंटों में आग लगने की 200 से अधिक घटनाएं सामने आई हैं और इसके कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम 14 अन्य लोग जख्मी हुए हैं।

दक्षिणी नगरपालिका कुर्सुमलिजा और पूर्व में बोर में आपातकाल की स्थिति घोषित की गई है। सर्बियाई सशस्त्र बल हेलीकॉप्टर पानी के टैंकरों और विशेष उपकरणों का उपयोग करके आग पर काबू पाने के काम में जुट गए हैं। स्थानीय अधिकारियों, अग्निशामकों और स्वयंसेवकों के साथ काम करते हुए वे दक्षिणी सर्बिया में कई जगहों पर आग पर काबू पाने में कामयाब रहे हैं, हालांकि कई हॉटस्पॉट अभी भी सक्रिय हैं। बोर एक ऐसा शहर है जो अपने खनन उद्योग के लिए जाना जाता है, क्रिवेलज बस्ती के पास 100 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में जंगल की आग जल रही है। चीनी संचालित ज़िजिन माइनिग सहित स्थानीय कंपनियों द्वारा समर्थित आपातकालीन दल चुनौतीपूर्ण, हवादार परिस्थितियों में आग की लपटों से जूझ रहे हैं। बोर झील के पास और आस-पास के ग्रामीण इलाकों में भी आग लगी है। मध्य सर्बिया में सोमवार को गोर्नजी मिलनोवाक के आसपास आग के 12 घटनाएं सामने आयीं, जिससे कृषि संरचनाओं और वाहनों को नुकसान पहुंचा। क्रागुजेवैक, प्रोकुप्लजे, वलजेवो और निस जैसे शहरों में भी आग लगने की खबरें आई, जिससे घर, खेत और जंगल प्रभावित हुए। सर्बिया के उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री इविका डेसिक ने कहा कि रविवार को जंगल में आग लगने की 197 घटनाएं दर्ज की गईं। उन्होंने पुलिस, बचाव इकाइयों, हेलिकॉप्टरों और स्वयंसेवकों की भागीदारी को देखते हुए कहा कि सभी उपलब्ध संसाधन लगे हुए हैं। सरकार ने नागरिकों से खुली लपटों से बचने और किसी भी आग की सूचना तुरंत देने का आग्रह किया है।



**सर्बियाई सशस्त्र बल हेलीकॉप्टर पानी के टैंकरों और विशेष उपकरणों से आग पर काबू पाने में जुटे**







